শৰ্মা হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581



E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 280 | गुवाहाटी | सोमवार, 8 मई, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526



बोको हाइवे पर दो सड़क हादसों में चार लोगों की मौत — पेज 3

हमारी सरकार ना मुस्लिम आरक्षण देगी और न ही लिंगायत आरक्षण को कम... — पेज 4

अलीगढ़ के तालों का सही इस्तेमाल कर दंगों पर लगाया ताला : योगी — पेज 5

सीएम गहलोत ने असंतुष्ट विधायकों पर साधा निशाना — पेज 8


## चुराचांदपुर : तीन घंटे कर्फ्यू में ढील, सेना का फ्लैग मार्च

### 23 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

**इंफाल ( हि.स. )।** मणिपुर में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सेना और असम राइफल्स के लगातार प्रयासों के बाद रविवार को चुराचांदपुर में सुबह 7 बजे से 3 घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई। सेना ने इंफाल घाटी के भीतर हवाई निगरानी को बढ़ाने, यूएवी से निगरानी और सेना के हेलीकॉप्टरों को फिर से तैनात किया है। सेना और असम राइफल्स इस इलाके से नागरिकों को बाहर निकालने, हिंसा को नियंत्रित करने और स्वाभाविक स्थिति बहाल करने के लिए 96 घंटे से लगातार प्रयास कर रही हैं। इसी वजह से क्षेत्र में अब तक हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं हुई है। इस बीच आज सुबह 7 बजे से 3 घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई और सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च किया है। मणिपुर में 3 मई को हुई हिंसा के बाद राज्य में अप्रिय और अस्थिर माहौल बना हुआ था। घटना के तुरंत बाद राज्य सरकार ने राज्य पुलिस की मुस्तैदी से स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए, लेकिन पिछले 24 घंटों में सेना ने निगरानी प्रयासों को काफी बढ़ा दिया है। फिलहाल सेना ने इंफाल घाटी के भीतर हवाई निगरानी को बढ़ाने, यूएवी से निगरानी और सेना के हेलीकॉप्टरों को फिर से तैनात किया है। सेना ने आज बताया है कि अब तक कुल 23 हजार लोगों को अस्थिर वाले इलाकों से निकालकर उन्हें ऑपरेटिंग बेस/सैन्य गैरीसन में स्थानांतरित किया गया है। राज्य में स्थिति सामान्य है, इसके बावजूद -शेष पृष्ठ दो पर



## मणिपुर में फंसे त्रिपुरा के कई छात्र सीएम ने दिया सुरक्षा का आश्वासन

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने 6 मई को हिंसा प्रभावित मणिपुर में फंसे छात्रों के माता-पिता से मुलाकात की। साथ ही मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से फोन पर उनकी बातचीत कराई और बच्चों की सुरक्षा के बारे में सभी को आश्वासन दिया। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, साहा को अपने समकक्ष -शेष पृष्ठ दो पर

## असम-अरुणाचल सीमा पर रंगा रिजर्व फॉरेस्ट में स्थिति तनावपूर्ण



**लखीमपुर।** असम सरकार और लखीमपुर जिला प्रशासन के उदासीन रवैये का फायदा उठाते हुए अरुणाचल प्रदेश के आक्रामक लोगों द्वारा लखीमपुर जिले के असम-अरुणाचल सीमा क्षेत्र में स्थित रंगा रिजर्व फॉरेस्ट में तबाही जारी है। यहां तक कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा और उनके अरुणाचल समकक्ष पेमा खांडू के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) भी असम पर अतिक्रमण के संबंध में अरुणाचली लोगों के आक्रामक रवैये का विरोध नहीं कर सकता है। जिले के नोबोइचा राजस्व सर्किल के तहत रंगा आरक्षित वन के तहत भूमि। बल्कि एमओयू पर हस्ताक्षर होने के बाद से वे इस सिलसिले में और आक्रामक हो गए हैं। इस तरह की आक्रामकता के तहत, पड़ोसी राज्य के लोगों के एक वर्ग ने शनिवार को -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगे : शशि थरूर



**नई दिल्ली।** मणिपुर में हिंसा के बाद हालात चिंताजनक हैं। स्थिति को काबू में करने के लिए हजारों सैनिकों की तैनाती की गई है। राज्य की मौजूदा हालातों को देखते हुए कांग्रेस नेता शशि थरूर ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यहां स्थिति आउट ऑफ कंट्रोल हो रही है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि यहां के वोटरों को उन्होंने केवल ठगा है। थरूर ने कहा कि यहां के मतदाताओं के भाजपा ने विश्वासघात किया है। इसके अलावा कुछ नहीं किया। चुनाव के दरमियान वोटरों को लुभाने के लिए जो वादा किया गया था, -शेष पृष्ठ दो पर

## विहिप करेगी कल हनुमान चालीसा का पाठ



**नई दिल्ली।** कर्नाटक चुनाव घोषणा पत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात कहना कांग्रेस के लिए भारी पड़ रहा है। कांग्रेस की इस घोषणा का शुरू हुआ विरोध अब भी जारी है और विश्व हिंदू परिषद (विहिप) इसे देश के दूसरे राज्यों तक ले जाने की तैयारी कर रहा है। संगठन ने घोषणा की है कि वह आगामी मंगलवार (नौ मई) को देश के सभी मंदिरों और प्रमुख स्थानों पर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ का आयोजन करेगी। इसके जरिए वह कांग्रेस के बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने और उसकी पीएफआई जैसे आतंकी संगठन से तुलना करने के निर्णय का विरोध करेगी और उसे *सद्बुद्धि* आने की प्रार्थना करेगी। विहिप के महामंत्री मिलिंद परांडे ने रविवार को एक संदेश जारी करते हुए कहा है कि कांग्रेस नेताओं को यह समझना चाहिए कि बजरंग दल -शेष पृष्ठ दो पर


পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344


**सुप्रभात**

*विद्या को चोर भी नहीं चुरा सकता।*

– आचार्य चाणक्य

## न्यूज गैलरी

### अश्लील वीडियो को लेकर व्यक्ति ने की आत्महत्या

**जोरहाट।** असम के जोरहाट जिले के एक 72 वर्षीय व्यक्ति ने एक गुप्त रूप से शूट किया गया अश्लील वीडियो सामने आने के बाद आत्महत्या कर ली। खबर है कि युवा लड़की के साथ अंतरंग स्थिति वाला यह वीडियो पोर्न वेबसाइट्स पर अपलोड कर दिया गया था। कॉलेज की छात्रा के साथ मृतक व्यक्ति का अश्लील वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। मृतक व्यक्ति के परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया है कि जोरहाट जिले के पुलिबोर थाना क्षेत्र के ढेकेलिया गांव की 22 वर्षीय लड़की ने उसी गांव के बुजुर्ग अविवाहित व्यक्ति को अपने -शेष पृष्ठ दो पर

### मवेशी ले जा रहे ट्रक ड्राइवर को बीएसएफ जवानों ने मारी गोली

**शिलांग।** मेघालय में एक ट्रक ड्राइवर को बीएसएफ जवानों द्वारा गोली मारने का मामला सामने आया है। गोली लगने से ट्रक ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। विवाद के बाद बीएसएफ ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। आरोप है कि ट्रक ड्राइवर को पाइंट ब्लैंक से गोली मारी गई। वहीं जवानों का कहना है कि अगर वह गोली नहीं चलाते तो ट्रक उन्हें कुचल देता। -शेष पृष्ठ दो पर

## सत्तारूढ़ एनपीपी में पीडीएफ का विलय



**शिलांग।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट (पीडीएफ), अपने दो विधायकों के साथ, मेघालय में सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पार्टी में विलय हो गया है। इसी के साथ, 60 सदस्यीय राज्य विधानसभा में सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों की कुल संख्या बढ़कर 28 हो गई है। दोनों पार्टियों का विलय 10 मई को शिलांग में होने वाले उपचुनाव से ठीक पहले हुआ है। पीडीएफ अध्यक्ष गाविन मिलिएम और कार्यकारी अध्यक्ष बांतेइदोर लिंगडो के नेतृत्व में पार्टी के सभी पदाधिकारी शनिवार की शाम सत्तारूढ़ एनपीपी में शामिल हो गए। लिंगडो ने कहा कि मुख्यमंत्री और एनपीपी -शेष पृष्ठ दो पर

## राहुल गांधी की गारंटी कौन लेगा : हिमंत विश्व शर्मा

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टियां अपने रैलियों के दौरान जनता को रिझाने में लगे हुए हैं। वहीं सत्तारूढ़ भाजपा एक बार फिर राज्य में सरकार बनाने के लिए जमकर कांग्रेस को अपने निशाने पर ले रही है। जहां बेलगावी में अपनी रैली के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर बजरंगबलि और सावरकर का अपमान करने का आरोप लगाया था, तो अब असम के मुख्यमंत्री मंगलुरु में जनता को संबोधित करते हुए राहुल गांधी पर जमकर बरसे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सर्मा कर्नाटक के मंगलुरु -शेष पृष्ठ दो पर



## एनआरसी-यूसीसी समाज को विभाजित करने वाले : चिदंबरम

**नई दिल्ली।** बजरंग दल विवाद के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम भाजपा पर पलटवार किया। उन्होंने रविवार को कहा कि कर्नाटक चुनाव से संबंधित कांग्रेस के घोषणा पत्र में यह नहीं कहा गया है कि राज्य में उनकी सरकार बनने से संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा, लेकिन नफरत फैलाने वाली सभी संगठनों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने का वादा किया गया है। भाजपा द्वारा किए जा रहे आलोचना के बाद पी चिदंबरम ने पलटवार करते हुए बजरंगदल की तुलना बजरंगबली से किए जाने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने विश्वास जताया है कि कर्नाटक की जनता सोच विचार कर अपने नेता का चयन करेगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और कर्नाटक के भविष्य को बचाने के लिए हमें मिलकर भाजपा को राज्य में जीतने से रोकना होगा। राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के कार्यान्वयन और एनआरसी लागू करने पर भाजपा के वादे के बारे में सवाल किए -शेष पृष्ठ दो पर



## निकाय चुनाव महिलाओं का आरक्षण खत्म करने पर विचार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने बताया कि शहरी निकाय चुनावों में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देने से रोकने के लिए नगरपालिका अधिनियम को निरस्त करने के नगालैंड के फैसले की वैधता पर चर्चा की प्रक्रिया जारी है। केंद्र ने इस मामले में अपना रुख स्पष्ट करने के लिए अदालत से 15 दिन का समय मांगा। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से इस मामले में जवाब मांगा था। जस्टिस एसके कौल और जस्टिस अरविंद कुमार की -शेष पृष्ठ दो पर

## प्रेस इंडेक्स में देश की गिरती संख्या देखकर हैरान हूं : जयशंकर



**मैसूर।** भारत में प्रेस सबसे बेकाबू है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को प्रेस इंडेक्स पर भारत की कम रैंकिंग के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में यह बात कही। मोदी सरकार की विदेश नीति पर एक सत्र के दौरान जयशंकर ने कहा कि मैं हमारी संख्या देखकर हैरान हूं। मुझे लगा कि हमारे पास सबसे बेकाबू प्रेस है और मौलिक रूप से कुछ गलत हो रहा है। अफगानिस्तान के साथ भारत की रैंक की तुलना करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि अफगानिस्तान हमसे पहले से स्वतंत्र था। क्या आप कल्पना कर सकते हैं? ये सब कहते वक्त मेरा मतलब लोकतंत्र सूचकांक, स्वतंत्रता सूचकांक, धार्मिक स्वतंत्रता सूचकांक और प्रेस सूचकांक को देखता हूं। इसी बीच जयशंकर ने प्रेस इंडेक्स -शेष पृष्ठ दो पर

## एलओसी पर टेरिटोरियल आर्मी की महिला अधिकारियों की तैनाती

**नई दिल्ली।** नियंत्रण रेखा यानी एलओसी पर अब सेना महिलाओं की रक्षा पंक्ति खड़ी करेगी। ये महिलाएं अब सेना की टेरिटोरियल आर्मी (टीए) का हिस्सा होंगी। रक्षा मंत्री ने दी फैसले को हरी झंडी दिखा दी है। उन्होंने बड़ा कदम उठाते हुए नियंत्रण रेखा पर टेरिटोरियल आर्मी की महिला अधिकारियों की तैनाती को मंजूरी दे दी है। बताया गया है कि ये टेरिटोरियल आर्मी की महिलाएं अब यूनिट्स और नियुक्तियों की एक वाइडर रेंज में अपने पुरुष समकक्षों के समान शर्तों के तहत सेवा और प्रशिक्षण देंगी। टेरिटोरियल आर्मी ने 2019 से इकोलॉजिकल टास्क फोर्स यूनिट्स, टीए ऑयल सेक्टर यूनिट्स और टीए रेलवे इंजीनियर रेजिमेंट में महिला अधिकारियों की कमीशनिंग शुरू की थी। इस अवधि के दौरान मिले अनुभव के आधार पर टीए में महिला अधिकारियों के लिए और अधिक रोजगार का दायरा बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। टेरिटोरियल आर्मी नियमित भारतीय सेना के बाद रक्षा की दूसरी पंक्ति है। यह कोई पेशा, व्यवसाय या रोजगार का सोर्स नहीं है। यह केवल उन लोगों के लिए है जो पहले से ही मुख्य सिविलियन प्रोफेशन में हैं। वास्तव में टेरिटोरियल आर्मी में शामिल होने के लिए -शेष पृष्ठ दो पर



## मुरादाबाद में सड़क हादसा, 10 की मौत

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद स्थित भगतपुर थाना क्षेत्र में अलीगंज-दलपतपुर मार्ग पर रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे खैरखाता गांव के पास दूसरे वाहन को ओवरटेक करने के चक्कर में सामने से आ रहे टाटा मैजिक में कैंटर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में टाटा मैजिक के चालक समेत 10 लोगों की मौत हो गई जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में जान गंवाने वाली दो सगे बहनें भी हैं। हादसे के बाद दोनों वाहन सड़क किनारे खाई में पलट गए। हादसे के समय टाटा मैजिक सवार भोजपुर के कोरवाकू गांव से रामपुर के खेमपुर में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भोजपुर के कोरवाकू निवासी डॉ. इसरार की बुआ मैसर जहां रामपुर के खेमपुर गांव में रहती हैं। रविवार को मैसर जहां की बेटी सायदा -शेष पृष्ठ दो पर

## शाही परिवार भारत की संप्रभुता के खिलाफ : पीएम



**नई दिल्ली।** कर्नाटक में चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी ने मैसुरु में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहा कि जब भारत का डिफेंस सेक्टर मजबूत होना शुरू हुआ तो कर्नाटक में एशिया की सबसे बड़ी हेलीकॉप्टर बनाने की फैक्ट्री लगी। जब भारत दुनिया में स्टार्टअप का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम बना तो कर्नाटक स्टार्टअप का कैपिटल बना। जब भारत में रेलवे का काम कई गुना तेज हुआ तो कर्नाटक में रेलवे का काम तेज हुआ। 2014 से पहले कर्नाटक में प्रतिवर्ष औसतन सिर्फ 7 किमी रेल लाइन का -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# 2024 की गणतंत्र दिवस परेड में सिर्फ महिलाएं होंगी शामिल

## बैंड से लेकर झांकियों में भी दिखेगी महिला शक्ति

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्तव्य पथ पर होने वाले आधिकारिक समारोह में मार्च करने वाली टुकड़ी और बैंड दस्ते में शामिल सभी प्रतिभागी महिलाएं हो सकती हैं और अधिकारी इस तरह के प्रस्ताव पर काम कर रहे हैं। रक्षा सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। रक्षा सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने मार्च में 2024 परेड की योजना पर तीनों सेनाओं, विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को एक कार्यालय ज्ञापन भेजा है। सूत्रों ने कहा कि ज्ञापन में इस तरह के प्रस्ताव पर विचार किए जाने का उल्लेख किया गया है और कहा गया है कि फरवरी की शुरुआत में रक्षा सचिव की अध्यक्षता में एक *डी-ब्रीफिंग बैठक* आयोजित की गई थी। ज्ञापन में कहा गया है कि विचार-विमर्श के बाद, यह निर्णय किया गया कि अगले साल गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में शामिल टुकड़ियों (मार्चिंग और बैंड), झांकी और अन्य प्रदर्शनों में केवल महिला प्रतिभागी होंगी। पिछले कुछ वर्षों में कर्तव्य पथ पर होने वाली वार्षिक परेड में महिला अधिकारियों ने हिस्सा लिया है। इसमें सेना की टुकड़ी की अगुवाई करने वाली महिला अधिकारी शामिल हैं। भारत ने इस वर्ष 26 जनवरी को आयोजित 74वें गणतंत्र दिवस परेड के दौरान अपनी सैन्य ताकत और जीवंत सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया, जिसमें *नारी शक्ति* एक प्रमुख विषय रहा था।



# मणिपुर हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट में दो अलग-अलग याचिकाएं



**नई दिल्र्ली ( हिंस )।** मैतई समुदाय को एसटी कैटेगरी में रखने का निर्देश देने के मणिपुर हाई कोर्ट के फैसले के बाद मणिपुर में भड़की हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की गई हैं। एक याचिका भाजपा विधायक डिंगांगलुंग गंगमेई और दूसरी याचिका मणिपुर ट्राईबल फोरम ने दायर की है। भाजपा विधायक गंगमेई की ओर से दायर याचिका में मणिपुर हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि हाई कोर्ट के फैसले के बाद पूरे मणिपुर में अशांति हो गई है। इसकी वजह से करीब 19 लोगों की मौत हो गई। राज्य के कई इलाकों में हिंसा फैल गई है और अधिकांश हिस्सों में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। इससे लोगों को जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हाई कोर्ट ने 19 अप्रैल को राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वो मैतई समुदाय को एसटी वर्ग में शामिल करने पर विचार करे। गंगमेई की याचिका में कहा गया है कि किसी जाति को एसटी कैटेगरी में शामिल करने का अधिकार राज्य सरकार के पास है न कि हाई कोर्ट के पास। याचिका में कहा गया है कि मैतई समुदाय जनजाति नहीं है बल्कि वो एक संपन्न समुदाय है। वो एससी या ओबीसी में भले आ सकते हैं लेकिन एसटी में नहीं। वहीं, मणिपुर ट्राइबल फोरम की ओर से दाखिल दूसरी याचिका में मांग की गई है कि सीआरपीएफ कैंपों में भागकर गए मणिपुर के आदिवासी समुदाय के लोगों को वहां से निकाला जाए और उन्हें उनके घरों में सुरक्षित पहुंचाया जाए। याचिका में आरोप लगाया गया है कि आदिवासी समुदाय पर हमले के पीछे भाजपा का पूरा समर्थन है, जो राज्य और केंद्र में सत्ता में है। याचिका में कहा गया है कि राज्य की पुलिस भी दबंग समुदाय के पक्ष में काम कर रही है और लोगों की मौत पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। फोरम की याचिका में मांग की गई है कि राज्य में हुई हिंसा की जांच असम के पूर्व डीजीपी हरेकृष्ण डेका के नेतृत्व में गठित एसआईटी करे। इस एसआईटी के काम की मॉनिटरिंग मेघालय राज्य मानवाधिकार आयोग के पूर्व चेयरमैन जस्टिस तिनलियानथांग वैफेई करें ताकि आदिवासियों पर हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो सके।

## शराब की दुकान में चोरी

**धेमाजी ( हिंस )।** धेमाजी जिला के गोगामुख इलाके में अंग्रेजी शराब की एक दुकान में चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि गोगामुख के संगीता वाइन शॉप नामक दुकान में चोरों ने घुसकर लगभग दो लाख रुपए नगद समेत अंग्रेजी शराब चुरा कर फरार हो गए। जिस समय चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया उस समय गोगामुख असम जातीयतवादी युवा छात्र परिषद का बिहू का कार्यक्रम चल रहा था। गोगामुख थाने से महज 300 मीटर दूरी पर हुई चोरी की घटना को लेकर लोग पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठा रहे हैं। घटना के संबंध में अंग्रेजी शराब की दुकान के मालिक द्वारा गोगामुख थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

## हैलाकांदी में सड़क हादसा बाइक सवार दो लोगों की मौत

**हैलाकांदी ( हिंस )।** हैलाकांदी जिला के लालाछड़ा में बाइक और एक्सकेवेटर (जेसीबी) की आमने-सामने की टक्कर में दो बाइक सवारों की मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान क्रमशः शम्सुद्दीन चौधुरी और जियाब उद्दीन लश्कर के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों ने आज (रविवार) बताया है कि बीती देर रात को दोनों बाइक सवार हैलाकांदी होते हुए कृष्णापुर जा रहे थे। लालाछड़ा में बाइक और एक्सकेवेटर में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही लाला पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों मृतकों को हैलाकांदी एसके रॉय सिविल अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने एक्सकेवेटर (एएस-11डीसी-5691) और बाइक (एएस-11यू-6832) को भी जब्त कर लिया। साथ ही इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। हादसे के बाद एक्सकेवेटर का ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

## जंतर मंतर में खाप पंचायतों ने पहलवानों के समर्थन में लगाई हुंकार

दिल्ली के जंतर मंतर पर देश के पदक विजेता पहलवान कई दिनों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धरने पर है। रविवार को उनके समर्थन में बड़ी संख्या में किसान भी जंतर मंतर पर पहुंचे थे। सभी ने मिलकर बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर कार्रवाई की मांग की है। इसी बीच किसानों, खाप पंचायतों और प्रदर्शनकारी पहलवानों ने सरकार के अल्टिमेटम दे दिया है। दरअसल खापों, पहलवानों और किसान संघों की आज (रविवार) बैठक में हमने सिंह के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए 10 दिन का समय दिया है। इस दौरान अगर सरकार की ओर से बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया जाता है तो सभी फिर से मिलेंगे और विरोध को बड़े पैमाने पर करेंगे। सूत्रों के अनुसार किसान संघों और खाप पंचायतों का पहलवानों को पूरी तरह से प्राप्त है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहलवानों के समर्थन में खटकड़ टोल प्लाजा समिति एवं खेड़ा खाप और किसान संगठनों से जुड़े लोग राष्ट्रीय राजधानी रवाना हुए। किसानों और खाप सदस्यों ने भारतीय कुश्ती संघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह को पद से बर्खास्त करने की मांग की। साथ ही यहां के एक गुरुद्वारे में ठहरा पंजाब की महिलाओं का जत्था भी बसों से दिल्ली के लिए रवाना हुआ। सरकार द्वारा पहलवानों के धरने की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। दिल्ली रवाना होने से पूर्व खेड़ा खाप के प्रधान सतबीर पहलवान ने कहा कि पहलवान देश की शान हैं, जिन्होंने खेलों के माध्यम से देश की पहचान विश्व में बनाई है और वही पहलवान आज धरने पर बैठे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार प्रदर्शनकारी खिलाड़ियों की बात सुनने की बजाय बृजभूषण को बचा रही है और उन्हें अब तक पद से नहीं हटाया गया है। सतबीर ने कहा कि जब तक खिलाड़ियों को इंसाफ नहीं मिल जाता, तब तक किसान व खापें उनके साथ डटी रहेंगी। बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक सहित कई शीर्ष पहलवान 23 अप्रैल से दिल्ली के जंतर-मंतर पर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और एक नाबालिग सहित सात पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोप में उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने 28 अप्रैल को एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों के आधार पर सिंह के खिलाफ दो प्राथमिकियां दर्ज की थीं। राष्ट्रीय महिला संगठनों ने पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह और हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह की तत्काल गिरफ्तारी के लिए राष्ट्रव्यापी विरोध-प्रदर्शन करने का संयुक्त आह्वान किया है। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एआईडीडब्ल्यूए), भारतीय राष्ट्रीय महिला फेडरेशन (एनएफआईडब्ल्यू), अखिल भारतीय महिला सांस्कृतिक संगठन (एआईएमएसएस) और अखिल भारतीय अग्रगामी महिला संगठन (एआईएमएस) ने एक बयान जारी कर प्रदर्शनकारी पहलवानों के साथ एकजुटता व्यक्त की। बयान में कहा गया कि

# पृष्ठ एक का शेष

### चुराचांदपुर : तीन घंटे ...

अभी भी ऐहतियात के तौर पर इंटरनेट सेवा बंद है। संवेदनशील इलाकों में कर्फ्यू लागू है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने राज्य की स्थिति को सामान्य बनाने के लिए ऑल पार्टी मीटिंग की है। राज्यपाल ने भी लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। इस बीच, मणिपुर सरकार के अनुरोध पर केंद्र सरकार ने आईएएस विनीत जोशी को मणिपुर वापस भेज दिया है।

### मणिपुर में फंसे त्रिपुरा ...

के साथ टेलीफोन पर बातचीत करते देखा गया। इस दौरान उन्होंने सीएम बीरेन सिंह से संबंधित माता-पिता से बातचीत करने और उन्हें अपने बच्चों की सुरक्षा का आश्वासन देने का आग्रह किया। एक बयान में कहा गया कि मणिपुर में पढ़ रहे त्रिपुरा के छात्रों की मदद के लिए ईमानदारी से प्रयास जारी है। त्रिपुरा के छात्रों के समन्वय और वापस लाने के लिए त्रिपुरा सरकार द्वारा एक विशेष टीम मणिपुर भेजी गई है। उन्हें जल्द से जल्द विमान से वापस लाने के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई है। इससे पहले दिन में मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड कोंगकल सांग्मा ने भी अधिकारियों के साथ बैठक की और मणिपुर से छात्रों को सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया का ब्योरा मांगा। सांग्मा ने जानकारी साझा करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया और लिखा कि मणिपुर में मेघालय से छात्रों को निकालने की प्रक्रिया की स्थिति की जांच करने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की। राज्य से हमारे छात्रों की घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए टीम चौबीसों घंटे काम कर रही है। 5 मई को असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार उनके छात्रों के साथ लगातार संपर्क में है और मौका मिलते ही उन्हें वापस लाएगी।

### मणिपुर में राष्ट्रपति...

क्या वो होता दिख रहा है? मणिपुर में हिंसा के बाद से अब तक करीब 55 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा कई लोग घायल हैं। मणिपुर में हिंसा प्रभावित इलाकों से करीब 13 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। उनके लिए सारी व्यवस्था की गई है। सुरक्षा बलों की कई कंपनियां राज्य में पहले से ही मौजूद थी। वहीं केंद्र सरकार ने स्थिति को कंट्रोल करने के लिए सुरक्षा बलों की 20 और कंपनियां भेजीं। धीरे-धीरे स्थिति कंट्रोल होती दिख रही है। चुराचांदपुर से कर्फ्यू हटा दिया गया है। यहां 3 घंटे के लिए ढील दी गई है। यहीं तीन मई को यहां हिंसा भड़की थी, जब ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर ने चुराचांदपुर के तोरबंग में आदिवासी एकता मार्च निकाला था। इसके बाद ट्राइबल और नॉन ट्राइबल में हिंसा शुरू हो गई है। हिंसा की लपटें इतनी तेज थी, जो आज तक सुलग रही है। हालांकि, बहुत हद तक हालात पर काबू पाया जा चुका है।

### असम-अरुणाचल सीमा ...

उक्त आरक्षित वन में कुल 400 कंक्रीट चौकियों को गिरा दिया। क्षतिपूर्ति वनीकरण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (सीएएमपीए) के तहत कार्यान्वित एक वृक्षारोपण परियोजना की सुरक्षा के लिए बाड़ लगाने के लिए रंगा आरक्षित वन के मेथॉन चापोरी में इन चौकियों को स्थापित किया गया था। यहां तक कि वहां पहुंचे प्रशासनिक कर्मियों ने असम के वन अधिकारियों को वहां काम बंद करने का आदेश दिया। इसके परिणामस्वरूप, परियोजना का कार्यान्वयन बंद हो गया। आक्रामक लोगों ने दावा किया कि जमीन, जो असम के नक्शे में है, अरुणाचल प्रदेश की है। इसके विपरीत, अरुणाचल प्रदेश की आक्रामकता के जवाब में लखीमपुर जिला प्रशासन और असम सरकार ने चमत्कारिक रूप से चुप्पी साध रखी है।

### सत्तारूढ़ एनपीपी में ...

अध्यक्ष कोनराड के सांग्मा से असम के साथ सीमा विवाद सुलझाने और खासी भाषा को आठवीं अनुसूची में स्थान दिलाने का प्रयास करने का आश्वासन मिलने के बाद पीडीएफ ने एनपीपी में विलय कर लिया है। उन्होंने कहा कि अन्य मुद्दों में एक कृषि नीति का निर्माण, एक रोजगार सृजन नीति का कार्यान्वयन, पारदर्शी और प्रभावी भर्ती नीति, मेघालय लघु खनिज रियायत नियम 2016 की समीक्षा, 2028 तक बिजली की उपलब्धता में सुधार और हवाई संपर्क और राज्य में दवा के खतरे को हल करना शामिल है। सांग्मा ने एनपीपी में पीडीएफ नेताओं और समर्थकों का स्वागत करते हुए कहा कि विलय से एनपीपी मजबूत होगी। मैं आप सभी के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं। एनपीपी प्रमुख ने पीडीएफ कार्यकर्ताओं और नेताओं को आश्वासन दिया कि वे विलय दस्तावेज में उल्लिखित बिंदुओं को हासिल करने के लिए मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हम एक ही पृष्ठ पर हैं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हम दस्तावेज में उल्लिखित सभी बिंदुओं को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करेंगे। सीएम ने घोषणा की कि विलय के बाद पार्टी को सभी स्तरों पर पुनर्गठित करने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि हम सोहरा और मावकिनरू दोनों विधानसभा क्षेत्रों की ब्लॉक समितियों का तुरंत पुनर्गठन करेंगे।

### राहुल गांधी की गारंटी ...

में रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अपना निशाना साधा है। उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी कर्नाटक के लोगों की गारंटी दे रहे हैं, लेकिन उनकी गारंटी कौन लेगा? शर्मा ने कहा की अमेठी के लोग अभी भी सोच रहे हैं कि कैसे उन्होंने लगभग पूरे इतिहास में एक परिवार को चुना, और वो एक बार हारे और वहां से निकल गए। अब वे पिछले पांच साल से अमेठी नहीं गए हैं। उन्होंने जनता से पूछा- क्या आप उस व्यक्ति की गारंटी ले सकते हैं जो अपनी गारंटी नहीं ले सकता है। हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी को नागरिक और एक इंसान बनाने में सोनिया गांधी को अकेले 20 साल लग गए और अब ये व्यक्ति आकर कर्नाटक के लोगों की गारंटी दे रहा है। वह एक जगह कुछ और बोलता है तो वहीं दूसरी जगह जाकर कुछ और। हालांकि, उनकी मां (सोनिया गांधी) भी उन्हें लेकर अब चिंतित रहती है। बता दें कि कर्नाटक में 10 मई को विधानसभा चुनाव होने वाला है और 13 मई को परिणाम जारी किया जाएगा।

### एनआरसी-यूसीसी समाज...

जाने पर उन्होंने कहा कि ये कुछ ऐसे मुद्दे हैं जो समाज को विभाजित करने और सामाजिक संघर्ष को बढ़ावा देता है। कांग्रेस के घोषणापत्र में बजरंग दल जैसे संगठनों के खिलाफ संभावित कार्रवाई किए जाने के वादे को लेकर पूछे गए सवाल में चिदंबरम ने कहा कि घोषणापत्र में बजरंग दल के ऊपर प्रतिबंध लगाने की बात नहीं कही गई है। उन्होंने कहा कि कृपया दो वाक्यों को दोबारा पढ़े। घोषणापत्र में दो संगठनों का जिक्र है, जो कठोर भाषा का इस्तेमाल करते हैं। कांग्रेस ने नफरत फैलाने वाले सभी संगठनों को चेतावनी दी है। पार्टी ने कानून के तहत संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने का वादा किया है। मुझे आश्चर्य इस बात का है कि बजरंग दल बजरंगबली कैसे बन गया। कर्नाटक में 224 सदस्यीय विधानसभा के लिए 10 मई को चुनाव होने वाला है और 13 मई को परिणाम जारी किए जाएंगे।

### निकाय चुनाव महिलाओं ...

पीठ ने 1 मई के आदेश में केंद्र सरकार को दो सप्ताह का वक्त देते हुए मामले की अगली सुनवाई 18 मई को तय कर दी थी। शीर्ष अदालत ने 5 अप्रैल को नगालैंड में यूएलबी के चुनाव को अगले आदेश तक रद्द करने वाली 30 मार्च की अधिसूचना पर रोक लगा दी थी। लगभग दो दशक के बाद 16 मई को यूएलबी चुनाव होने वाले थे।

### प्रेस इंडेक्स में देश...

को *माइंड गेम* करार दिया। उन्होंने कहा कि ये माइंड गेम खेलने के तरीके हैं जो उस देश के रैंक को कम करने जैसा है जिसे आप पसंद नहीं करते हैं, जबकि अन्य ऐसा नहीं करते हैं। यह बयान रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) द्वारा अपना प्रेस इंडेक्स जारी करने और भारत को 161वें स्थान पर रखने के कुछ दिनों बाद आया है, जबकि अफगानिस्तान की रैंकिंग 152वीं थी। बता दें कि पिछले साल भारत 150वें स्थान पर था और इस बार भारत को 11 पायदान का नुकसान हुआ है। इसी बीच जयशंकर ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि वह चीनी राजदूत से चीन में क्लास ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं राहुल गांधी से चीन पर कक्षाएं लेने की पेशकश करता, लेकिन मुझे पता चला कि वह चीनी राजदूत से चीन पर कक्षाएं ले रहे थे। विदेश मंत्री ने डोकलाम संकट के दौरान भारत में चीनी राजदूत के साथ राहुल गांधी की मुलाकात का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि राजनीति में सब कुछ राजनीतिक है। मैं इसे स्वीकार करता हूं, लेकिन मुझे लगता है कि कुछ मुद्दों पर हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम विदेशों में अपनी सामूहिक स्थिति को कमजोर न करें। इसी बीच उन्होंने गलतबयानों को लेकर भी निशाना साधा।

### एलओसी पर टेरिटोरियल...

एक सिविल प्रोफेशन में लाभकारी रोजगार या स्वरोजगार एक शर्त है। टेरिटोरियल आर्मी के वॉलिंटियर आमतौर पर हर साल कुछ दिनों के लिए वर्दी में सेवा करते हैं, ताकि वे सख्त जरूरत या राष्ट्रीय आपात स्थिति के समय राष्ट्रीय रक्षा के लिए हथियार उठा सकें। बताया गया है कि 1990 के दशक की शुरुआत से टेरिटोरियल आर्मी की यूनिट्स ने जम्मू और कश्मीर, पूर्वोत्तर और भारत की उत्तरी व पश्चिमी सीमाओं के साथ सक्रिय सेवा दी है। टेरिटोरियल आर्मी 29 जुलाई 1987 से 24 मार्च 1990 तक श्रीलंका में इंडियन पीस कीपिंग फोर्स (आईपीकेएफ) का हिस्सा थी। लगभग 75 फीसदी टीए यूनिट्स जम्मू और कश्मीर व पूर्वोत्तर में काउंटर इंसर्जेंसी के माहौल में तैनात रही हैं। ये उग्रवाद उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बनाए रखने और पेशेवर रूप से अपने संबंधित कार्यों को पूरा करने में एक आवश्यक भूमिका निभाती रही हैं। अब तक टेरिटोरियल आर्मी को कई सम्मान और पुरस्कार मिल चुके हैं। इसमें अशोक चक्र (1), परमवीर चक्र (1), कीर्ति चक्र (1), अति विशिष्ट सेवा मेडल (6), वीर चक्र (5), शौर्य चक्र ( 5), युद्ध सेवा मेडल (1), सेना मेडल (78), विशिष्ट सेवा मेडल (28), मेंशन-इन-डिस्पैच (17) और थलसेनाध्यक्ष प्रशंसा पत्र (280) शामिल हैं।

### मुरादाबाद में सड़क...

की शादी थी। डॉ. इसरार के परिवार और मोहल्ले की महिलाएं, पुरुष और बच्चे शादी समारोह में शामिल होने खेमपुर जा रहे थे। टाटा मैजिक में सोलह लोग सवार हो गए थे। अन्य लोग दूसरे वाहनों से जा रहे थे। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब डेढ़ बजे टाटा मैजिक भगतपुर क्षेत्र में अलीगंज-दलपतपुर मार्ग पर खैरखाता गांव के पास पहुंची। इसी दौरान दलपतपुर की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे कैंटर के चालक ने एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश की। इस दौरान चालक कैंटर से नियंत्रण खो बैठा और टाटा मैजिक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टाटा मैजिक के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद दोनों वाहन सड़क किनारे खाई में पलट गए। मौके पर जुटे लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। इसके बाद घायलों को जिला अस्पताल और सीएचसी भोजपुर भेज दिया गया। भोजपुर सीएचसी पहुंचे तीन घायलों को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचे सात लोगों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि छह को गंभीर हालत में भर्ती कर उनका उपचार शुरू कर दिया गया। एसएसपी हेमराज मीना समेत अन्य अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों को हालचाल लिया। इसके अलावा मृतकों के परिवारों से हादसे की जानकारी ली।

### शाही परिवार भारत...

विद्युतीकरण हुआ था जबकि भाजपा की सरकार में पिछले 9 साल में हर साल करीब 1600 किमी रेल लाइन का विद्युतीकरण हुआ। जब भारत का डिफेंस सेक्टर मजबूत होना शुरू हुआ तो कर्नाटक में एशिया की सबसे बड़ी हेलीकॉप्टर बनाने की फैक्ट्री लगी। जब भारत दुनिया में स्टार्टअप का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम बना तो कर्नाटक स्टार्टअप का कैपिटल बना। ये चुनाव कर्नाटक को पूरे देश का नंबर-1 राज्य बनाने का चुनाव है। मुझे इस बात की खुशी है कि इस महायज्ञ के लिए कर्नाटक के लोगों ने भाजपा की डबल इंजन सरकार पर ही भरोसा किया है। वहीं नंजनगुड चुनावी रैली में पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस का शाही परिवार ऐसी गतिविधियों में लिप्त हैं जो भारत की संप्रभुता के खिलाफ हैं।

### अश्लील वीडियो को ...

घर बुलाया जब उसके माता-पिता घर पर नहीं थे। उसने उसे शारीरिक संबंध बनाने के लिए फुसलाया और पूरी हरकत चुपके से रिकॉर्ड कर ली गई, जिसे बाद में पोर्न साइट्स पर अपलोड कर दिया गया। पुलिस ने लड़की के खिलाफ आईपीसी की संबंधित धारा के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को उसके दो दोस्तों समेत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसका लैपटॉप भी जब्त कर लिया है। एक स्थानीय अदालत ने उन्हें तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। शख्स के साथ वीडियो के साथ ही इलाके के अन्य पुरुषों के साथ लड़की के कुछ और अंतरंग वीडियो भी सामने आए। दरअसल हाल ही में एक कॉलेज के लड़के के साथ ऐसा वीडियो सामने आया तो लड़की ने उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि उसने चुपके से वीडियो बनाया है। लेकिन लड़के ने इससे इनकार किया था और कहा था कि उसे लड़की ने फंसाया है और उसने वीडियो बनाया है। लड़की कथित तौर पर पोर्न साइट्स से पैसे कमाने के लिए ऐसा कर रही थी।

### मवेशी ले जा रहे ...

फिलहाल घटना की जांच की जा रही है। घटना मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स इलाके की है। जहां के मौशुन गांव में बीएसएफ की चेक पोस्ट है। यह इलाका भारत बांग्लादेश बॉर्डर से महज 17 किलोमीटर दूर है। शनिवार को मौशुन गांव की चेक पोस्ट पर तैनात जवानों ने एक ट्रक ड्राइवर रोनिंग नोन्गिनरिह को गोली मार दी। गोली लगने से ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। वह ट्रक में मवेशी लेकर जा रहा था। गोली मारने वाले बीएसएफ जवानों का कहना है कि उन्हें डर था कि ट्रक ड्राइवर उन्हें कुचलकर चला जाएगा। अपनी आत्म सुरक्षा में उन्होंने गोली चलाई। वहीं मृतक के चचेरे भाई ने आरोप लगाया कि पॉइंट ब्लैंक रेंज से गोली मारी गई। घटना के वक्त मृतक का चचेरा भाई भी ट्रक में मौजूद था। ईस्ट खासी हिल्स जिले के एसपी एस नोंन्गर ने बताया कि घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस की एक टीम घटनास्थल भेजी गई है। हालांकि अभी तक इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। वहीं बीएसएफ के आईजी प्रदीप कुमार ने बताया कि डीआईजी रैंक के अधिकारी से मामले की जांच करेंगे। कोर्ट ऑफ इन्कवायरी के आदेश दे दिए गए हैं। वहीं आरोपी जवानों को ड्यूटी से हटाकर शिलांग में फ्रंटियर हेडक्वार्टर में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि जांच में पुलिस का सहयोग किया जा रहा है।

### विहिप करेगी कल ...

पूरे देश में गौ रक्षा अभियान का काम कर रहा है। इसके अलावा वह सांस्कृतिक जागरण, कन्याओं के निःशुल्क विवाह और अन्य सामाजिक कार्यों में लगा हुआ है। इसके बाद भी वह बजरंग दल की तुलना पीएफआई जैसे आतंकी संगठन से कर रहा है तो इससे स्पष्ट होता है कि उसकी मंशा सही नहीं है। संगठन ने कांग्रेस से बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के निर्णय को वापस लेने और अपने कर्नाटक चुनाव घोषणा पत्र को प्रतिबंधित करने की मांग की है।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **एकादश अध्याय**

**( ब्रह्म-वृक्ष )**

**धन्य धन्य गुरुदेव हैं, धन्य धन्य सोइ हँस।**
**आसन धाम विराज में, अमर भये सोइ वंश॥ 25॥**

**शब्दार्थ :** (धन्य-धन्य) पूर्ण सफल, कृत्कृत्य, श्रेष्ठ पूजनीय (विराज) समाधि चेतन-मण्डल (अमर) जरा-मरण से रहित (हँस) पवित्र आत्मा (वंश) सद्गुरु मतानुयायी।

**भाष्य :** गुरुदेव धन्य हैं और वह हँस धन्य है, जिसका विराजधाम में आसन है। वह सद्गुरु-पथानुयायी इस पद को पाकर जन्म-मरण दुःख से रहित हो कर अपने चेतन धर्म अमरत्व को प्राप्त करता है।

**पद विराज सब शून्य का, बीज वृक्ष विस्तार।**
**देव सदाफल गुरु कृपा, दरशत खुलत दुवार॥ 26॥**

**शब्दार्थ :** (पद विराज) समाधिधाम (शून्य) पंच शून्य (द्वार) दरवाजा (पर) पश्चात (दरशत) प्रत्यक्ष देखना।

**भाष्य :** चेतन-समाधिधाम, पंचशून्य से परे है, जहां से ब्रह्मवृक्ष का विस्तार अधःलोक में होने लगता है। समस्त जगत का निमित्त कारण निःशब्द, परम पुरुष है। सद्गुरु की कृपा से चेतन प्रकाश-द्वार खुल जाता है और आत्मा अपनी चेतन दृष्टि से परब्रह्म का साक्षात्कार करती है। प्रकाश-द्वार खुल जाने पर ही परब्रह्म का प्रत्यक्ष दर्शन होता है इसलिए प्रकाश-द्वार की प्राप्ति के लिए सद्गुरु-शरण में रह प्रतिदिन विहंगम योग का अभ्यास करना चाहिए।

**॥ इस स्वर्वेद चतुर्थ मंडल, एकादश अध्याय भाष्य समाप्त॥**

# हमारी सरकार ना मुस्लिम आरक्षण देगी और न ही लिंगायत आरक्षण को कम होने देगी : शाह

## - राहुल बाबा तुम्हारी गांरटी कोई गांरटी नहीं



**बेंगलुरु (ईएमएस)।** कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के सिर्फ तीन दिन बाकी हैं। इसके बाद राजनीतिक पार्टियों ने प्रचार के लिए पूरा जोर लगा दिया है। चुनाव प्रचार के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर हमला किया है। शाह ने कहा कि भाजपा ने पीएफआई पर प्रतिबंध लगाकर देश की सुरक्षा को मजबूत किया है, लेकिन कांग्रेस पार्टी इसके खिलाफ है। भाजपा राज्य में ना तब मुस्लिम आरक्षण देगी और न ही लिंगायत आरक्षण को कम होने देगी। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के चाणक्य शाह ने कहा पूरे कर्नाटक में पीएम मोदी के लिए जनसमर्थन दिखाई दे रहा है। इससे तय है कि बीजेपी बहुमत की सरकार बना रही है। बजरंगबली अपने मंदिर में ही थे कांग्रेस ही बजरंगबली को चुनाव के मैदान में ले आई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पीएफआई पर बैन को पचा नहीं पा रही है। कांग्रेस को चुनाव से पहले किसानों की याद नहीं आती। शाह ने कहा कांग्रेस 10 हजार करोड़ रुपये किसानों के लिए नहीं माइनॉरिटी के लिए दे रही है। गृहमंत्री शाह ने कहा हमारी सरकार ने धर्म के आधार पर मिलने वाला रिजर्वेशन खत्म किया। लिंगायत और एससी, एसटी को रिजर्वेशन मिला। वहीं कांग्रेस कहती है कि सत्ता में आएंगे, तब मुस्लिम रिजर्वेशन 06 प्रतिशत कर दिया जाएगा। कांग्रेस वालों ये बताओ कि किसका रिजर्वेशन कटने वाले हो। किसके हिस्से का रिजर्वेशन देने वाले हो। शाह ने कांग्रेस पर कर्नाटक में पानी के मुद्दे पर भी निशाना साधकर कहा कि महादायी का पानी कांग्रेस कर्नाटक को नहीं देती थी। पीएम मोदी की सरकार आने के बाद कर्नाटक को पानी मिलना शुरू हुआ।

शाह ने कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधकर कहा कांग्रेस के लिए कर्नाटक की जनता एटीएम है, यहां से खजाना लूटकर वे दिल्ली ले जाना चाहते हैं। राहुल बाबा ने 5 गारंटी दी और यूपी, उत्तराखंड, त्रिपुरा सहित कई राज्यों में हार गए। राहुल बाबा तुम्हारी गारंटी की कोई गारंटी नहीं है। राहुल जनता को गारंटी के नाम पर गुमराह कर रहे हैं। कांग्रेस ना देश की सुरक्षा कर सकती है और ना देश का विकास कर सकती है।

# पीएम मोदी ने किया रोड शो.....4 जनसभाएं भी



**बेंगलुरु (ईएमएस)।** भाजपा के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले रविवार सुबह बेंगलुरु में आठ किलोमीटर लंबा रोड शो किया। इस रोड़ शो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झलक पाने के लिए सैंकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे है। पार्टी से जुड़े सूत्रों के अनुसार, थिप्पसंद्र में केंपेगौड़ा की प्रतिमा से ट्रिनिटी सर्कल तक निकाले जा रहे रोड शो के डेढ़ घंटे में समाप्त होने की उम्मीद है। रोड शो की शुरूआत से पहले प्रधानमंत्री ने केंपेगौड़ा (बेंगलुरु के संस्थापक) की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सूत्रों ने बताया कि यह रोड शो पांच विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगा। रोड शो के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए वाहन में प्रधानमंत्री के साथ केंद्रीय राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर और बेंगलुरु सेंट्रल के सांसद पी सी मोहन भी सवार हैं। पूरे मार्ग पर व्यापक प्रबंध किए गए हैं, जिसमें रोड शो को बिना किसी व्यवधान के संपन्न कराए जाने के लिए सड़कों पर अवरोधक लगाए जाना शामिल है। पूरे मार्ग में भाजपा के झंडे लगाए गए हैं और पार्टी समर्थकों ने केसरिया रंग की शॉल व टोपी पहन रखी है, जिससे पूरा मार्ग केसरिया रंग से रंगा प्रतीत हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के रोड़ शो के मद्देनजर पूरे शहर में सुरक्षा के चाकचौबंद इंतजाम किए गए है। बेंगलुरु में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी राज्य में चार जनसभाओं को भी संबोधित करने वाले हैं।

# डॉ.कुरुलकर के किस-किस के साथ संपर्क में थे, हो रही जांच

## - महाराष्ट्र एटीएस इसकी जांच में जुटी



**मुंबई (ईएमएस)।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिक डॉक्टर प्रदीप मोरेश्वर कुरुलकर पाकिस्तान को सूचनाएं लीक करने के आरोप में इन दिनों महाराष्ट्र एटीएस की कस्टडी में हैं। डॉ.कुरुलकर डीआरडीओ के पुणे सेंटर में कार्यरत थे। डीआरडीओ के देश में कई और जगह सेंटर हैं। एटीएस इसकी जांच कर रही है कि कुरुलकर के संबंध अन्य सेंटरों में किस-किस के साथ थे। डॉक्टर कुरुलकर को 3 मई को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन अब यह बात सामने आई है कि डीआरडीओ की विजिलेंस टीम ने उनके खिलाफ 24 फरवरी से जांच शुरू कर दी थी। उसी दिन विजिलेंस टीम ने उनके दो मोबाइल, एक लैपटॉप और एक डेस्कटॉप जब्त कर लिए थे। इन्हें फॉरेसिंक लैब में भेजा गया। वहां से आई रिपोर्ट के बाद वे सारे सबूत महाराष्ट्र एटीएस चीफ को सौंपे गए। इसके बाद एटीएस में एफआईआर दर्ज हुई। कुरुलकर पर आरोप है कि उन्होंने व्हाट्सएप कॉल्स, वॉयस मैसेज और विडियो कॉल्स के जरिए पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज लीक किए, जो भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल सकते हैं। जांच इसकी हो रही हैं, कि क्या वह सिर्फ हनी ट्रैप में फंसे या उन्होंने जो सूचनाएं शेयर कीं, उससे उन्हें कुछ आर्थिक लाभ भी हुआ। उन्होंने कई विदेशी टूर किए। जांच यह भी रही है कि क्या उस दौरान पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लोग उनसे मिले?

# केजरीवाल आवास के नवीनीकरण पर 171 करोड़ रुपये हुए खर्च : अजय माकन

अजय कुमार



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास के नवीनीकरण पर 171 करोड़ रुपये खर्च किए जाने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता अजय माकन ने दिल्ली में एक पत्रकार वार्ता के दौरान इसका दावा किया। इस आवास में इन दिनों अरविंद केजरीवाल रहते हैं। कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के ह्यमहलह्न पर 45 करोड़ नहीं, बल्कि जनता का 171 करोड़ रुपए खर्च हुआ है। इस निमार्णाधीन परिसर में 22 ऑफिसर्स के फ़्लैट हैं, जिन्हें तोड़ा और खाली कराया गया है। इसकी भरपाई करने के लिए सरकार ने कॉमनवेल्थ गेम्स विलेज में करीब 126 करोड़ के 21 टाइप-5 फ्लैट खरीदे हैं। अजय माकन का दावा है कि असल में पूरा मामला विशेषाधिकार हनन से जुड़ा है। केजरीवाल सरकार ने दिल्ली के हेरिटेज, ग्रीनरी, मास्टरप्लान की अवहेलना की है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास के नवीनीकरण में हुए खर्च का मुद्दा काफी दिनों से चर्चा में है। मामले के उजागर होने के बाद लगातार विपक्षी दल इसे मुद्दा बना रहे हैं।

# पुलवामा में 5 किलो आईईडी के साथ आतंकियों का मददगार अरेस्ट, खतरनाक साजिश नाकाम



**पुलवामा, (हि.स.)।** पुलवामा से सुरक्षाबलों ने रविवार को आतंकियों के एक मददगार को गिरफ्तार किया है। सुरक्षाबलों ने उसके कब्जे से 5 किलो की एक आईईडी भी बरामद की है। कश्मीर पुलिस ने एक ट्वीट में कहा कि गिरफ्तार ओवर ग्राउंड वर्कर पुलवामा जिले के अरिगाम का रहने वाला इश्फाक अहमद वानी है। पुलवामा पुलिस ने सेना के साथ मिलकर इलाके में तलाशी अभियान के दौरान उसे गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से सुरक्षाबलों ने लगभग 5-6 किलोग्राम की एक आईईडी बरामद की है। पुलिस ने वर्कर को गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने विदेश मंत्री जयशंकर को ग्लोरिफाइड वेटर कहा

**-सोशल मीडिया यूजर ने स्वामी की लगा दी क्लास**

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** बीजेपी सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुब्रमण्यम स्वामी ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर पर हमला किया है। स्वामी ने विदेश मंत्री को ट्वीट कर लिखा कि ग्लोरिफाइड वेटर जयशंकर एससीओ सम्मेलन में हिस्सा लेने आए पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की आवभगत में जुटे थे। स्वामी ने कहा कि यहां तक कि जयशंकर ने बिलावल भुट्टों के साथ हाथ भी मिलाया। बैठक के बाद जब वह मीडिया से मुखातिब हुए तब पाकिस्तानी विदेश मंत्री को गाली देने लगें। विदेश मंत्री को लेकर भाषा की मयार्दा भूलने पर सोशल मीडिया पर यूजर्स ने स्वामी को आईना दिखा दिया। स्वामी ने लिखा कि यह हिंदू शिष्टाचार नहीं बल्कि पाकिस्तानी तहजीब है। उन्होंने आगे लिखा कि क्या वेटर संक्रमित हो गया है? स्वामी के इस ट्वीट के सोशल मीडिया पर एक यूजर ने उन्हें आइना दिखाया। यूजर ने लिखा कि क्या आपको लगता है कि भारत के विदेश मंत्री को वेटर कहना हिंदू शिष्टाचार है? एक अन्य यूजर ने लिखा कि हमारे देश के वित्त मंत्री के खिलाफ आपकी भाषा अनुचित है स्वामी जी। यकीन नहीं होता अगर आपको एहसास हो रहा है। जब कोई आप पर अत्याचार कर रहा हो, तब दूसरा शिष्टाचार का पालन नहीं कर सकता। हालांकि, स्वामी ने फिर एक ट्वीट में लिखा कि वेटर के वेस्टर्न कपड़े पहनना बंद करें। वह एक मंत्री हैं। उन्हें भारत को ऐसा दशार्ना चाहिए जो कि भारत है।

# ममता की छवि खराब करना चाहती हैं कांग्रेस और माकपा : अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता (ईएमएस)।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) हमेशा ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की छवि खराब करना चाहते हैं। मुर्शिदाबाद जिले के रानीनगर में शनिवार शाम एक जनसभा को संबोधित करते हुए अभिषेक ने कहा कि दोनों पार्टियां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके द्वारा पश्चिम बंगाल के लोगों के साथ किए जा रहे भेदभाव के खिलाफ एक शब्द नहीं बोलती हैं। अभिषेक ने कहा कि अधीर रंजन चौधरी समेत कांग्रेस के किसी नेता ने पश्चिम बंगाल के लोगों को महीनों से उनके 100 दिन के मेहनताने का भुगतान नहीं होने पर एक पत्र तक नहीं लिखा। मुर्शिदाबाद की धरती से मैं बहरमपुर के सांसद चौधरी से पूछना चाहता हूं कि क्या उन्होंने कभी भी केंद्र के समक्ष यह मुद्दा उठाया?

क्या माकपा के किसी नेता ने इसके बारे में बात की? अभिषेक 25 अप्रैल से राज्य में जनसंपर्क अभियान पर हैं। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार पर 100 दिनों की कार्य परियोजना के तहत राज्य का 7 हजार करोड़ रुपये का बकाया है, जिससे 11.33 लाख गरीब लोगों को उनके हक की रकम नहीं मिल पा रही है। अभिषेक ने कहा कि माकपा और कांग्रेस इसके लिए केंद्र सरकार की कभी आलोचना नहीं करेंगी।

वे केवल हमारी मुख्यमंत्री और उनकी पार्टी की छवि खराब करना चाहती हैं। तृणमूल कांग्रेस ही है, जो लोगों की समस्याओं की बात करती है। हम केंद्र को धन जारी करने के लिए मजबूर करेंगे और दिल्ली में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन करेंगे।

# पहलवानों के समर्थन में किसान नेता राकेश टिकैत पहुंचे

राकेश शर्मा



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली जिले के जंतर मंतर पर पहलवानों का धरना प्रदर्शन का आज 15वां दिन है। पिछले कुछ दिनों से कई राजनीतिक हस्तियों ने यहां पहुंचकर पहलवानों का समर्थन किया है। इस बीच रविवार को किसान नेता राकेश टिकैत भी पहलवानों से मिलने जंतर मंतर पहुंच गए। शक्ति प्रदर्शन के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि यहां हम बातचीत करने आएं हैं, धरना जारी रहेगा, साथ ही उन्होंने अब तक बृजभूषण शरण की गिरफ्तारी नहीं होने पर सवाल भी उठाया है। उधर किसानों के एक ग्रुप को टिकरी बॉर्डर पर ही रोक लिया गया। इस बीच खाप से जुड़ी महिलाएं भी जंतर-मंतर पहुंच रही हैं। पहलवानों के समर्थन के लिए हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में किसानों के दिल्ली पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

# गणतंत्र दिवस परेड में मार्च पास्ट, झाकिंयां और परफॉर्मेंस में सिर्फ महिलाएं

## - लैंगिक समानता को लेकर मोदी सरकार का बड़ा फैसला

अजय त्यागी



**नई दिल्ली।** देश में विभिन्न सेक्टरों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए मोदी सरकार ने तय किया है कि कर्तव्य पथ पर होने वाले गणतंत्र दिवस परेड में मार्च पास्ट, झांकियां और परफॉर्मेंस में सिर्फ महिलाएं शामिल होंगी। रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में सैन्य बलों तथा परेड में शामिल होने वाले अन्य सरकारी विभागों को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया हैं कि मार्च पास्ट करने वाले दस्ते और उनके साथ जुड़े बैंड और झांकियों में सिर्फ महिला प्रतिभागी होंगी। इस पत्र ने कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को आश्चर्य में डाल दिया है और भ्रम की स्थिति पैदा की है। कई लोगों का मानना है कि इसके लिए सेना में पर्याप्त महिलाएं उपलब्ध नहीं हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि मार्च करने वाली कुछ टुकड़ियों में केवल पुरुष होते हैं। गौरतलब है कि सशस्त्र बलों ने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को कमान की भूमिका सौंपने, भविष्य की नेतृत्वकारी भूमिकाओं के लिए तैयार करने और आर्टिलरी रेजीमेंट में शामिल करने जैसे कई उपाय किए हैं। जानकारी के मुताबिक, परेड में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने का फैसला 7 फरवरी को हुई एक बैठक के दौरान लिया गया था। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने की अध्यक्षता में हुई बैठक में सेना, नौसेना, वायु सेना, गृह मंत्रालय, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया था। बैठक के लगभग एक महीने बाद, रक्षा मंत्रालय ने 1 मार्च को भाग लेने वाले बलों, मंत्रालयों और विभागों को औपचारिक रूप से एक पत्र जारी किया। पत्र में अगले साल होने वाली परेड में महिलाओं की भूमिका पर जोर दिया गया। कुछ आला अधिकारियों का मानना है कि सरकार वहीं करेगी जो व्यावहारिक है, और फिलहाल सभी मार्चिंग और बैंड दस्तों में केवल महिला प्रतिभागियों का होना मुश्किल है। गौरतलब है कि गणतंत्र दिवस परेड में पैदल सेना के मार्चिंग दस्ते में जवानों की संख्या सबसे अधिक होती है। अधिकारियों का तर्क है कि अभी तक पैदल सेना में महिलाओं को शामिल नहीं किया गया है। उनका कहना है कि मार्चिंग टुकड़ियों का नेतृत्व करने वाले अधिकारियों में अधिकारी रैंक से नीचे के कर्मी (पीबीओआर) होते हैं और सेना में पीबीओआर की महिला कर्मी केवल सैन्य पुलिस कोर में होती हैं। भारतीय सेना के अनुसार, कर्नल गीता राणा हाल ही में चीन की सीमा से लगे संवेदनशील लद्दाख क्षेत्र में एक स्वतंत्र इकाई की कमान संभालने वाली पहली महिला सैन्य अधिकारी बनी हैं। इसके अलावा सेना ने पहली बार किसी महिला अधिकारी कैप्टन शिवा चौहान को इसी साल दुनिया के सबसे ऊंचे और ठंडे युद्धक्षेत्र सियाचिन में तैनात किया है। सेना ने सूडान में अबेई के विवादित क्षेत्र में 27 महिला शांति सैनिकों की अपनी सबसे बड़ी टुकड़ी भी तैनात की है।

# मणिपुर में महाराष्ट्र के फंसे छात्रों से एकनाथ शिंदे ने की बातचीत

## -छात्रों को लाने के लिए विशेष विमान की व्यवस्था करने के दिए निर्देश



**मुंबई (हि.स.)।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को मणिपुर में फंसे महाराष्ट्र के छात्रों से फोन पर बातचीत की और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने मणिपुर में फंसे हुए छात्रों को महाराष्ट्र लाने के लिए एक विशेष विमान की व्यवस्था करने का निर्देश प्रशासन को दिया है। बताया जा रहा है कि बहुत जल्द यह विमान मणिपुर से 22 छात्रों को लेकर महाराष्ट्र पहुंचेगा। यह जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय ने दी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र के कई छात्रों से संपर्क किया जो मणिपुर के एनआईटी, आईआईटी में पढ़ रहे हैं। इनमें से तुषार आव्हाड और विकास शर्मा ने फोन पर बातचीत के दौरान वहां की परेशानी मुख्यमंत्री को बताया। इसके बाद सीएम शिंदे ने राज्य के मुख्य सचिव मनोज सौनिक को मणिपुर के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से संपर्क कर छात्रों की सुरक्षा का ध्यान रखने का अनुरोध करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मणिपुर के हालात पर नजर रखे हुए हैं।

# यौन शोषण के आरोप पर मंत्री लालचंद को पंजाब सरकार करे बर्खास्त : भाजपा



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की ओर से पंजाब सरकार में मंत्री लालचंद कटारुचक को एक दलित युवक के यौन शोषण के आरोप में भेजे नोटिस का मुद्दा उठाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता शहजाद जय हिंद ने पत्रकार वार्ता में कहा कि अनुसूचित जाति के राष्ट्रीय आयोग ने अनुसूचित जाति समुदाय के युवा का यौन शोषण करने के लिए राज्य में मंत्री पद पर तैनात लाल चंद कटारूचक के खिलाफ पंजाब सरकार और डीजीपी को नोटिस जारी किया है। पीड़ित ने कैमरे के सामने आकर कहा कि नौकरी दिलाने का झांसा देकर उसके साथ यौन दुराचार किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा लाल चंद कटारुचक को तत्काल मंत्री पद से बर्खास्त करने की मांग करती है। वहीं हम जानना चाहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट के नोटिस के बावजूद केजरीवाल और मान इस मंत्री को क्यों बचा रहे हैं? इसके अलावा भाजपा नेता ने कहा कि हम स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की मांग करते हैं, न कि जोड़-तोड़ वाली जांच की। हम पीड़ित की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और उसकी सुरक्षा की मांग करते हैं।

# तिहाड़ जेल में बढ़ेगी सुरक्षा, क्यूआरटी की होगी तैनाती

## तैनात सुरक्षा बल को मिलेंगे हेलमेट, बुलेटप्रूफ जैकेट व चिली पाउडर 19 दिन में गैंगवार में दो कैदियों की मौत के बाद हरकत में आया जेल प्रशासन

आशीष वर्मा




**नई दिल्ली।** देश की राजधानी में हाई सिक्योरिटी तिहाड़ जेल में 19 दिन के भीतर एक के बाद एक गैंगवार की दो घटनाओं में दो कैदियों की मौत हो चुकी है। कुछ दिन के भीतर ही हुई गैंगवार की इन घटनाओं के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है। हाई सिक्योरिटी जेल के भीतर की व्यवस्था, सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। एक के बाद एक गैंगवार की घटनाओं और दो गैंगस्टर की मौत के बाद अब तिहाड़ प्रशासन एक्शन में आ गया है। तिहाड़ जेल प्रशान ने अब जेल के भीतर गैंगवार की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए एक स्पेशल टीम तैनात करने का आदेश दिया है। तिहाड़ जेल के महानिदेशक (डीजी) ने इसे लेकर आदेश जारी कर दिया है। डीजी तिहाड़ जेल के आदेश के बाद अब इस जेल में हाई सिक्योरिटी वार्ड के बाहर क्यूआरटी यानी क्विक रिस्पॉन्स टीम की तैनाती की जाएगी। जानकारी के मुताबिक तिहाड़ जेल के हाई सिक्योरिटी वार्ड के बाहर तैनात की जाने वाली क्यूआरटी में तमिलनाडु स्पेशल पुलिस के साथ ही केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को तैनात किया जाएगा. बताया जाता है कि किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए इन जवानों को सभी जरूरी उपकरणों से भी लैस किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक क्विक रिस्पॉन्स टीम में तैनात जवानों को हेलमेट के साथ ही बुलेटप्रूफ जैकेट और मिर्च पाउडर जैसी चीजों से भी लैस होंगे। सुरक्षा के लिहाज से तिहाड़ जेल के बाहर तैनात भारत-तिब्बत सीमा पुलिस यानी आईटीबीपी के जवानों की तादाद भी बढ़ाई जाएगी। तिहाड़ जेल के डीजी संजय बेनीवाल ने क्यूआरटी की तैनाती की पुष्टि की है। तिहाड़ जेल के डीजी ने कहा है कि क्यूआरटी के जवानों को दंगा रोधी उपकरणों से लैस किया जाएगा। उन्होंने क्यूआरटी जवानों को हथियारों से लैस किए जाने संबंधी खबरों का खंडन करते हुए कहा कि जेल मैनुअल में हथियार प्रतिबंधित है।

# महाकौशल की 24 सीटों के लिए कांग्रेस ने बनाया खास प्लान

## प्रियंका गांधी वाड्रा 12 जून से करेगी प्रचार अभियान शुरू



**जबलपुर (ईएमएस)।** साल 2023 के अंत में होने वाले मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की तैयारियां जोरों पर हैं। पार्टी के प्रचार अभियान की शुरूआत कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा अगले माह जबलपुर से करेंगी। जबलपुर महाकौशल का केंद्र है, जहां बड़ी संख्या में जनजातीय आबादी है। पिछले चुनाव में जबलपुर संभाग में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित 13 सीटों में से कांग्रेस ने 11 सीटों पर जीत हासिल की थी। जबलपुर के महापौर और कांग्रेस के नगर प्रमुख जगत बहादुर सिंह ने बताया कि प्रियंका यहां 12 जून को पार्टी के अभियान और संकल्प 2023 की शुरूआत करेंगी। इस दौरान कांग्रेस महासचिव जबलपुर में दो किलोमीटर का रोड शो कर एक रैली को संबोधित करेंगी। उन्होंने दावा किया कि महाकौशल क्षेत्र के लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा अपेक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने इस क्षेत्र में (पिछली बार) अच्छा प्रदर्शन किया था और इस बार भी हम इस क्षेत्र से चुनाव जीतने जा रहे हैं।

यह पूछने पर कि प्रियंका गांधी वाड्रा ने विशेष रूप से पार्टी के अभियान की शुरूआत के लिए जबलपुर को क्यों चुना, कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा इस क्षेत्र से नहीं गुजरी थी और यात्रा ने मालवा और मध्य भारत को कवर किया था। उन्होंने कहा कि महाकौशल क्षेत्र में एक रैली से पड़ोसी विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्रों में कांग्रेस को मदद मिलेगी। तन्खा ने कहा कि इस क्षेत्र में एक मजबूत सत्ता विरोधी भावना है, जहां बड़ी संख्या में आदिवासी, पारंपरिक कांग्रेस मतदाता रहते हैं। महाकौशल या जबलपुर संभाग में - जबलपुर, कटनी, सिवनी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी और छिंदवाड़ा सहित आठ जिले आते हैं। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनावों में, कांग्रेस ने 24 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि भाजपा ने क्षेत्र के 38 विधानसभा क्षेत्रों में से 13 पर जीत हासिल की थी। वहीं, एक सीट पर कांग्रेस के करीबी निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। वर्ष 2013 में, कांग्रेस ने इस क्षेत्र में खराब प्रदर्शन किया तथा उसने 13 सीटें हासिल की जबकि भाजपा ने 24 सीटों पर जीत दर्ज कर भगवा पार्टी राज्य में सत्ता में आई थी। जानकारों का कहना है कि महाकौशल में आने वाले चुनावों में अपनी सीटों को बरकरार रखना कांग्रेस के लिए एक चुनौती है। विंध्य क्षेत्र में पिछली बार भाजपा ने 24 सीटें जीती थीं जबकि कांग्रेस केवल छह सीटें ही जीत सकी थी।

# नगर निकाय चुनाव के अंतिम दिन कानपुर में विपक्षियों पर बरसेंगे मुख्यमंत्री योगी

**कानपुर, (हि.स.)।** नगर निकाय चुनाव प्रचार का कानपुर में अंतिम दौर चल रहा है और दो दिन ही मतदाताओं को रिझाने का समय बचा है। इसको देखते एक बार फिर अपनी रणनीति के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी अंतिम दिन यानी नौ मई को कानपुर में विपक्षियों पर बरसकर मतदाताओं से पार्टी को जिताने की अपील करेंगे। वहीं सपा नेता भी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की चुनावी जनसभा कराने की तैयारी में हैं। इसके साथ ही सपा सांसद डिंपल यादव का रोड शो भी प्रस्तावित है। नगर निकाय चुनाव के दूसरे चरण के तहत 11 मई को कानपुर में मतदान होना है और इन दिनों जबरदस्त चुनाव प्रचार चल रहा है। सत्ताधारी पार्टी भाजपा की ओर से तो कई बड़े नेता चुनाव प्रचार कर चुके हैं, लेकिन मुख्य विपक्षी पार्टी सपा की ओर से शिवपाल यादव को छोड़कर कोई बड़ा नेता कानपुर नहीं आया है। अब दो ही दिन चुनाव प्रचार के बचे हैं तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी अंतिम दिन यानी नौ मई को कानपुर में प्रचार करने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री की जनसभा किदवई नगर स्थित कॉमर्शियल मैदान में होगी और पार्टी की महापौर उम्मीदवार प्रमिला पाण्डेय सहित पार्षद उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान की अपील करेंगे। हालांकि चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कानपुर में जनसभा करना मुख्यमंत्री की खास रणनीति है। यह पहली बार नहीं हो रहा है 2017 के विधानसभा चुनाव से अब तक जितने भी चुनाव हुए है उसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अंतिम दिन ही जनसभा होती है। इसके पीछे कारण है कि अंतिम दिन उनमें वह काबिलियत है कि चुनाव का माहौल बदल देते हैं और पार्टी के पक्ष में परिणाम आता है। सपा महापौर उम्मीदवार वंदना वाजपेयी का भी चुनाव प्रचार जबरदस्त चल रहा है और पार्टी की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की जनसभा कराने की तैयारी है। हालांकि अभी उनकी जनसभा सुनिश्चित नहीं है। इसके पीछे अखिलेश यादव का कर्नाटक दौरा बताया जा रहा है। पार्टी के नगर अध्यक्ष फजल महमूद का कहना है कि कानपुर इकाई ने मांग रखी है कि अंतिम दिन पार्टी अध्यक्ष की जनसभा हो और सांसद डिंपल यादव का रोड शो हो। कांग्रेस महापौर उम्मीदवार आशनी अवस्थी के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए अभी तक कोई बड़ा नेता नहीं आया है। इसको देखते हुए उम्मीदवार के पति विकास अवस्थी का प्रयास है कि अंतिम दिन पार्टी महासचिव प्रियंका वाड्रा गांधी की जनसभा हो सके। इसके लिए पत्राचार भी किया गया है। विकास ने बताया कि मांग की गई है कि प्रियंका गांधी, इमरान प्रतापगढ़ी और प्रमोद तिवारी चुनाव प्रचार करने कानपुर आये। वहीं एडीएम सिटी अतुल कुमार ने बताया कि चुनाव प्रचार अंतिम चरण में है। लगातार सभी दल के प्रतिनिधि सभा और रोड शो के लिए अनुमति मांग रहे है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में अनुमति दी जा रही है।

# अलीगढ़ के तालों का सही इस्तेमाल कर दंगों पर लगाया ताला : योगी

**अलीगढ़, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने अलीगढ़ के ताले का सही इस्तेमाल कर उत्तर प्रदेश के दंगों पर ताला लगाने का काम किया है। इससे पूरा प्रदेश दंगा मुक्त हो चुका है। अक्सर अलीगढ़ में राज्य विश्वविद्यालय की बात होती थी। हमने जमीन की व्यवस्था करते हुए देश की स्वाधीनता में अग्रिम पंक्ति में चलने वाले महाराजा महेंद्र प्रताप सिंह के नाम पर विश्वविद्यालय के निर्माण का काम शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को यहां चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अलीगढ़ ताला नगरी के रूप में दुनिया में विख्यात है। अलीगढ़ की पहचान कभी ताला, तालीम और तहजीब थी, लेकिन जातिवादी और परिवारवादी लोगों ने अलीगढ़ के ताला उद्योग को बंद कर दिया। उसके मार्ग में अनेक बाधाएं खड़ी कीं। इन परिवारवादी और जातिवादी दलों को तालीम और तहजीब से कोई मतलब नहीं था। यह लोग बांटो और राज करो की नीति पर चलते थे। योगी ने कहा कि परिवारवादी और जातिवादी दल तुष्टिकरण की नीति के आधार पर समाज को विभाजित करते थे। उन्होंने इसी के आधार पर समाज में खाई को चौड़ी करने का प्रयास किया गया था। यही वजह रही कि पर्व और त्योहार आता था तो लोगों में भय व दहशत का माहौल पैदा हो जाता था। लंबे समय तक लोगों को कर्फ्यू का सामना करना पड़ता था। इससे सामान्य नागरिक भयभीत रहता था और व्यापारी का उद्योग ठप हो जाता था, लेकिन



आपने आज बदलते हुए अलीगढ़ को देखा है। उन्होंने कहा कि पिछले 09 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक मंच पर नई पहचान बनी है। आज भारत के नागरिकों को दुनिया सम्मान की निगाहों से देखती है। इतना ही नहीं, भारत सरकार ने देश में आतंकवाद, नक्सलवाद और अलगाववाद पर पूरी तरह से विराम लगाने का काम किया है। देश-प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में हाईवे, रेलवे, मेट्रो वॉटर वे, एयरपोर्ट, एम्स, आईआईटी जैसे संस्थान का निर्माण युद्ध स्तर पर हो रहा है। इसके साथ ही गरीब कल्याणकारी योजनाओं को लेकर डबल इंजन की सरकार ने जो कार्य किए हैं, वह आजादी के बाद शासन करने वाली विपक्षी पार्टी इसका दसवां हिस्सा भी नहीं कर पाई थीं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज देश के करोड़ों लोगों को फ्री में आवास, शौचालय, रोजगार के लिए युवाओं को स्किल डेवलपमेंट स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया और स्किल इंडिया के साथ जोड़ने का काम किया जा रहा है। देश के करोड़ों लोगों के जन धन अकाउंट खोले गये। आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा का कवर दिया जा रहा है। कोरोना कालखंड से लेकर अब तक 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन, 220 करोड़ वैक्सीन की डोज फ्री में उपलब्ध कराई गई है। वहीं प्रदेश के अंदर भी बिना भेदभाव के करोड़ों लोगों को गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। योगी ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के जन्म स्थान पर भव्य मंदिर का निर्माण जो पिछले 500 वर्षों में नहीं हो पाया, उसे डबल इंजन की सरकार ने कर दिखाया है। ऐसा भला कोई सोच सकता था। आज काशी में काशी विश्वनाथ धाम का निर्माण हो रहा है। वहीं मथुरा, वृंदावन सज और संवर रही है। इसके साथ ही नैमिषारण्य, विंध्यवासिनी धाम, चित्रकूट में बाल्मीकि का लालापुर, संत तुलसीदास के राजापुर को सजाने और संवारने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अलीगढ़ के एयरपोर्ट के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी के साथ एमओयू हो चुका है। हम इसे वायु सेवा के साथ जोड़ने वाले हैं और एयरपोर्ट का एक्सटेंशन हो, इसके लिए 700 करोड़ पहले ही जारी किए जा चुके हैं। यहां पर ट्रांसपोर्टनगर की दशकों से मांग हो रही है। ऐसे में इस पर भी तेजी से काम हो रहा है। वहीं यहां के ताला उद्योगों को वैश्विक मंच प्रदान करने के लिए इसे वन डिस्टिक वन प्रोडक्ट में शामिल किया गया है। योगी ने कहा कि डिफेंस कॉरिडोर का एक महत्वपूर्ण नोड अलीगढ़ में बन रहा है। इसका कार्य प्रारंभ हो चुका है। इतना ही नहीं, गाजियाबाद से अलीगढ़ होते हुए कानपुर के फोर लेन हाईवे का निर्माण तेजी से चल रहा है। इसके साथ हरदुआगंज में पावर प्लांट का कार्य प्रारंभ कर चुका है। इससे अलीगढ़ ऊर्जा उत्पादन का केंद्र बनेगा। आज अलीगढ़ में सब कुछ तो है। यह पहले भी हो सकता था, लेकिन सपा, बसपा और कांग्रेस समाज को जाति के आधार पर बांटती थी। वह तुष्टीकरण करते हैं, जबकि हमने सशक्तीकरण किया है।

# योगी सरकार ने बदला यूपी का नैरेटिव, अब होती विकास की बात : ब्रजेश पाठक

**बलिया, (हि. स.)।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बलिया में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा में सपा पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के हालात बदल गए हैं। 2017 से पहले गाड़ियों में दस-दस बंदूकें भर कर गुंडे-माफिया चलते थे। उन्हें अपने आपको माफिया कहने में गर्व का अनुभव होता था। लेकिन आज माफिया कह रहे हैं कि हमें जेल में डाल दो अब गुंडई नहीं करेंगे। ऐसा बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार से पहले सपा के गुंडे नारा देते थे कि "समाजवादी पार्टी का नारा है खाली प्लाट हमारा है।" भोले-भाले गरीब आदमी का प्लाट कब्जा कर लेते थे। बेटियां पढ़ने नहीं जाती थीं। योगी सरकार ने रोमियो स्क्वायड बनाकर 25 हजार मुकदमे दर्ज कर लफंगों-शोहदों को जेल भेजने का काम किया। अब कोई शोहदा लफंगा



बहन-बेटियों पर बुरी नजर से नहीं देख सकता। यूपी का नैरेटिव बदला है। अब हम विकास की बात कर रहे हैं। आज हमारे पास दो लाख 70 हजार किलोमीटर चौड़ी सड़कें हैं। हर जिला मुख्यालय को फोरलेन से जोड़ा गया है।

बेसिक शिक्षा के नब्बे फीसदी से अधिक स्कूल कायाकल्प योजना में मांटेसरी स्कूल से बेहतर बनाए गए हैं। ब्रजेश पाठक ने कहा पंचायत भवन का कार्यालय डीएम के ऑफिस से बेहतर बनाए गए हैं। बिजली अब सभी 75 जिलों में आती है। बलिया से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से चार घण्टे में लखनऊ पहुंच जाते हैं। अंतरराष्ट्रीय सड़क भाजपा सरकार ने दिया है। यूपी में अब सबको जीने का माहौल दिया गया है। सिपाही से कप्तान तक और लेखपाल से कलेक्टर को तक सपा के गुंडे उन्हें कुछ भी कह देते थे। लेकिन आज कानून का राज कायम किया गया है। गुंडों में कानून का भय है। आम जनता को कानून का राज पसंद है। 2017 में हमने अपने चुनावी घोषणा पत्र में कहा था कि यूपी में भयमुक्त समाज की स्थापना करेंगे। हर नागरिक ऐसा महसूस कर रहा है। उन्होंने मिठाई लाल के लिए समर्थन मांगते हुए कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि बलिया का विकास होगा। "जोगाड़" शब्द की व्याख्या करते हुए कहा कि मिठाई लाल जीतेंगे तो जोगाड़ जरूर करेंगे। मेडिकल कालेज और अस्पताल की बेहतर व्यवस्था होगी।

# उप्र के बच्चे आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस से करेंगे पढ़ाई



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित 105 सर्वोदय विद्यालयों के बच्चों का भविष्य तकनीक आधारित शिक्षा से संवरेगा। बच्चों को आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस की तकनीक का उपयोग करते हुए शिक्षा प्रदान की जाएगी। स्मार्ट क्लास में बच्चों को थ्री डी वीडियो, हाई रेजोल्यूशन इमेज आदि के माध्यम से विभिन्न विषयों को रोचक तरीके से पढ़ाया जाएगा, ताकि कठिन से कठिन सवाल आसानी से बच्चों को समझाया जा सके। समाज कल्याण विभाग व एम्बाइब सीएस-ाआर के साथ विगत सप्ताह हुए एमओयू के अनुसार कक्षा छह से 12 तक के सभी विद्यार्थियों को ऑनलाइन कंटेंट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युक्त एम्बाइब मोबाइल एप के माध्यम से निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही जेईई, नीट की तैयारी के कक्षा 11 एवं 12 के विद्यार्थियों को प्रतियोगी सामग्री व अभ्यास प्रश्न भी उपलब्ध कराए जायेंगे। विज्ञान एवं गणित विषय के शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में नौ और 10 मई को प्रशिक्षित किया जाएगा। जो ई-लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम एवं ई-कंटेंट के बेहतर प्रयोग के साथ ही आधुनिक शिक्षा पद्धति के माध्यम से विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान कर ठोस शैक्षिक नींव तैयार करेंगे। समाज कल्याण विभाग के (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि ऑनलाइन एवं ऑफलाइन के हाइब्रिड मोड में तकनीक आधारित आधुनिक शिक्षा पद्धति के माध्यम से ठोस शैक्षिक नींव तैयार की जा रही है। जिससे जेईई, नीट इत्यादि प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थी अपना श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त कर सफल हो सकें।

# उत्तर प्रदेश में 42 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल पर होती है ग्रीष्मकालीन मूंग

**कानपुर, (हि.स.)।** किसान रबी फसलों की कटाई के बाद जायद की दलहनी फसलों की बुवाई करते हैं। दलहनी फसलों में ग्रीष्मकालीन मूंग का बेहतर उत्पादन होता है और उत्तर प्रदेश में करीब 42 हजार हेक्टेयर पर यह फसल उगाई जाती है। मूंग की खेती से मिट्टी की उर्वरा क्षमता बढ़ती है क्योंकि नाइट्रोजन खेत में पर्याप्त मात्रा में पहुंच जाता है जिससे अगली फसल भी अच्छी होती है। ऐसे में अगर किसान सही समय पर मूंग की खेती करें, तो इससे फसल की अच्छी उपज प्राप्त होती है। इसकी खेती किसी भी प्रकार की भूमि में की जा सकती है हां यह जरुर है कि खेत में फसल की सिंचाई की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। यह बातें रविवार को सीएसए के दलहन कृषि वैज्ञानिक डॉ. मनोज कटियार ने कही। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के लहन वैज्ञानिक डॉ.मनोज कटियार ने बताया कि किसान इस समय गर्मी यानी जायद में बोई जाने वाली मूंग की बुवाई कर सकते हैं। मूंग जैसी दलहनी फसलों की बुवाई से यह फायदा होता है कि यह खेत में नाइट्रोजन की मात्रा को बढ़ाती हैं, जिससे दूसरी फसलों से भी बढ़िया उत्पादन मिलता है। मूंग की फसल के लिए गर्म जलवायु की



जरूरत पड़ती है। मूंग की खेती सभी प्रकार की मिट्टी में सफलतापूर्वक की जाती है, लेकिन मध्यम दोमट, मटियार भूमि समुचित जल निकास वाली, जिसका पीएच मान 7-8 हो इसके लिए उत्तम होती है। ग्रीष्मकालीन मूंग का क्षेत्रफल उत्तर प्रदेश में लगभग 42000 हेक्टेयर क्षेत्रफल है, जबकि कानपुर मंडल में ग्रीष्मकालीन मूंग का क्षेत्रफल लगभग 10829 हेक्टेयर क्षेत्रफल है। उन्होंने कहा की ग्रीष्मकालीन मूंग की बुवाई किसान भाई कर चुके हैं अब ग्रीष्मकालीन मूंग का प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। ग्रीष्मकालीन मूंग में सबसे महत्वपूर्ण जल प्रबंधन एवं सिंचाई व्यवस्था होती है। डॉक्टर कटियार ने कहा कि किसान भाई मूंग की फसल में पहली सिंचाई बुवाई के 20 दिन पर ही करें। अथवा तापमान के बढ़ने पर जरूरत के अनुसार सिंचाई किसान भाई पहले भी कर सकते हैं। प्रथम सिंचाई के बाद आवश्यकता अनुसार 10 से 12 दिनों के अंतराल पर किसान भाई सिंचाई अवश्य मूंग की फसल में करते रहे। गर्मी की मूंग की फसल में कुल सिंचाई तीन से चार की आवश्यकता होती है। हमेशा किसान भाई यह बात याद रखें कि शाम के समय जब हवा न चल रही हो तब सिंचाई करना चाहिए। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि मूंग की फसल में कीट नियंत्रण के लिए किसान डाईमेथॉट 1000 मिली लीटर प्रति 600 लीटर पानी या इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एसएल प्रति 600 लीटर पानी में 125 मिलीलीटर के हिसाब से छिड़काव करें। उन्होंने बताया कि गर्मी की मूंग 60 से 65 दिनों में पक कर तैयार हो जाती है। फसल कटाई या फलियों की तूड़ाई के पांच दिन पहले सिंचाई देना अवश्य बंद कर दें। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी मृदा वैज्ञानिक डॉ. खलील ने बताया मूंग की कटाई की अपेक्षा फलियों की तुड़ाई करना ज्यादा हितकारी होता है। इसके पीछे कारण है फली तोड़ने के बाद फसल अवशेष को खेत में ही रोटावेटर की सहायता से पलट देने से हरी खाद तैयार हो जाती है। यह हरी खाद मृदा की उपजाऊ शक्ति में बढ़ोतरी लाती है।

# ललन सिंह के टास्क की समीक्षा करने रांची पहुंचे झारखंड जदयू प्रभारी

**रांची, (हि.स.)।** बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री सह झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ. अशोक चौधरी रविवार को अपने दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे। भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जेडीयू प्रभारी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कुछ टास्क दिया है, उसकी समीक्षा करने के लिए रांची पहुंचे हैं। पूरे प्रदेश में संगठन को मजबूत करने के लिए बैठक होनी है। इसमें झारखंड जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो और पार्टी के लोगों के साथ समीक्षा करेंगे। इसके बाद जिलों का दौरा करेंगे। अशोक चौधरी ने कहा कि उनके साथ पार्टी के सह प्रभारी और बांका के विधायक मनोज यादव भी आये है सह प्रभारी विजय सिंह का आगमन सोमवार को होगा। एयरपोर्ट पर युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह समेत अन्य नेता भी मौजूद थे। विपक्षी एकता पर अशोक चौधरी ने कहा कि पार्टी के नेता नीतीश कुमार देश भर में विपक्षी



दलों को गोलबंद करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर चुके हैं। मैं समझता हूं कि विपक्षी एकता को लेकर बात बन जायेगी। 2024 के लोकसभा और झारखंड विधानसभा के चुनाव को लेकर अशोक चौधरी ने कहा कि विपक्षी एकता में सभी लोग शामिल होंगे तो मिलजुल कर चुनाव लड़ेंगे। हमारे नेता नीतीश कुमार की भी इच्छा है कि देश में विपक्षी एकता बने। खासकर बिहार से सटे इलाके झारखंड, बंगाल, उ-ड़ीसा और उत्तर प्रदेश में संगठित होने की जरूरत है। इसके लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है. हमारे नेता को समर्थन भी मिल रहा है। झारखंड जेडीयू के प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा कि प्रभारी अशोक चौधरी कोर कमेटी के सदस्यों व पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करेंगे।

# मुख्यमंत्री रामगढ़ में 11 को नवनिर्मित जी प्लस वीआइपी गेस्ट हाउस का करेंगे उद्घाटन

**रामगढ़, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 11 मई को रामगढ़ पतरातू लेक रिसॉर्ट में नवनिर्मित जी प्लस वीआइपी गेस्ट हाउस का उद्घाटन करेंगे। इसके मद्देनजर डीसी माधवी मिश्रा और एसपी पीयूष पांडेय ने टीम के साथ रिसॉर्ट में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने विधि-व्यवस्था, पार्किंग और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही पतरातू लेक रिसॉर्ट के अधिकारियों के साथ चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने



प्रतिदिन बड़ी संख्या में पतरातू लेक रिसोर्ट में आ रहे सैलानियों की सुरक्षा के मद्देनजर की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रिसॉर्ट में भीड़-भाड़ नियंत्रित करने व सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई निर्देश दिए।

# कैदी की संदिग्ध मौत के मामले में पांच जेल कर्मियों पर प्राथमिकी दर्ज

**लातेहार, (हि. स.)।** मंडल कारा में बंद विचाराधीन कैदी संधू मुंडा की मौत के मामले में लातेहार सदर थाना में पांच जेल कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जेल अधीक्षक के आवेदन के आधार पर पुलिस ने मंडल कारा के कक्षपाल शंकर मुंडा, चंद्रशेखर सिंह, दीप नारायण विश्वकर्मा, प्रदीप प्रजापति और मनोहर बारला के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन आरंभ कर दी है । मामले में जो भी दोषी पाए जाएंगे उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि डायन बिसाही के आरोप में दोहरे हत्याकांड के आरोप में संधू मुंडा मंडल कारा में बंद था। शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चिकित्सकों का कहना था कि कैदी की मौत दौरा



पड़ने से हुई है। लेकिन जब मृतक कैदी के परिजन अस्पताल पहुंचे और शव को देखा तो उसके शरीर पर कई गहरे जख्म के निशान दिखे। इसके बाद परिजनों ने आरोप लगाया था कि संधू मुंडा की लाठी से पीटकर हत्या की गई है। इस आरोप के बाद तीन डॉक्टरों की मेडिकल बोर्ड बनाकर कार्यपालक दंडाधिकारी की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम किया गया। इसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। इधर रविवार को परिजन इस बात पर अड़ गए कि जब तक दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी की कॉपी उन्हें उपलब्ध नहीं कराई जाएगी तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। मृतक के परिजनों तथा ग्रामीणों ने पूरे मामले में प्रशासनिक उदासीनता का भी आरोप लगाया। हालांकि पुलिस पदाधिकारियों के समझाए जाने के बाद ग्रामीणों का आक्रोश कम हुआ।

# धीरेंद्र शास्त्री की कथा के खिलाफ मंत्री तेज प्रताप यादव व शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने खोला मोर्चा

**– बिहार में बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की अगुवाई में 13 से 17 मई तक हनुमंत कथा**

**पटना (ईएमएस)।** बिहार में पहली बार बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की अगुवाई में 13 से 17 मई तक हनुमंत कथा आयोजित है। राजधानी पटना के पास नौबतपुर में कथा होनी है। इस पांच दिवसीय आयोजन को लेकर राजनीति गर्म है। राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राज्य सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तेज प्रताप यादव और शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने आयोजन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राजद नेताओं के विरोध को देखते हुए भाजपा हमलावर हो गई है। भाजपा के साथ वीआइपी प्रमुख मुकेश साहनी भी धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के पक्ष में उतर आए हैं। केंद्रीय मंत्री ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने महागठबंधन सरकार को चुनौती दे दी है कि कहा कि दम है तो बिहार में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को गिरफ्तार कर के दिखाएं। मुसलमानों को खुश करने के लिए मंत्री और नेता कुछ भी बयान दे रहे हैं। मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि पटना के गांधी मैदान में समुदाय विशेष को कार्यक्रम की अनुमति दे दी, लेकिन धर्म गुरुओं को रोका जा रहा है। इससे साफ है कि बिहार में हनुमंत कथा को रोकने का षड़यंत्र किया जा रहा है।

यह सीधे-सीधे करोड़ों सनातनियों के आस्था पर चोट पहुंचाने की कोशिश है। वहीं, भाजपा विधान मंडल दल के नेता विजय सिन्हा ने महागठबंधन सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तेज प्रताप यादव पर पलटवार करते हुए कहा है कि बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के बिहार आने से कोई नहीं रोक सकता। कोई भी धार्मिक गुरु हमारे बिहार में आते हैं, तो जनता श्रद्धा से सम्मान करेगी। विरोध करने वालों का मुंह काला करेंगे। इसके अलावा वीआइपी प्रमुख मुकेश साहनी ने कहा है कि धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के पास जो दिव्य शक्तियां हैं, उससे वो बिहार का कुछ भला करें। बिहार सबका स्वागत करता है। जो भी बिहार आना चाहते हैं, वो बिहार आएं। यहां घूमें, राज्य को देखें और बिहार का भला करें। राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने हनुमंत कथा के आयोजन को लेकर कहा है कि धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जैसे लोगों को सलाखों के पीछे डाल देना चाहिए। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि वह (शास्त्री) जेल में नहीं हैं। भाजपा बिहार में सांप्रदायिक गुंडों को खड़ा कर रही है। इस देश के लोगों की संतों पर बहुत आस्था है, लेकिन भाजपा उसे नष्ट कर रही है। बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने कहा है कि लालकृष्ण आडवाणी को लालू यादव ने जेल भेजा था। तेजस्वी यादव बाबा बागेश्वर को जेल भिजवाएंगे। किशनगंज में मीडिया से बात करते हुए शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने बाबा बागेश्वर को अपने हरकतों से बाज आने की चेतावनी दी। वहीं, राज्य सरकार के पर्यावण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तेज प्रताप यादव ने तो चेतावनी ही दे दी है। मंत्री ने दो टूक कहा है कि हमारी ताकत भी शास्त्री देख लेंगे। मेरी पूरी सेना तैयार है। वे लोग भूल रहे हैं कि बिहार में किसकी सरकार है।

# नीतीश और तेजस्वी को मिला बाबा बागेश्वर की कथा सुनने का आमंत्रण



**पटना, (हि.स )।** पंडित धीरेन्द्र शास्त्री उर्फ बाबा बागेश्वर के हनुमत कथा में शामिल होने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को निमंत्रण भेजा गया है। पटना से सटे नौबतपुर के तरेत पाली में 13 से 17 मई तक धीरेंद्र शास्त्री की हनुमान कथा होगी। इसको लेकर बिहार में जमकर राजनीति भी हो रही है। बाबा बागेश्वर के इस कथा वाचन कार्यक्रम का राजद एकसुर में विरोध कर रहा है। राजद के कई मंत्री और नेता कह रहे हैं कि वे किसी बाबा को नहीं जानते हैं। इन सबके बीच बाबा बागेश्वर कार्यक्रम के आयोजक ने मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री को निमंत्रण दिया है। साथ ही 15 मई को धीरेंद्र शास्त्री लोगों के मन के सवालों के जवाब देंगे। भीड़ में से किसी को भी बुलाकर वे उसके मन में चल रही समस्या और उसके समाधान पर बात करेंगे। धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम की भव्य तैयारी भी की जा रही है। 30 एकड़ में एक नगर बसाया गया है। इस प्रोग्राम में 14 मई को इस कार्यक्रम में भाजपा सांसद मनोज तिवारी भी शामिल होंगे। अमरेंद्र कुमार ने बताया कि मनोज तिवारी भजन गाने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने बिहार के तकरीबन हर नेता को निमंत्रण दिया है चाहे वह किसी दल का हो।

# शादी के कुछ घंटे बाद ही दूल्हा-दुल्हन की दर्दनाक मौत

**नालंदा(ईएमएस)।** नालंदा जिले में शादी के कुछ घंटे बाद ही दूल्हा-दुल्हन की एक साथ दर्दनाक मौत हो गई। इससे दो परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। जिस कार में दूल्हा अपनी दुल्हन को ले जा रहा था उसे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी और दूल्हा-दुल्हन की मौके पर ही मौत हो गई। इसमें दूल्हे का बहनोई गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रैक्टर सहित फरार हुए चालक तलाश शुरू कर दी है। यह घटना नालंदा के पुरैनी गांव के पास की है। शुक्रवार को गिरियक के सतौआ गांव के रहने वाले कारू चौधरी की बेटी पुष्पा कुमारी (20) की शादी नवादा के महराना गांव के रहने वाले श्याम कुमार (27) के साथ हुई थी। शनिवार को पुष्पा को विदा किया गया था। इनोवा कार में श्याम अपनी दुल्हन पुष्पा और बहनोई के साथ अपने गांव महाराना के लिए निकला था। दोपहर करीब 3-4 बजे के बीच उनकी गाड़ी पुरैनी गांव के पास पहुंची ही थी कि तभी रेत से भरे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। इसके कारण कार सड़क से नीचे उतर गई। श्याम और पुष्पा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। श्याम का बहनोई और कार का ड्राइवर इस बुरी तरह से घायल हो गए। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दूल्हा-दुल्हन के शव को मचुर्री भिजवाया और गंभीर घायल बहनोई को इलाज के लिए विम्स में भर्ती कराया। कार को टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक ट्रैक्टर सहित फरार हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बारे में जैसे ही परिवारों को जानकारी मिली तो वहां मातम छा गया। एक ही पल में खुशियां गम में बदल गईं। लोगों का कहना था कि हमने तो बेटी को खुशी-खुशी विदा किया था, क्या पता था कि ऐसा कुछ हो जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि सतौआ में हर दिन बड़े पैमाने पर अवैध बालू का खनन होता है। रेत खनन करने वाले लोग ट्रैक्टर से रेत भरकर तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाते हुए सड़क से निकलते हैं।

## संपादकीय

# केजरीवाल और उनके 'वायदों का हवामहल'

**भ्रष्टाचार** के विरुद्ध देशव्यापी आंदोलन के दौरान अरविंद केजरीवाल ने सरकारी खजाने से नेताओं की ऐशोआराम की जिंदगी पर सवाल उठाये थे तब देश को लगा था कि यह व्यक्ति सचमुच क्रांति ला देगा। इसलिए आम आदमी पार्टी को उसके पहले ही प्रयास में जनता ने दिल्ली की सत्ता तक पहुँचा दिया। अभूतपूर्व समर्थन दिया। आंदोलन की पीठ पर सवार होकर सत्ता में पहुंची आआपा ने ईमानदार एवं सादगीपूर्ण राजनीति का जो सपना दिखाया था, सत्ता में आते ही ठीक उसके प्रतिकूल व्यवहार किया। आज देश हैरानी से देखता है कि जिस आदमी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के सरकारी आवास में लगे आठ एसी पर हो-हल्ला मचाया था, वही आदमी आज मुख्यमंत्री आवास में करोड़ों के पर्दे, वार्डरोब और विदेशी टाइल्स लगवा रहा है। याद हो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने ही यह कहा था कि उनके लोग सरकारी बंगला और सरकारी सुरक्षा नहीं लेंगे लेकिन सत्ता पाते ही उन्होंने महंगी गाड़ियां भी ली और बंगले भी। पिछले कुछ दिनों से अरविन्द केजरीवाल और उनकी सरकार अपने मंत्रियों के भ्रष्टाचार को लेकर चर्चा में थी। लेकिन अब तो केजरीवाल सहित समूची सरकार मुख्यमंत्री आवास को आलीशान महल का रूप देने के लिए विवादों में हैं। प्रत्येक देशवासी यह जानकार हैरान है कि आम आदमी की तरह सरकार चलाने का वायदा करनेवाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सरकारी बंगले की साज-सज्जा पर 45 करोड़ रुपये खर्च कर डाले हैं। इस खर्च का विवरण देखकर हैरानी और बढ़ जाती है। केजरीवाल के सरकारी बंगले में जितनी राशि के पर्दे लगे हैं, उतनी राशि में कई आम लोगों के संपूर्ण आवास बन जाते। दुर्भाग्यपूर्ण है कि आवास में टाइल्स भी विदेश से मंगाकर लगाई गई हैं। आम आदमी पार्टी की ओर से दावा किया जा रहा है कि यह खर्च अन्य मुख्यमंत्रियों की ओर से किये जाने वाले खर्च से बेहद कम है। लेकिन यहां सवाल किसी से ज्यादा खर्च करने या कम खर्च करने का नहीं है। यहां सवाल वादाखिलाफी का है। किसी अन्य मुख्यमंत्री ने कभी नहीं कहा था कि हम सरकारी सुविधा नहीं लेंगे। ऐसा कहने वाले सिर्फ केजरीवाल ही थे इसलिए उनसे प्रश्न पूछा ही जायेगा। उन्होंने जनता से वोट सादगीपूर्ण राजनीति की बात करके ही हासिल किए थे। सवाल तो यह भी है कि इतनी भारी भरकम राशि उस कोरोना काल में कैसे खर्च कर दी गयी, जिस दौरान सभी अनावश्यक खर्चों पर रोक लगी हुई थी? उस समय एक तरफ दिल्ली की सरकार कोरोना काल में प्रवासी मजदूरों को भोजन और आश्रय सुविधा देने में नाकाम साबित हो रही थी और उनको दिल्ली की सीमाओं पर छोड़ दे रही थी तो वहीं केजरीवाल के बंगले की साज-सज्जा पर करोड़ों रुपए खर्च किये जा रहे थे। कुलमिलाकर अरविंद केजरीवाल एवं उनकी पार्टी जनता से वायद कुछ करती है, जबकि उसका आचरण कुछ और रहता है। बहरहाल, आम आदमी पार्टी के नेता सरकारी आवास पर बेतहाशा अपव्यय का कितना भी बचाव करना चाहें, लेकिन वे किसी भी प्रकार से इसे उचित नहीं ठहरा सकते। यह सरकारी धन के दुरुपयोग की पराकाष्ठा है।

> आज देश हैरानी से देखता है कि जिस आदमी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के सरकारी आवास में लगे आठ एसी पर हो-हल्ला मचाया था, वही आदमी आज मुख्यमंत्री आवास में करोड़ों के पर्दे, वार्डरोब और विदेशी टाइल्स लगवा रहा है। याद हो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने ही यह कहा था कि उनके लोग सरकारी बंगला और सरकारी सुरक्षा नहीं लेंगे लेकिन सत्ता पाते ही उन्होंने महंगी गाड़ियां भी ली और बंगले भी। पिछले कुछ दिनों से अरविन्द केजरीवाल और उनकी सरकार अपने मंत्रियों के भ्रष्टाचार को लेकर चर्चा में थी। लेकिन अब तो केजरीवाल सहित समूची सरकार मुख्यमंत्री आवास को आलीशान महल का रूप देने के लिए विवादों में हैं। प्रत्येक देशवासी यह जानकार हैरान है कि आम आदमी की तरह सरकार चलाने का वायदा करनेवाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सरकारी बंगले की साज-सज्जा पर 45 करोड़ रुपये खर्च कर डाले हैं।

## कुछ अलग

# प्रकाश की गौरवगाथा है ब्रह्माण्ड

**तैत्तिरीय** उपनिषद में लिखा है: यह ब्रह्मांड, वास्तव में, प्रारम्भ में कुछ भी नहीं था। न स्वर्ग था, न पृथ्वी, न वातावरण। यह जीव, जो पूरी तरह से गैर-अस्तित्व था, ने एक इच्छा की कल्पना की: 'मैं हो सकता हूं।' ब्रह्मांड, वास्तव में, ल्यूमेनोस्फीयर या फोटोस्फीयर है, अर्थात प्रकाश का घर, या प्रकाशालय। करोड़ों (संभवतः अरबों) आकाशगंगाओं में प्रत्येक में अरबों सितारे हैं, सभी अनंत सीमाओं में अपने प्रकाश को उड़ेलते-उलीचते-बिखेरते। ब्रह्मांड प्रकाश की रचनात्मकता का रौचकताओं से भरा एक 'उत्पाद' है। प्रकाश परिमित सीमाओं में नहीं रह सकता। इसलिए, उसने अपने लिए विराटतम घर बनाया: असीमित सीमाओं वाला ब्रह्माण्ड। पृथ्वी ग्रह सौर परिवार का अब तक ज्ञात एकमात्र जीवित सदस्य है जो पूरे परिवार के संतुलन में योगदान देता है। यह प्रकाश ही है जो पूरे सौर परिवार को एकजुट और एकीकृत रखता है। सौरमंडल में अपने मूल स्रोत सूर्य से उत्सर्जित होकर प्रकाश अपनी रचनात्मक यात्रा करता है और ब्रह्मांड को विकासवादी पथ पर स्थापित करने के लिए वह सब करता है जो उसे करने की आवश्यकता होती है। इसे जो कुछ भी करना पसंद है और जो कुछ भी करना है, यह सब इसकी विकासोन्मुख रचनात्मकता का एक गुण है। प्रकाश कभी स्थिर नहीं होता, कभी सुस्त नहीं होता, कभी निष्क्रिय नहीं होता, कभी धीमा नहीं होता, कभी विश्राम में नहीं होता। यह अनवरत क्रियाशील रहता है। यह सबसे तेज गति से यात्रा करता है। प्रकाश से तेज गति से कोई यात्रा नहीं कर सकता। यह सदैव क्रियाशील रहता है। यह सदैव सृजनात्मक रहता है। प्रकाश से अधिक गतिशील कुछ भी नहीं हो सकता। प्रकाश अंतरिक्ष में तरंगों के रूप में यात्रा करता है। लेकिन जब यह किसी ग्रह से टकराता है, तो यह अपने फोटोन कणों के माध्यम से क्रिया करके अपना व्यवहार बदल देता है। फोटॉन अपनी ऊर्जा को पदार्थ में स्थानांतरित करते हैं। प्रकाश की ऊर्जा से आवेशित पदार्थ में परिवर्तन होता है। कोई भी कुछ भी प्रकाश से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता। प्रकाश के संपर्क में आने पर कुछ भी शांत, निष्क्रिय और अपरिवर्तित नहीं रह सकता। ब्रह्मांड प्रकाश की रचनात्मकता के लिए एक घर प्रदान करता है। प्रकाश अपने घर को अपनी ऊर्जा से भर देता है और उसे एक करिश्माई क्रम में संचालित रखता है जो एक आश्चर्यजनक संतुलन प्रदान करता है। संपूर्ण ब्रह्माण्ड प्रकाश द्वारा प्रलोभित है। ब्रह्मांड में प्रकाश ही सबकुछ रचता है। ब्रह्मांड का नियम कहता है कि कुछ भी अपरिवर्तित नहीं रहना चाहिए। ब्रह्मांड के लिए जो प्रकाश से आवेशित है, गतिशील रहता है। परिवर्तन ब्रह्मांड का नियम है। प्रकाशालय में परिवर्तन कभी भी बेतरतीब नहीं होता है। यह विकासोन्मुखी (ऐवोलुशनरी) होता है। इस परिवर्तन में एक लय होती है, एक क्रम होता है, एक संगीतात्मकता होती है। सब कुछ स्वयं को नवीनीकृत करता है, क्योंकि नवीनीकरण ब्रह्मांड का एक विधान है। नवीकरणीयता ब्रह्मांड के नियमों में से एक है, क्योंकि ब्रह्मांड प्रकाशालय है। प्रकाश से दमकता ब्रह्मांड निरंतर अपनी रचनात्मक यात्रा करता रहता है और ब्रह्मांड में सब कुछ – इसके आकाशीय पिंडों, ग्रहों, चंद्रमाओं और उल्कापिंडों में सबकुछ – अनिवार्य रूप से रहस्यभरी रचनात्मकता की इस यात्रा में भाग लेता है। सार्वभौमिक रचनात्मकता की अपनी भव्य यात्रा में प्रकाश ने ब्रह्मांडीय पदार्थ को जीवन-प्रक्रियाओं में रूपांतरित कर जैवमंडल का निर्माण किया। जैवमंडल में प्रकाश की असाधारण भूमिका होती है। प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से यह जीवन चक्र रचता है और जीव-धाराओं में प्रवाहित होता है। यह विशाल, अथाह और अद्भुत जैव विविधता बनाता है। यह अपनी रचनात्मकता के सभी रंगों को सभी जीवित प्रजातियों में, उनकी रज में, विविध परिदृश्यों में फैले विविध पारिस्थितिक तंत्रों में, जल में, भूमि पर, मिट्टी में और वातावरण में फैलाता है। इस तरह संपूर्ण जीवमंडल, स्थलमंडल, जलमंडल और वायुमंडल के कुछ हिस्सों को शामिल करता है और ऐसा करने में जीवन की महान विविधता के साथ खिलता है और प्रकाश की जीवंत ऊर्जा के साथ प्रतिध्वनित होता है।

## तीखी टक्कर वाले दलों ने राष्ट्रीय मुद्दों को भी पर्याप्त तवज्जो दी

# कर्नाटक में कांग्रेस ने अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम कर दिया है

ललित गर्ग

> कांग्रेस ने इन चुनावों से काफी उम्मीदें लगा रखी हैं, वहीं भाजपा की ओर से हर बार की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही जोरदार एवं धारदार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस ने बजरंग दल पर बैन लगाने की बात अपने घोषणा पत्र में करके जीत की ओर बढ़ते अपने कदमों पर विराम ही लगाया है। क्योंकि भाजपा इसे हिन्दू भावनाओं के मान-सम्मान से जोड़ रही है, देश में बह रही हिन्दूवादी लहर के दौर में निश्चित ही इसके नकारात्मक असर देखने को मिलेंगे। हर तरह की चहलकदमी के बावजूद यह चुनाव भी मुद्दों से भटकता हुआ दिखाई दे रहा है। कर्नाटक में मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, विधानसभा चुनाव मुद्दों से भटक कर धार्मिक भावनाओं पर केंद्रित होता दिख रहा है।

**कर्नाटक** में विधानसभा चुनाव काफी दिलचस्प होने जा रहे हैं, इन चुनावों के परिणामों का असर कांग्रेस की भावी स्थितियों के साथ राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों पर भी पड़ेगा। इन चुनावों से विपक्षी एकता की प्रक्रिया में कांग्रेस की भूमिका भी तय होने की दिशाएं सामने आयेंगी। इस लिहाज से कर्नाटक चुनाव महत्त्वपूर्ण होने के साथ भविष्य की भारतीय राजनीति की दिशाओं को मोड़ देगी। कांग्रेस ने इन चुनावों से काफी उम्मीदें लगा रखी हैं, वहीं भाजपा की ओर से हर बार की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही जोरदार एवं धारदार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस ने बजरंग दल पर बैन लगाने की बात अपने घोषणा पत्र में करके जीत की ओर बढ़ते अपने कदमों पर विराम ही लगाया है। क्योंकि भाजपा इसे हिन्दू भावनाओं के मान-सम्मान से जोड़ रही है, देश में बह रही हिन्दूवादी लहर के दौर में निश्चित ही इसके नकारात्मक असर देखने को मिलेंगे। हर तरह की चहलकदमी के बावजूद यह चुनाव भी मुद्दों से भटकता हुआ दिखाई दे रहा है। कर्नाटक में मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, विधानसभा चुनाव मुद्दों से भटक कर धार्मिक भावनाओं पर केंद्रित होता दिख रहा है। मुफ्त रेवड़ियों के चुनावी वादे दक्षिण की पुरानी परंपरा है, लेकिन अब शिव के गले के सांप और बजरंग बली भी चुनावी मुद्दा बन गए हैं। दक्षिण भारत में भाजपा का प्रवेश द्वार बने कर्नाटक को सामाजिक-आर्थिक रूप से बेहतर राज्यों में गिना जाता है, पर कटु सत्य यही है कि वहां की राजनीति जातीय बंधनों से मुक्त नहीं हो पाई है। राज्य में लिंगायत, वोक्कालिगा और कुरुबा- तीन बड़े समुदाय हैं। राजनीतिक दल इनके बीच अपनी वोट-राजनीति का सही गणित बैठा कर ही सत्ता की राह तलाशते रहे हैं। इस बार भी चुनावी परिदृश्य इसी गुणा-भाग से शुरू होता हुआ दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा के रूप में सबसे बड़े लिंगायत समुदाय के बड़े चेहरे भाजपा के पास हैं, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर और पूर्व उप मुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी के बगावत कर कांग्रेस में चले जाने से उसे झटका भी लगा है। कांग्रेस के पास पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के रूप में कुरुबा समुदाय तथा प्रदेश अध्यक्ष डी.के. शिव कुमार के रूप में वोक्कालिगा समुदाय के बड़े चेहरे पहले से हैं। ऐसे में माना जा सकता है कि शेट्टर और सावदी के पाला



बदलने से उसे लाभ ही हुआ। इन जातिगत समीकरणों के बीच धार्मिक भावनाओं का असर भी अपना जादू दिखा दे तो कोई आश्चर्य नहीं। कांग्रेस की स्थितियां मजबूत होने के बावजूद भाजपा कोई चमत्कार घटित कर दे, इससे भी इन्कार नहीं किया जा सकता। कांग्रेस भले ही येदियुरप्पा और बोम्मई के नेतृत्व वाली भाजपा सरकारों के कामकाज को मुद्दा बनाये या जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक और जंतर-मंतर पर पहलवानों के धरने उसके लिये अतिरिक्त मुद्दे हैं। लोक लुभावन वादों वाले भाजपाई घोषणापत्र के जवाब में वैसे ही या और आगे बढ़ते हुए कांग्रेसी वादे भी राजनीतिक रूप से समझ में आते हैं, पर पीएफआई के साथ ही बजरंग दल पर प्रतिबंध के वादे ने तो भाजपा को मनवांछित मुद्दा उपलब्ध करा दिया है। पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जहरीला सांप बता कर अवांछित और अशोभनीय विवाद पैदा किया, तो अब बजरंग दल और पीएफआई को एक ही श्रेणी में रख कर कांग्रेस ने चुनाव को असल मुद्दों से भटका कर भावनाओं में बह जाने या बहा लिए जाने का मौका खुद दे दिया है। बजरंग दल का मुद्दा प्रभावी होने वाला है, क्योंकि कर्नाटक की जनता का हनुमानजी के साथ भावनात्मक एवं धार्मिक जुड़ाव है, बजरंग बली की जन्मभूमि होने का गौरव इसी प्रांत को जाता है। भाजपा तो चाहती ही थी कि ये चुनाव धार्मिक मोड़ ले, बजरंग बली का मुद्दा उछाल कर कांग्रेस ने भाजपा के लिये सहुलियत ही की है। प्रश्न है कि कांग्रेस क्यों एक बार फिर भाजपा द्वारा तैयार चुनावी पिच पर खेलने को तैयार हो गई? बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का सपना देखने वाली कांग्रेस दरअसल अपने पूर्ण पतन का आह्वान कर रही है। बजरंग दल देशभक्त युवाओं का राष्ट्रवादी संगठन है, जो विपत्ति के समय जाति धर्म आदि नहीं देखता और देश के संकट को दूर करने में तन, मन व धन से सहयोग करता है। राजनीतिक दुराग्रह के कारण पीएफआई जैसे आतंकी संगठनों से इसकी तुलना करना जहां निंदनीय है, वहीं राजनीतिक अपरिपक्वता का परिचायक है। कांग्रेस अपनी बची-खुची इज्जत भी ऐसे पूर्वाग्रही कुविचारों के कारण गंवा रही है। यह विडंबना है कि कांग्रेस आतंकवाद की बुराई करने के बजाय राष्ट्रवादी संगठनों को निशाना बनाने की ताक में है। वह शायद बजरंग दल का इतिहास भूल रही है। राम जन्मभूमि आंदोलन को सफल बनाने में इस राष्ट्रवादी संगठन की उल्लेखनीय भूमिका भला कौन नहीं जानता? कांग्रेस ने जब घोषणापत्र जारी किया तो उसमें मुफ्त की सौगातों के साथ इस एक वायदे ने सभी का ध्यान खींचा। लगता है, कांग्रेस जो दिवास्वप्न देख रही है इससे वह जितनी जल्दी बाहर निकल जाए, उतना ही उसके उन्नत राजनीतिक भविष्य के लिये बेहतर होगा। इन चुनावों का एक अन्य पहलू यह है कि दोनों तीखी टक्कर वाले दलों ने राष्ट्रीय मुद्दों को भी पर्याप्त तवज्जो दी है। बीजेपी ने सीधे तौर पर राम मंदिर की बात भले न की हो, लेकिन समान नागरिक संहिता और एनआरसी लागू करने का वादा जरूर किया है। गौर करने की बात यह है कि कांग्रेस भी इन कथित राष्ट्रीय मुद्दों पर खासी आक्रामक नजर आ रही है। उसने अपने घोषणापत्र में हेटस्पीच के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने की बात कही है। हालांकि पीएफआई पर केंद्र सरकार पांच साल का बैन पहले ही लगा चुकी है। यही नहीं, चार फीसदी मुस्लिम आरक्षण खत्म करने की बीजेपी की घोषणा के जवाब में इसे बहाल करने की बात भी उसने कही है। पिछले कुछ समय से कथित तौर पर विभाजित करने वाले मुद्दों पर कांग्रेस के नरम रवैये में यह एक दिलचस्प बदलाव है। इन तमाम वादों के बीच सवाल सिर्फ यह नहीं कि किसका वादा कितना लुभावना है, देखने वाली बात यह भी होगी कि किसके वादों को मतदाता कितना भरोसेमंद मानते हैं और किस दल को जीत की ओर अग्रसर करते हैं। दिल्ली में मुफ्त की संस्कृति को बल देने वाले आम आदमी पार्टी के पदचिन्हों पर चलते हुए कांग्रेस एवं भाजपा दोनों ने अपने घोषणापत्रों में मतदाताओं के अलग-अलग वर्गों को लुभाने की कोशिश की है जो स्वाभाविक होने के बावजूद राजनीतिक दशा एवं दिशा पर एक बड़ा सवाल है। लेकिन इस क्रम में मुफ्त की पेशकश करने में किसी ने भी कोई हिचक नहीं दिखाई है।

# आनंद मोहन की रिहाई दर्शाती है कि सत्ता बचाने के लिए नीतीश कुछ भी करेंगे

> बाहुबली आनंद मोहन सिंह 1994 में गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी कृष्णैया की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। दलित आईएएस अधिकारी जी कृष्णैया की भीड़ ने पिटाई की और गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस भीड़ को आनंद मोहन ने उकसाया था। साल 2007 में पटना हाईकोर्ट ने उसे दोषी ठहराया और फांसी की सजा सुनाई। आजाद भारत में यह पहला मामला था, जिसमें एक राजनेता को मौत की सजा दी गई थी। हालांकि 2008 में इस सजा को उम्रकैद में तब्दील कर दिया गया। आनंद मोहन सिंह को बिहार में जाति विशेष के एक बड़े नेता माना जाता है। जाति विशेष के मतदाताओं को साधने के इरादे से आनंद मोहन को रिहा किया करवाया गया, ताकि नीतिश सरकार के प्रति उनकी जाति के मतदाताओं की सहानुभूति को चुनावों में बटोरा जा सके। नीतिश कुमार भाजपा के खिलाफ देश के विपक्षी दलों की एकता की कवायद में जुटे हुए हैं। यही वजह है कि भ्रष्टाचार और अपराध जैसे कारणों से भाजपा विपक्षी दलों को निशाने पर लेती रही है। इसका मौका विपक्षी दलों ने ही भाजपा को कई बार थमाया है।

**बिहार** की नीतिश कुमार सरकार के जेल नियमों में संशोधन करने से कुख्यात बाहुबली आनंद मोहन सिंह की रिहाई हो गई। इस गैंगस्टर पर गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी. कृष्णैया की हत्या में शामिल होने का आरोप था। आनंद मोहन सिंह सहित 27 दोषियों को इस संशोधन का फायदा मिला। बाहुबली आनंद मोहन सिंह 1994 में गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी कृष्णैया की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। दलित आईएएस अधिकारी जी कृष्णैया की भीड़ ने पिटाई की और गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस भीड़ को आनंद मोहन ने उकसाया था। साल 2007 में पटना हाईकोर्ट ने उसे दोषी ठहराया और फांसी की सजा सुनाई। आजाद भारत में यह पहला मामला था, जिसमें एक राजनेता को मौत की सजा दी गई थी। हालांकि 2008 में इस सजा को उम्रकैद में तब्दील कर दिया गया। आनंद मोहन सिंह को बिहार में जाति विशेष के एक बड़े नेता माना जाता है। जाति विशेष के मतदाताओं को साधने के इरादे से आनंद मोहन को रिहा किया करवाया गया, ताकि नीतिश सरकार के प्रति उनकी जाति के मतदाताओं की सहानुभूति को चुनावों में बटोरा जा सके। नीतिश कुमार भाजपा के खिलाफ देश के विपक्षी दलों की एकता की कवायद में जुटे हुए हैं। यही वजह है कि भ्रष्टाचार और अपराध जैसे कारणों से भाजपा विपक्षी दलों को निशाने पर लेती रही है। इसका मौका विपक्षी दलों ने ही भाजपा को कई बार थमाया है। विपक्षी एकता में विपक्षी दलों के ऐसे स्वार्थपरक निर्णय ही बाधा बन कर खड़े हैं। मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने अपराधियों के साथ गठजोड़ करके भाजपा को एक नया मुद्दा थमा दिया। भाजपा इसका तुलनात्मक प्रचार करके विपक्ष दलों का पर्दाफाश करने में लगी है। एक तरफ बिहार है, जहां बाहुबली से राजनीतिक फायदा उठाने के लिए कानून बदल दिया गया। वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने गैंगस्टर्स के सफाए में कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ रखी। उत्तर प्रदेश पुलिस ने दुर्दांत अपराधी अतीक अहमद के गैंगस्टर बेटे और उसके साथी को मुठभेड़ में मार गिराया। संयोग से अतीक और उसका भाई भी एक हमले में मारे गए। इससे पहले भी उत्तर प्रदेश पुलिस मुठभेड़ में दर्जनों खतरनाक अपराधियों का सफाया कर चुकी है। हालात यह हैं कि उत्तर प्रदेश में अपराधी डर के मारे जेल से जमानत तक लेने से हिचक रहे हैं। गैंगस्टर रहे आनंद मोहन की रिहाई से अंदाजा लगाया जा सकता है कि गठबंधन की कवायद में लगे विपक्षी दल अपनी सत्ता को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। क्षेत्रीय दलों के लिए अपने हित सर्वोपरि हैं। संकीर्ण हितों के कारण ही क्षेत्रीय दल भारतीय जनता पार्टी को कोसने के बावजूद एकजुट नहीं हो पा रहे हैं। इस मामले में बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने फिर से पहल की है। नीतिश कुमार ने बिहार के राजद नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, राहुल गांधी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से मुलाकात की। इसके बाद राहुल गांधी ने मल्लिकार्जुन खडगे और जेडीयू और आरजेडी नेताओं के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। जिसमें कहा गया कि वे एक साथ खड़े हैं, भारत के लिए एक साथ लड़ेंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी 2024 के चुनावों से पहले अन्य दलों के साथ तालमेल बिठाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। उन्होंने पिछले महीने कोलकाता में अपने आवास पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की थी। साथ ही वे लगातार विपक्षी एकता की बात कर रही हैं। विपक्षी दलों ने इससे पहले भी भाजपा को घेरने के इरादे से प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई की कार्रवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कह दिया देश के आम नागरिक और नेताओं में कोई फर्क नहीं है। नेताओं के लिए अलग से आदेश नहीं दिए जा सकते। इस पर विपक्षी दल याचिका वापस लेने को मजबूर हो गए। सुप्रीम कोर्ट से मिले तगड़े झटके के बाद विपक्षी दलों के एकता के नए सिरे से प्रयास जारी हैं। विपक्षी एकता का धरातल इतना कमजोर है कि क्षेत्रीय दलों की आपस में और कांग्रेस से पटरी नहीं बैठ पा रही है। क्षेत्रीय दलों के सामने सबसे बड़ी चुनौती सभी गैर भाजपा दलों को एकजुट करना है। इस बाधा को पार करने के बाद न्यूनतम साझा कार्यक्रम तय करना है। पहली बाधा ही विपक्षी दलों के लिए हिमालय जैसी है। चुनावी एजेंडा तय करने में विपक्षी दलों को अपराध, भ्रष्टाचार सहित ऐसे कई बड़े मुद्दों से जूझना पड़ेगा, जिसमें ज्यादातर नेता प्रत्यक्ष या परोक्ष तौर पर शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य नेता कर्नाटक चुनाव सहित अन्य सार्वजनिक सभाओं में विपक्षी दलों की एकता को नापाक करार देते हुए हमले का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा ने विपक्षी दलों के भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। भाजपा की लगातार विजय में यह प्रमुख मुद्दा रहा है। अपराध और भ्रष्टाचार के मामले में विपक्षी दल भाजपा के हाथों मात खाते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और अन्य भाजपा नेता जिस तरह लगातार ऐसे मुद्दे उठा रहे हैं, उससे जाहिर है कि आगामी लोकसभा चुनाव में विकास के साथ विपक्षी दलों के दागदार मामले प्रमुख मुद्दा रहेंगे। विपक्षी दलों के सामने यक्ष प्रश्न यही है कि एकजुटता की शुरुआत कैसे हो। यह निश्चित है कि सीटों के बंटवारे के अलावा भ्रष्टाचार और अपराधों सहित अन्य मुद्दों पर जब तक कोई सहमति नहीं बन जाती तब तक विपक्षी एकता कोरा दिखावटी प्रयास ही रहेगी। विपक्षी दल भाजपा के दामन में दाग ढूंढ़ने की बजाए जब तक अपने स्वार्थों से ऊपर उठ कर राष्ट्रीय हित में निर्णय नहीं करेंगे, तब भाजपा एकता के उनके प्रयासों को कठघरे में खड़ा करती रहेगी।

## नागरिक बोध

# देश मे सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी

**देश** मे दिल दहलाने वाली घटनाओ से रोंगटे खड़े हो जाते है।इन दुर्घटाओ के पीछे तेज रफ्तार वाहन चलाने की वजह स्पस्ट है। रास्ट्रीय राजमार्ग बनने के साथ घटनाए भी बढ़ रही है। एनसीआरबी की रिपोर्ट में डेढ़ लाख से अधिक लोगो की मौत दुर्घटनाओं में होती है। सड़क सुरक्षा जैसे आयोजनों सड़क दुर्घटाओ को रोकने में नाकाम सिद्ध होते है। इसके पीछे शराब पी कर वाहन चलाना और दूसरा कारण तेज रफ्तार से वाहन चलाने की वजह कारणभूत है। मार्ग दुर्घटनाओं में मरने वालो की संख्या बढ़ना गंभीर बाबत है। हररोज देश मे सैकड़ो दुर्घटनाएं होती है। उसमें चोट लगना या मौते होती है। यातायात नियमो की अनदेखी,गलत और उल्टी दिशा में तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण,अतिक्रमण और सड़कों की खराब डिजाइन के कारण भी हादसे बढ़ते जा रहे है। परिवार का परिवार साफ हो जाता है। यह देश के लिए गंभीर चिंता का विषय है। गड्ढा मुक्त सड़को का संकल्प महज नारा बनकर रह गया है।देश मे छोटी सड़को की हालत खराब होने से सड़को पर कंक्रीट बिखरा मिलता है। उस सड़क निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग की जाती है। ये वे सड़क होती है जिनकी उम्र साल या डेढ़ साल ही होती है। उसके बाद जर्जरित होती है। प्रधानमंत्री सड़क निर्माण में एक बार सड़क बनाई जाती है। डेढ़ साल में सड़क की खस्ताहाल हालात होने के बाद साढ़े तीन साल तक कंक्रीट पर वाहन चलाते है। उस मे घटना हो जाती है। हालांकि जिन सड़को के रखरखाव की जिम्मेदारी होती है। उस पर घटनाए कम होती है।सड़को की लंबाई की हिस्सेदारी वाले रास्ट्रीय राज्यमार्ग में35 प्रतिशत दुर्घटनाएं होती है। केंद्र ,राज्य सरकारों के साथ साथ यातायात पुलिस को सतर्कता दिखाने होगी। तेज रफ्तार वाहन चालकों की गति मर्यादा के बाद कोई पाया जाता है तो उस पर दण्डात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। सड़को पर दुर्घटना बहुल क्षेत्र की पहचान होने के बाद सरकार और यातायात पुलिस को सतर्क रहने की आवश्यकता है। देश मे हररोज दुर्घटना होने के बाद कोई गंभीर नही है। इन दुर्घटनाओं को रोकने या कम करने के लिए सरकार युक्तियुक्त नियमो की पालना के आदेश जारी करने चाहिए। हादसों को रोकने के उपायों का ईमानदारी से पालना होनी चाहिए। हादसों में परिवार का कमाऊ सदस्य चला जाता है। जिससे परिवार गभीर संकट में गिर जाता है। परिवार, समाज और राष्ट्र की भारी क्षति है। इससे राष्ट्र प्रभावित होता है। जयपुर में एक दुर्घटना में तीन युवतियों की मौत हो गई।तीनो अच्छी मित्र थी। जयपुर अजमेर हाईवे की दुर्घटना दिल दहलाने वाली है। अल्ट्रो कार पर ट्रक पलटने से आठ लोगो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।इस तरह की दुर्घटना हररोज सैकड़ो होती है। जिसमे परिवार उजड़ जाते है। सरकार को इस पर गंभीर होने की जरूरत है।

## देश दुनीया से

# साजिश समान क्यों लगता है अतीक-अशरफ हत्याकांड!

**यहां** बात हो रही है 'तथाकथित' दुर्दांत अपराधी अतीक अहमद की। 'तथाकथित' इसलिए, क्योंकि भारतीय न्यायपालिका ने उसे उसके अपराध के लिए मृत्युदंड नहीं दिया था और अतिरेक में पुलिस की अभिरक्षा में सार्वजनिक रूप से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई। यह कैसा अंधेर काल है कि न्यायपालिका के समक्ष उपस्थित होने से पहले और उनके आदेश के बिना ही किसी की हत्या कर या करवा दी जाए! इसके कई निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। रात दस बजे अतीक-अशरफ को अस्पताल क्यों ले जाया गया गंभीर चर्चा का विषय है और पुलिस प्रशासन पर सीधा आरोप लगाया जाता है कि ऐसी क्या आफत आ गई थी कि रात दस बजे दूल्हे की तरह सजाकर दोनों अपराधियों को बारात की शक्ल में मेडिकल चेकअप के लिए ले जाया जा रहा था। दूसरा यह कि क्या प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए पुलिस के पास इतना और यही समय था अथवा वह अपराधी इतना बड़ा राष्ट्रपुरुष था कि वह चलते-चलते ही मीडियाकर्मियों से मुखातिब हो, बातचीत करे? या पूर्व निर्धारित योजनाबद्ध तरीके से ऐसा किया गया? अब सत्तापक्ष ने इस बात के लिए अपनी तलवार खींच ली है कि अतीक की हत्या विपक्ष ने कराई है। वहीं, विपक्ष इस बात के लिए तलवार खींचकर खड़ा है कि भारी—भरकम पुलिस अभिरक्षा में किसी की इतनी हिम्मत कैसे हो सकती है कि वह भीड़ में घुसकर अपराधियों की हत्या कर दे। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह कहते हैं कि अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या विपक्षी द्वारा राज खुलने के डर से कराई गई है। आगे वह कहते हैं कि कुछ गंभीर राज खुलने वाले थे, इसलिए विपक्ष ने दोनों भाइयों की हत्या करा दी। उनका कहना है कि माफिया भाइयों की हत्या को लेकर विपक्ष योगी सरकार को घेरने में जुटा है। मंत्री धर्मपाल सिंह का कहना है कि हत्याकांड को सरकार के नाम से जोड़ना पूरी तरह गलत है। लोग हंसी उड़ा रहे हैं कि यह किस तरह विपक्ष को हत्या की टोपी पहनाने में सरकार का प्रतिनिधि जुटा है। सरकार उनकी, पुलिस प्रशासन सत्तारूढ़ का, अभिरक्षा सरकार की, फिर विपक्ष किस प्रकार हत्या करा सकता है? यह गलत परंपरा की शुरुआत है जब एक दुर्दांत अपराधी की पुलिस अभिरक्षा में हत्या कर दी गई। जिस तरह हत्या की गई, उसकी जांच के लिए टीम का गठन सरकार ने कर दिया है। तो क्या सच भी सामने आ जाएगा? गैंगस्टर से राजनेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की 15 अप्रैल की रात सनसनीखेज अंदाज में हत्या कर दी गई। प्रयागराज के कॉल्विन अस्पताल के बाहर पुलिस की सुरक्षा के बीच मीडियाकर्मी बनकर पहुंचे हमलावरों ने दोनों पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर मौत के घाट उतार दिया। दशकों तक खौफ का साम्राज्य चलाने वाले अतीक अहमद का अंत महज कुछ सेकंड के भीतर हो गया। अतीक की हत्या के बाद उसके किस्से अब सार्वजनिक हो रहे हैं। अतीक अहमद ने 44 वर्ष तक प्रयागराज और उसके आसपास के इलाकों में न सिर्फ दहशत कायम की, बल्कि इसकी बदौलत अकूत दौलत कमाई और राजनीति में भी सफलता का स्वाद चखा। वह पांच बार विधायक रहा, जबकि एक बार सांसद बना। राजनीति की सीढ़ियां चढ़ने के बाद भी उसने अपराध की दुनिया से मुंह नहीं मोड़ा। आखिरी वक्त तक उसपर हत्या, अपहरण, वसूली, रंगदारी जैसी गंभीर धाराओं समेत 100 से ज्यादा मुकदमे विभिन्न न्यायालय और पुलिस थाने में दर्ज थे।अतीक अहमद के लिए कभी खुद, तो कभी गुर्गों के जरिये लोगों की हत्या करवाना, रंगदारी मांगना, न देने पर अगवा करवा लेना, पिटाई करना बेहद आम था। वह खुलेआम लोगों को फोन पर वसूली और हत्या की धमकी देता था।

> यह तो अकाट्य सत्य है कि जिसका जन्म हुआ है, उसकी मृत्यु होगी और जिसकी मृत्यु होगी, उसका पुनर्जन्म भी होगा। हां, मृत्यु अपने निर्धारित समय पर होती है अथवा अकारण, यह अहम विषय है। अपनी पौराणिक कथाओं के आधार पर यदि विचार करें तो मान्यता यह है कि जो अपनी निर्धारित आयु से पूर्व मरता है, उसे ईश्वर भी स्वीकार नहीं करते। उसकी आत्मा भटकती रहती है। वैसे, आज के वैज्ञानिक काल में इसकी कोई मान्यता नहीं है तथा यह माना जाता है कि जिसने जैसा कर्म किया था, उसे उसी प्रकार का फल मिला। मृत्यु सबकी होती है, चाहे वह संत हों या दुर्दांत अपराधी, लेकिन उनके लिए ऊपर एक पूर्व निर्धारित मार्ग है।



# नेतन्याहू बोले- अकेला ईरान 50 नॉर्थ कोरिया के बराबर : अमेरिकी सांसदों से कहा- वो इजराइल को छोटा तो अमेरिका को बड़ा शैतान समझते हैं

**तेहरान।**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी सांसदों के डेलीगेशन से मुलाकात की थी। ये मुलाकात यरुशलम में प्रधानमंत्री कार्यालय में हुई। इस दौरान नेतन्याहू से ईरान पर एक सवाल पूछा गया। इसके जवाब में उन्होंने कहा- अकेला ईरान 50 नॉर्थ कोरिया के बराबर है। ये मात्र वो पड़ोसी नहीं है जो आपको परेशान करता है। बल्कि वो तो इजराइल को छोटा शैतान और अमेरिकी को बड़ा शैतान समझते हैं। नेतन्याहू ने ईरान की न्यूक्लियर हथियार बनाने की कैपिसिटी और उससे अमेरिका को खतरा होने की बात भी कही।

**अमेरिकी सांसद ने इजराइल में की राष्ट्रपति बाइडेन की आलोचना** – दिसंबर 2022 में 74 साल के बेंजामिन नेतन्याहू ने इरजारइल में 37वीं बार सरकार बनाई थी। इसके बाद उनकी पार्टी ने खुद को और शक्तिशाली बनाने के लिए एक बिल पेश किया । जिसमें सुप्रीम कोर्ट की ताकतों को कम करने का सुझाव दिया गया है। इसे लेकर वहां कई महीनों से प्रदर्शन चल रहे हैं। ऐसे में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अब तक उन्हें यूएस के दौरे के लिए न्योता नहीं दिया है।

इसे लेकर रिपब्लिकन पार्टी के सांसद और अपर हाउस के स्पीकर केविन मैकार्थी ने बाइडेन की आलोचना की। इजराइल के दौरे पर उन्होंने कहा- परंपरा के मुताबिक बाइडेन ने अब तक नेतन्याहू के अमेरिका आने का न्योता नहीं दिया है। अगर वो जल्द ऐसा नहीं करेंगे तो मैं खुद नेतन्याहू को अमेरिका बुलाउंगा।

**इजराइल का आरोप ईरान के पास 5 परमाणु बम बनाने का सामान** – इजराइल के रक्षा मंत्री ने ईरान पर परमाणु हथियार बनाने की क्षमता बढ़ाने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ईरान एक परमाणु हथियार बनाकर खुश नहीं रहने वाला है। उसने 5 परमाणु हथियार बनाने का 60प्रतिशत सामान जुटा लिया है। अगर ये 90प्रतिशत हो गया तो इससे पूरा इलाके में अशांति फैलेगी।

दरअसल, दुनिया में परमाणु हथियार हासिल करने की रेस को थामने के लिए अमेरिका और पश्चिमी देश पाबंदियों का सहारा ले रहे हैं। इसके तहत वो ईरान और नॉर्थ कोरिया समेत कई देशों पर आर्थिक और अन्य पाबंदियां लगा चुके हैं। इजराइल 1966 में परमाणु हथियारों वाला देश बन गया था। अब वो नहीं चाहता है कि ईरान भी ये हथियार बनाने के लायक बने।

## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिका के टेक्सास में शॉपिंग मॉल में गोलीबारी, कम से कम नौ की मौत, पुलिस ने हमलावर को मार गिराया



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में गोलीबारी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। ताजा घटना टेक्सास की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, टेक्सास में एक शॉपिंग मॉल में गोलीबारी हुई है, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई और बच्चों समेत कई लोग घायल भी हुए हैं। अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि टेक्सास के एलेन में एलेन प्रीमियम आउटलेट्स मॉल में संदिग्ध हमलावर ने गोलीबारी की। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संदिग्ध शूटर को मार गिराया। एलेन पुलिस विभाग ने एक बयान में कहा कि टेक्सास में एलेन प्रीमियम आउटलेट्स मॉल में एक बंदूकधारी की गोलीबारी में कम से कम नौ लोग मारे गए। वहीं सात लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जिसमें तीन की हालत गंभीर है। ट्विटर पर जारी बयान में कहा गया है कि मॉल में अब कोई खतरा नहीं है। एलेन पुलिस विभाग के अनुसार, अधिकारियों ने बंदूकधारी को मार गिराया है। एलेन पुलिस विभाग ने कहा कि कई सुरक्षा एजेंसियों की तत्वरित कार्रवाई ने बड़े खतरे को रोकने में मदद की। अब कोई खतरा नहीं है। कॉलिन काउंटी के प्रमुख अधिकारी (शेरिफ) के कार्यालय ने गोलीबारी की घटना में सात लोगों के घायल होने की आशंका जताई है। एलेन पुलिस विभाग ने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लोगों से क्षेत्र में जाने से बचने की सलाह दी है। शेरिफ कार्यालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि मॉल में कुछ पीड़ित हैं। हालांकि, प्रवक्ता ने कहा कि फिलहाल उनकी स्थिति की जानकारी नहीं हैं। अमेरिकी सांसद कीथ सेल्फ ने कहा कि पुलिस ने मौके पर स्थिति को काबू कर लिया है। उन्होंने आगे कहा कि एक शूटर मार गिराया है और रिपोर्ट के अनुसार कई हताहत हैं। एक ट्वीट में, कीथ सेल्फ ने कहा कि आज एलेन प्रीमियम आउटलेट्स में हुई गोलीबारी की दुखद खबर से हम परेशान हो गए हैं। हमारी प्रार्थना पीड़ितों और उनके परिवारों प्रति संवेदना है। उन्होंने आगे कहा कि यह एक विकट परिस्थिति है, लेकिन घटनास्थल पर स्थिति नियंत्रण है। एक शूटर समेत और कई लोग हताहत हुए हैं। पुलिस अधिकारी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। क्षेत्र की जनता को घरों में रहने के लिए कहा गया है।

### यूक्रेन ने रूसी हाइपरसोनिक मिसाइल को मार गिराया: अमेरिकी पैट्रियट मिसाइल का इस्तेमाल किया, कहा- ये रूस के मुंह पर तमाचा

**कीव।** यूक्रेन की एयरफोर्स ने दावा किया है कि उन्होंने रूस की सबसे एडवांस हाइपरसोनिक मिसाइल किनजल को अमेरिका के पैट्रियट डिफेंस सिस्टम से तबाह कर दिया।



एयरफोर्स के प्रवक्ता युरी इहनात ने यूक्रेन के चैनल 24 को ये जानकारी दी। उन्होंने कहा, रूस कह रहा था कि अमेरिका का पैट्रियट मिसाइल सिस्टम पुराना और रूस के हथियार पूरी दुनिया में सबसे बेहतर हैं। अब किंजल का हवा में ढेर होना उनके मूंह पर तमाचा है। यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइलों की पहली खेंप अप्रैल महीने के अंत में मिली थी। रूस की जिस सुपर सोनिक मिसाइल को यूक्रेन ने ढेर करने का दावा किया है। उसकी खुद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने तारीफ की थी। मिसाइल के बारे में उन्होंने कहा था कि वो इतनी पावरफुल है कि पैट्रियट इसे कभी इंटरसेप्ट नहीं कर पाएगा।

### नंगरहार में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ से चार लोगों की मौत, 25 अन्य घायल

**काबुल ।** अफगानिस्तान के पूर्वी नंगरहार प्रांत में भारी बारिश और बाढ़ के कारण चार लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय रिपोर्ट के अनुसार, तालिबान के नेतृत्व वाले अधिकारियों ने कहा कि आकस्मिक बाढ़ के कारण स्थानीय लोगों को गंभीर वित्तीय और मानवीय नुकसान हुआ है। तालिबान के अनुसार, कम से कम चार बच्चे मारे गए और 25 अन्य घायल हो गए और लगभग 300 आवासीय घर अचानक आई बाढ़ के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। रिपोर्ट के अनुसार, कामा, लालपुर, गोष्टा, कोज कुनार जिलों और नांगरहार प्रांत के कुछ अन्य क्षेत्रों में हजारों एकड़ कृषि भूमि अचानक आई बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गई है। स्थानीय निवासियों ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा की हैं जो प्रांत के कई हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ के कारण आवासीय घरों के विनाश को दिखाती हैं। स्थानीय निवासियों ने सहायता संगठनों से बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद करने का आग्रह किया है। इस बीच, खामा प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तरी बल्ख, समंगन, ताखर, कुंदुज और बगलान प्रांतों में तेज हवाओं के साथ हुई भारी बारिश ने बगीचों और फलों के पेड़ों को नुकसान पहुंचाया।

## ब्रिटेन में चार्ल्स–कैमिला की ताजपोशी

# 80 मिनट चली रस्में, आर्चबिशप ने किंग को 360 साल पुराना ताज पहनाया ; क्वीन ने कोहिनूर जड़ा मुकुट नहीं पहना

**लंदन।**

ब्रिटेन के नए राजा किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला की ताजपोशी हो गई है। लंदन के वेस्टमिंस्टर ऐबे चर्च में 80 मिनट तक राजा–रानी की ताजपोशी से जुड़ी रस्में चलीं। इसके बाद आर्चबिशप ने किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला को ताज पहनाए। किंग चार्ल्स ने 1661 में बना सेंट एडवर्ड का ताज पहना, तो वहीं क्वीन ने जो ताज पहना उससे कोहिनूर हीरा नहीं जड़ा हुआ था। ब्रिटिश शाही परिवार में 70 साल बाद ताजपोशी हुई है। इससे पहले 1953 में किंग चार्ल्स की मां यानी महारानी एलिजाबेथ की ताजपोशी हुई थी। उस समय चार्ल्स की उम्र केवल 4 साल थी। अब किंग चार्ल्स 74 साल के हो चुके हैं। करीब 6 महीने पहले क्वीन एलिजाबेथ का निधन होने के बाद उनके बड़े बेटे चार्ल्स को राजा घोषित कर दिया गया था, लेकिन उनकी ताजपोशी अब हुई है।



**आर्चबिशप ने चार्ल्स का परिचय कराया** – सबसे पहले चार्ल्स को बतौर किंग लोगों के सामने पेश किया गया। इस दौरान वे सिंहासन के सामने ऐबे की तरफ मुंह करके खड़े हुए। आर्चबिशप ने उनके राजा बनने की घोषणा की, इसके बाद चार्ल्स ने ईसाईयों की पवित्र किताब पर हाथ रखकर शपथ ली। शपथ के दौरान उन्होंने कहा मैं राज करने नहीं, सेवा करने के लिए आया हूं। ताजपोशी में शामिल लोगों ने 'गॉड सेव द किंग' गाया। आर्चबिशप ने वहां मौजूद सभी धर्म के लोगों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि इंग्लैंड का चर्च एक ऐसे माहौल को बढ़ावा देता है जिसमें सारे धर्म के लोगों को बराबर सम्मान मिलता है। इसके बाद चार्ल्स ने हमेशा कानून का पालन करने और एक वफादार प्रोटेस्टेंट रहने की शपथ ली।

**चार्ल्स के सिर पर सोने की चम्मच से पवित्र तेल डाला** – आर्चबिशप ने सोने के कलश से पवित्र तेल लेकर किंग चार्ल्स के हाथ और सिर पर डाला। इसके लिए चर्च में उन्हें पर्दे लगाकर कवर किया गया था। इसके लिए सोने के कलश और 12वीं सदी की चम्मच का इस्तेमाल किया गया। इस स्टेप को पूरी सेरेमनी का सबसे पवित्र हिस्सा माना जाता है।

**न्याय के लिए राजा को सौंपी गई तलवार** – किंग को न्याय के लिए तलवार सौंपी गई, आर्चबिशप ने कहा कि इसे हमेशा चर्च की सुरक्षा और न्याय करने के लिए इस्तेमाल करें। इसके अलावा उन्हें सोवरन ऑर्ब भी दिया गया। इस पर लगा क्रॉस ईसाई धर्म का प्रतीक होता है। प्रिंस विलियम ने उनके सामने घुटनों पर झुककर उनका हाथ चूमा और किंग को सम्मानित किया।

**किंग चार्ल्स को 21 गन सैल्यूट दिए गए** – किंग चार्ल्स की ताज पहनाने के बाद आर्चबिशप ने लोगों से शपथ वफादारी की शपथ दिलवाई। क्वीन कैमिला को भी साधारण सेरेमनी कर क्वीन मैरी का ताज पहनाया गया। इसमें कोहिनूर नहीं लगा था। 1937 में क्वीन एलिजाबेथ ने अपने पति किंग जॉर्ज की ताजपोशी के समय पहना था। वही, किंग चार्ल्स की ताजपोशी के बाद ब्रिटेन में 13 जगहों पर 21 गन सैल्यूट दिए गए। इनके बीच 10 सैकेंड का गैप रखा गया था। किंग की शपथ के बाद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बाइबल का चैप्टर पढ़ा ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक अक्षता मूर्ति भी रॉयल प्रोसेशन में शामिल रहे। प्रधानमंत्री के तौर पर ऋषि सुनक ने किंग की शपथ के बाद बाइबल के चैप्टर का एक अंश पढ़ा। इस दौरान राज परिवार के लोग लगातार पारंपरिक गीत गाते रहे।

**चर्च में जुटे चार्ल्स के 2200 मेहमान** – सेरेमनी में दुनिया से कई सेलेब्रिटीज और करीब 200देशों के पॉलिटिकल लीडर्स/रिप्रेजेंटेटिव्स शामिल हुए हैं। बीबीसी के मुताबिक इनकी संख्या 2200 है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ती समेत सभी मेहमान वेस्टमिंस्टर चर्च पहुंचे हैं। इसके अलावा, सेरेमनी में जापान के क्राउन प्रिंस अकिशिनो और उनकी पत्नी किको भी आई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ब्रिटेन की रॉयल फैमिली की ताजपोशी से जुड़े किसी भी कार्यक्रम में शामिल नहीं होने की अपनी परंपरा जारी रखी। हालांकि समारोह में फर्स्ट लेडी जिल बाइडेन हिस्सा ले रही हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ताजपोशी के लिए लंदन पहुंचे हैं। उनके अलावा श्व प्रेसिडेंट उर्सुला वॉन डेर लेयेन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों, ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रपति एंथनी अल्बनीज भी समारोह में शामिल हुए हैं।

**ताजपोशी पर 1 हजार करोड़ रुपए खर्च** – किंग चार्ल्स की ताजपोशी में 100 मिलियन पाउंड यानी करीब एक हजार करोड़ रुपए का खर्च आया है। ये पैसा ब्रिटेन के टैक्सपेयर्स की ही जेब से लिया गया है। इसमें रॉयल खजाने का इस्तेमाल नहीं हुआ है। इसे देखते हुए ब्रिटेन में कई लोग ताजपोशी समारोह का विरोध भी कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, किंग चार्ल्स के पास सैंड्रिंघम में 75 मिलियन पाउंड यानी 771 करोड़ रुपए की संपत्ति है। रिपोर्ट के मुताबिक, कानूनी तौर पर इस समारोह की कोई जरूरत नहीं है।

# जासूसी कानून में चीन ने किया बदलाव, विदेशी कंपनियों के लिए बढ़ा जोखिम

**बीजिंग ।**

चीन की रबर-स्टैंप संसद ने पिछले हफ्ते देश के जासूसी कानून में बदलाव पारित किया, इस कदम से विदेशी कंपनियों और देश में काम करने वाले व्यक्तियों के लिए कानूनी जोखिम पैदा हो सकता है। कानून राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित समझी जाने वाली किसी भी जानकारी के हस्तांतरण पर प्रतिबंध लगाता है। डीडब्ल्यू ने सरकारी समाचार एजेंसी के हवाले से लिखा है कि संशोधित कानून, जो जुलाई में लागू होगा। यह जासूसी की परिभाषा का विस्तार करता है और राज्य के अंगों या महत्वपूर्ण सूचना बुनियादी ढांचे के खिलाफ साइबर हमलों को शामिल करेगा। यह अधिकारियों को डेटा, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और व्यक्तिगत संपत्ति पर जानकारी तक पहुंच प्राप्त करने और जासूसी विरोधी जांच करते समय सीमा पार करने पर प्रतिबंध लगाने की अनुमति देता है। साइबर हमले को जासूसी के कृत्यों के रूप में भी वर्गीकृत किया जाता है। 2014 में पेश किए जाने के बाद से देश के काउंटर-जासूसी कानून में यह पहला बड़ा अपडेट है। कानूनी विद्वान टेंग बियाओ ने कहा कि संशोधन चीन में रंग क्रांति या एक लोकप्रिय, लोकतंत्र समर्थक विद्रोह को उकसाने वाले विदेशियों के गहरे डर को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवहार में, असंतुष्टों, कार्यकर्ताओं और नागरिक समाज समूहों पर एक और शिकंजा कसेगा। बीजिंग और पश्चिम के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक और व्यापारिक झगड़ों के बीच कानून विदेशी व्यक्तियों और चीन में सक्रिय व्यवसायों के लिए सुरक्षा जोखिमों को भी बढ़ाता है। जासूसी के संदेह में चीन और



विदेशी नागरिक को हिरासत में लिया हाल के वर्षों में, चीन ने जासूसी के संदेह में दर्जनों चीनी और विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है, जैसे कि जापानी दवा निर्माता एस्टेलस फार्मा के एक कार्यकारी को पिछले महीने बीजिंग में हिरासत में लिया गया था। चीनी अधिकारियों ने पिछले महीने अमेरिका की कॉरपोरेट ड्यू डिलिजेंस कंपनी मिंट्ज ग्रुप के बीजिंग ऑफिस को बंद कर दिया और पांच स्थानीय कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया। इसके अलावा पिछले हफ्ते, यूएस कंसल्टिंग फर्म बैन एंड कंपनी ने कहा कि चीनी पुलिस ने शंघाई में अपने कार्यालय में कर्मचारियों से पूछताछ की। चीन में अमेरिकी राजदूत निकोलस बर्न्स ने चीन में संशोधित कानून पर कहा, यह संभावित परिश्रम जैसे नियमित व्यावसायिक कार्यों को अवैध बना सकता है। कानून का संशोधन भी ऐसे समय में आया है जब चीनी सरकार देश में अधिक विदेशी निवेश आकर्षित करने की कोशिश कर रही है, क्योंकि पश्चिमी बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने और निवेश योजनाओं को दक्षिण पूर्व एशिया, भारत और अन्य अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से स्थानांतरित करने की कोशिश कर रही हैं।

# वरिष्ठ पत्रकार अरशद शरीफ की हत्या में आईएसआई का हाथ, इमरान खान ने सेना पर लगाए गंभीर आरोप

**इस्लामाबाद ।**



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आरोप लगाया है कि जिस आईएसआई अधिकारी ने उन्हें मारने की दो बार कोशिश की, उसी अधिकारी ने वरिष्ठ पत्रकार अरशद शरीफ की हत्या कराई। लाहौर में एक रैली के दौरान इमरान खान ने ये आरोप लगाए। इमरान खान की रैली का वीडियो लिंक के जरिए पाकिस्तान के कई शहरों में लाइव टेलीकास्ट किया गया।

**आईएसआई के मेजर जनरल फैसल नसीर पर लगाए आरोप** – रैली के दौरान इमरान खान ने कहा कि आईएसआई के मेजर जनरल फैसल नसीर ने मुझे दो बार मारने की कोशिश की। वही अरशद शरीफ की हत्या में शामिल है। उसी ने मेरी पार्टी के सांसद आजम स्वाती को निर्वस्त्र किया और उन्हें प्रताड़ित किया। बता दें कि पत्रकार अरशद शरीफ की बीते साल अक्तूबर में केन्या में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अरशद शरीफ सेना के प्रति आलोचक थे और उन्हें इमरान खान का समर्थक माना जाता था।

**केन्या में हुई थी अरशद शरीफ की हत्या** – अरशद शरीफ पर देशद्रोह का आरोप लगा था, जिसके बाद वह पाकिस्तान छोड़कर दुबई चले गए थे। वहां से लंदन होते हुए वह केन्या की राजधानी नैरोबी पहुंचे थे। नैरोबी में अरशद शरीफ की केन्या पुलिस द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। केन्या पुलिस ने कहा था कि गलत पहचान के चलते अरशद शरीफ को गोली मारी गई। अरशद की मौत पर पाकिस्तान में खूब हंगामा हुआ था। इमरान खान पर भी बीते साल नवंबर में हमला हुआ था, जिसमें उनके पैर में गोली लगी थी। उस वक्त इमरान खान ने मेजर जनरल नसीर समेत प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आंतरिक मामलों के मंत्री राणा सनाउल्लाह पर उनकी हत्या का आरोप लगाया था। इमरान खान ने लाहौर की रैली में कहा कि मेजरल जनरल फैसल नसीर पर उनकी पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया।

# पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोप में बेरहमी से हत्या : भीड़ ने लाठी-डंडों से पीटा, इमरान खान की रैली में हुई घटना

**पेशावर।**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने एक आदमी को पीट-पीटकर मार डाला। यह घटना मर्दान जिले में इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की रैली में हुई। इस दौरान इमरान रैली में मौजूद नहीं थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, 40 साल के मौलाना निगर आलम ने रैली के लीडर इमरान खान की तुलना पैगंबर से की थी। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया कि रैली के दौरान पुलिस मौजूद थी। पुलिसकर्मियों ने लोगों को रोकने की कोशिश की थी, लेकिन वो भीड़ को काबू नहीं कर पाए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें भीड़ मौलाना निगर आलम को लाठी-डंडे, पत्थर मारती नजर आ रही है। लोग आलम की मौत के बाद उसके शव को घसीटते भी दिखे।



**फरवरी में ईशनिंदा के आरोपी की थाने से निकालकर हत्या हुई थी** – ये पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान में किसी को ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने मार दिया हो। फरवरी 2023 में भीड़ ने ईशनिंदा के आरोपी को पुलिस स्टेशन से बाहर निकालकर मार डाला था। घटना पंजाब प्रांत के ननकाना साहिब जिले की थी। जब थाने पर हमला हुआ तो पुलिसवाले वहां से भाग खड़े हुए थे।

**दिसंबर में श्रीलंकाई नागरिक की हत्या की थी** – पाकिस्तान में ईशनिंदा को लेकर बेहद सख्त कानून हैं। इसके चलते कई लोगों की पीट-पीटकर हत्या कर दी जाती है। दिसंबर 2021 में ईशनिंदा के आरोप में श्रीलंकाई फैक्ट्री मैनेजर को भीड़ ने पहले पीटकर मार डाला और फिर आग लगा दी थी। अप्रैल 2017 में मिशाल खान को मरदान यूनिवर्सिटी में उसके साथियों ने पीट-पीट कर मार दिया था। 2012 में बहावलपुर के पास हिंसक भीड़ ने एक दिमागी रूप से परेशान व्यक्ति को थाने से खींचकर मार दिया था। इसी तरह दादो में भी भीड़ ने थाने में घुसकर ईशनिंदा के आरोपी को जिंदा जलाया था।

**ईशनिंदा के आरोपियों को बरी करने वाले जस्टिस की भी हत्या हुई थी** – ईसाइयों, हिंदुओं और हजारा मुसलमानों पर ईशनिंदा के आरोप लगते रहे हैं। पाकिस्तान के मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के मुताबिक ईशनिंदा के आरोप में अब तक 70 से अधिक लोगों को मारा जा चुका है। हत्या सिर्फ उनकी ही नहीं हुई है जिन पर आरोप लगे, बल्कि ईशनिंदा के खिलाफ आवाज उठाने वालों को भी खामोश कर दिया गया। 1997 में ईशनिंदा के आरोपियों को बरी करने वाले जस्टिस आरिफ इकबाल भट्टी की अदालत में ही हत्या कर दी गई थी। 2011 में पंजाब के गवर्नर सलमान तासीर को उनके ही सुरक्षाकर्मी ने मार दिया गया था।

पाकिस्तान पर नजर रखने वाले रक्षा विश्लेषक फरान जैफरी कहते हैं- ईशनिंदा के मुद्दे को पाकिस्तान में सिर्फ कट्टरवादियों ने ही नहीं बल्कि आम पाकिस्तानियों ने भी हथियार की तरह इस्तेमाल किया है।

## चीन बोला– कश्मीर पर एकतरफा फैसले गलत

# इस्लामाबाद में बैठक कर कहा- भारत-पाकिस्तान बातचीत से मामला सुलझाएं

**इस्लामाबाद।**

गोवा में एससीओ मीटिंग के बाद चीन के विदेश मंत्री किन गैंग पाकिस्तान पहुंचे। यहां उन्होंने विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो से मुलाकात की। बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में चीनी मंत्री ने कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा- भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से कश्मीर विवाद ऐसे ही चल रहा है। इस मुद्दे को यूएन के प्रस्तावों और द्विपक्षीय समझौतों के आधार पर हल किया जाना चाहिए। साथ ही दोनों देशों को कश्मीर में कोई भी एकतरफा फैसला नहीं लेना चाहिए।

चीन के विदेश मंत्री किन गैंग 2 दिन की यात्रा पर पाकिस्तान पहुंचे हैं। ये उनकी पहली पाक यात्रा है। किन ने विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के साथ बैठक की। इस्लामाबाद में पाकिस्तान-चीन सामरिक वार्ता का चौथा दौर खत्म होने पर दोनों पक्षों ने साझा बयान जारी किया।

### चीन ने कहा- यूएन चार्टर के आधार पर दोनों देश मसले सुलझाएं

किन गैंग ने कहा- कश्मीर विवाद यूएन चार्टर, सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव और द्विपक्षीय समझौतों के जरिए सुलझाना चाहिए। एकतरफा फैसलों से हालात और बिगड़ सकते हैं। साथ ही दोनों मंत्रियों ने सीपीएसी को लेकर भी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने आर्थिक विकास और रोजगार के लिए इसे एक अच्छा कदम बताया इसके अलावा किन ने कहा कि चीन, पाकिस्तान और अफगानिस्तान पड़ोसी देश हैं। पाक-अफगानिस्तान को साथ मिलकर अपने द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर करना चाहिए। हमें उम्मीद है कि तालिबान सभी जाति-धर्म के लोगों को बराबर अधिकार देगा।



### पीओके से गुजरने वाली सीपीएसी पर हुई चर्चा

इसके बाद बिलावल भुट्टो ने कहा- इस साल सीपीएसी को एक दशक हो जाएगा। इससे पाकिस्तान में सामाजिक-आर्थिक विकास, रोजगार और लोगों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। चीन के सहयोग से 60 अरब डॉलर में बनाया जा रहा सीपीएसी एक कॉलोनी है, जो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से होकर गुजरती है। भारत इसका लगातार विरोध करता आया है क्योंकि ये पीओके में है और इससे चीन को बलूचिस्तान होते हुए अरब सागर तक सीधा रास्ता मिलता है।

इससे पहले गोवा से लौटने के बाद बिलावल भुट्टो ने कहा था- हमारी भारत यात्रा सफल रही। हमने हर मुसलमान को आतंकवादी मानने की विचारधारा को नकार दिया। भारत के अंदर इनसिक्योरिटी की भावना है। इस मिथक को बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि दुनियाभर के मुसलमान आतंकवादी हैं। वे पाकिस्तानियों को आतंकवादी घोषित करते हैं। हमने इस मिथक को तोड़ने का प्रयास किया है। भारत के साथ रिश्ते तब तक ठीक नहीं हो सकते, जब तक कश्मीर में अगस्त 2019 जैसी स्थिति बहाल नहीं हो जाती।

### जयशंकर ने कहा था- आतंकी फैक्ट्री का प्रमोटर है पाकिस्तान

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गोवा में शंघाई सहयोग परिषद की बैठक के बाद कहा था कि हमने आतंक के दंश को झेला है। आतंक को पोषित करने वाले खुद ही पीड़ित होने का पाखंड कर रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राजौरी हमले पर पूछे सवाल पर जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान की साख भी उसके खजाने के समान खाली है। पाकिस्तान दुनियाभर में आतंक की फैक्ट्री का सबसे बड़ा प्रमोटर है। उन्होंने कहा कि भारत क्रॉस बॉर्डर टेरर से निपटने के लिए हर प्रयास कर रहा है। बिलावल के साथ वन टु वन बैठक पर जयशंकर ने कहा कि एससीओ बहुपक्षीय मंच है, यह द्विपक्षीय मंच नहीं है। जयशंकर ने स्वीकार किया कि भारत और चीन के बीच संबंध सामान्य नहीं हैं। चीन लद्दाख में सेनाओं को पीछे करे।

### अब केवल पीओके खाली करने पर बात

विदेश मंत्री जयशंकर ने स्पष्ट किया था कि पाकिस्तान के साथ कश्मीर के मुद्दे पर भारत कोई बात नहीं करने वाला है। अब केवल इस मुद्दे पर बात होगी कि पाकिस्तान अवैध रूप से कब्जाए हुए पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) से अपना कब्जा कब हटाने वाला है।

## शादी का झांसा देकर ठगने के आरोप में युवती सहित तीन हिरासत में

**चित्तौड़गढ़ ( हिंस )।** दलाल के जरिए शादी कराने का झांसा देकर युवक से रुपए ऐंठने के मामले में छह लोगों के खिलाफ रविवार को कोतवाली चित्तौड़गढ़ थाने में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। आरोप है कि दुल्हन ने शादी के नाम पर डेढ़ लाख रुपए ऐंठ लिए थे। इस मामले में पुलिस ने दो महिला सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि चित्तौड़गढ़ शहर के एक युवक को एक दलाल के जरिए शादी कराने का झांसा देकर रुपए ऐंठने का मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में पुलिस ने झालावाड़ जिले के झालरापाटन निवासी एक युवती, उसके परिजन व उसके प्रेमी को डिटेन किया गया है। एसपी ने बताया कि करीब डेढ़ माह पूर्व चित्तौड़गढ़ के एक युवक का विवाह झालावाड़ जिले के झालरापाटन निवासी अंकिता पुत्री राजेश जैन के साथ होकर शनिवार 6 मई को शादी तय हुई थी। शादी के लिए दुल्हन पक्ष को चित्तौड़गढ़ बुलवाया गया था। दुल्हन के साथ उसके माता-पिता व उसके रिश्तेदार भी आए। बताया गया कि शुक्रवार 5 मई को रात्रि में महिला संगीत होने और सभी लोगों के सो जाने के बाद पीड़ित युवक रात्रि करीब 1:30 बजे विवाह स्थल पर पहुंचा तो देखा कि दुल्हन पक्ष के सभी व्यक्ति दो गाड़ियों में सामान भर कर जा रहे थे। इन लोगों ने पूछने पर युवक को बताया कि कलेक्ट्री चौराह तक जाकर आ रहे हैं। इसी बीच इनमें से एक की गाड़ी निकल गई। वहां दूसरी गाड़ी में दुल्हन अंकिता जैन उसकी मां व एक अन्य बाबू उर्फ बबलू को रोका तो दुल्हन अंकिता ने बाबू को अपना प्रेमी बताया। पीड़ित युवक का आरोप है कि अंकिता व उसके घर वाले मिलकर लोगों को शादी के लिए फंसाकर उनसे धोखाधड़ी करते हैं। युवक का आरोप है कि अंकिता जैन व उसके परिजन दलाल के साथ षड्यंत्र रचकर उससे करीब डेढ़ लाख रुपए ऐंठ लिए हैं। इस पर पुलिस ने झालरापाटन जिला झालावाड़ निवासी दुल्हन अंकिता पुत्री राजेश जैन, उसकी माता सीमा जैन व उसके प्रेमी बबलू उर्फ साजिद खान को हिरासत में लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

## सीएम गहलोत ने असंतुष्ट विधायकों पर साधा निशाना

# कहा, जिनसे करोड़ों रुपए लिए, उन्हें वापस कर दो

**धौलपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने धौलपुर जिले के राजाखेड़ा के मरैना में रविवार को आयोजित जनसभा में अपने साथी असंतुष्ट विधायकों पर जमकर हमला बोला। केंद्र की भाजपा सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी गहलोत समेत कांग्रेसी नेताओं के निशाने पर रहे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि भाजपा ने उनकी सरकार को गिराने के प्रयास किए, लेकिन आपरेशन लोटस राजस्थान में सफल नहीं हो सका। सीएम गहलोत ने अपने असंतुष्ट साथियों पर हमला बोलते हुए कहा कि हमारे जिन एमएलए ने दस या बीस करोड़ लिए। उनमें से एक दो करोड खर्च भी कर दिए होंगे। मेरी उनसे अपील है वो पैसे वापस लौटा दीजिए। पैसा मत रखिए। जो खर्च किए वो मैं दे दूंगा या अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से दिलवा दूंगा।




गहलोत ने कहा कि मंच पर बैठे तीन विधायक रोहित बौहरा, दानिश अबरार एवं चेतन डूडी ने मेरी सरकार को बचाया। इनका अहसान में कभी नहीं भूलूंगा। गहलोत ने कहा कि जब सरकार पर संकट था, तब कांग्रेस के ही कुछ लोग सरकार गिराने में लगे थे। तब बसपा से आए विधायकों तथा निर्दलीयों ने सरकार बचाई थी। पार्टी के प्रति वफादर विधायकों तथा राजस्थान की जनता की दुआ के कारण ही सरकार बची थी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि राजस्थान में इस बार सरकार बदलने का रिवाज बदलेगा और कांग्रेस सरकार रिपीट होकर कांग्रेस का राज कायम रहेगा। जलदाय विभाग के मंत्री महेश जोशी ने कहा कि आज कल देश में मन की बात चल रही है। लेकिन मन की बात से किसी का पेट नहीं भरता। देश में मन की बात के उलट राजस्थान में काम की बात चल रही है।

## मणिपुर में फंसे राजस्थानियों के प्रति मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जताई चिंता

**जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हिंसा प्रभावित मणिपुर में फंसे राज्य के लोगों के बारे में मणिपुर के मुख्यमंत्री से बात की है। गहलोत ने मुख्य सचिव को मणिपुर के मुख्य सचिव के साथ समन्वय स्थापित करके जरूरी इंतजाम करने का निर्देश दिए हैं। गहलोत ने कहा कि राजस्थान सरकार हिंसा प्रभावित मणिपुर में फंसे प्रवासी राजस्थानियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और जरूरतमंद लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। एसीएस (समन्वय) और मुख्य आवासीय आयुक्त शुभ्रा सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर मणिपुर में फंसे प्रवासियों के लिए नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस रेजिडेंट कमिश्नर कार्यालय ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। अनुमान के मुताबिक मणिपुर में लगभग 100-125 राजस्थानी फंसे हैं। सिंह ने मणिपुर में फंसे राजस्थानियों से सोशल मीडिया और विभिन्न चैनलों पर उपलब्ध कराए गए हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने का अनुरोध किया है। आवासीय आयुक्त कार्यालय और राजस्थान फाउंडेशन गृह मंत्रालय और स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है, ताकि फंसे हुए राजस्थानियों को सहायता प्रदान करके आवश्यक व्यवस्था की जा सके। शुभ्रा सिंह ने बताया कि जरूरतमंद लोग हेल्पलाइन नंबरों 0141-2229111, 011-23070807 और 91-83060 09838 पर संपर्क कर सकते हैं। नई दिल्ली में राजस्थान सरकार के रेजिडेंट कमिश्नर और राजस्थान फाउंडेशन के कमिश्नर धीरज श्रीवास्तव ने बताया कि मणिपुर में फंसे सभी राजस्थानियों को आवश्यक सहायता अविलंब दी जाएंगी। मणिपुर में हिंसा से प्रभावित लोगों का सहयोग करने के लिए नॉन रेजिडेंट राजस्थानी नेटवर्क के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मणिपुर में जमीनी स्तर पर मौजूदा स्थिति अनुकूल नहीं है और फंसे हुए लोगों को सलाह दी गई है कि वे सुरक्षित घरों तक ही सीमित रहें, घबराएं नहीं और सरकार के निर्देशों का पालन करें।

## पिछड़ा वर्ग को राजनैतिक आरक्षण मिले : मदन चौहान

**यमुनानगर ( हिंस )।** हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व न्यायाधीश सरदार दर्शन सिंह ने पिछड़ा वर्ग-ए को राजनैतिक आरक्षण देने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल से सिफारिश की है। मेयर हाउस में रविवार को जानकारी के दौरान मेयर मदन चौहान ने इसका समर्थन करते हुए पिछड़ा वर्ग ए को राजनैतिक आरक्षण देने की सिफारिश को लागू करने के लिए मुख्यमंत्री से मांग की है। इससे पिछड़े वर्ग के लोगों का राजनैतिक व सामाजिक विकास होगा। मेयर मदन चौहान ने कहा कि हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष पूर्व न्यायाधीश सरदार दर्शन सिंह, सदस्य श्याम लाल जांगड़ा व अन्य ने मिलकर प्रदेश की सभी छह डिवीजनों में जाकर यह अध्ययन किया। जिसके बाद उन्होंने इसकी रिपोर्ट मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सौपी। इस रिपोर्ट में उन्होंने पिछड़ा वर्ग ए को आरक्षण देने की मांग की। इसके अलावा पिछड़े वर्गों के युवाओं को कौशल विकास और प्रशिक्षण के लिए वर्तमान गतिविधियों का मूल्यांकन करने, राज्य में पंचायती राज संस्थाओं में पिछड़े वर्गों के लिए आवश्यक आरक्षण के अनुपात का अध्ययन करने का कार्य भी सौंपा गया। आयोग को पिछड़े वर्ग को नगरपालिकाओं में आरक्षण बारे डाक एवं ई-मेल व संदेशों के माध्यम से भी रिप्रजेंटेशन प्राप्त



हुए। इस प्रकार आयोग ने हरियाणा राज्य में नगरपालिकाओं में भी पिछड़े वर्ग को आरक्षण के अनुपात के संबंध में विस्तृत जांच रिपोर्ट मुख्यमंत्री को दी। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि आयोग ने जो सिफारिश की है, उसे लागू करने का काम करें। इससे पिछड़ा वर्ग ए के लोगों का विकास होगा। उन्हें राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक विकास के अवसर मिलेंगे।

## पांच किलो आईईडी के साथ आतंकियों का मददगार गिरफ्तार

**पुलवामा ( हिंस )।** पुलवामा से सुरक्षाबलों ने रविवार को आतंकियों के एक मददगार को गिरफ्तार किया है। सुरक्षाबलों ने उसके कब्जे से 5 किलो की एक आईईडी भी बरामद की है। कश्मीर पुलिस ने एक ट्वीट में कहा कि गिरफ्तार ओवर ग्राउंड वर्कर पुलवामा जिले के अरिगाम का रहने वाला इश्फाक अहमद वानी है। पुलवामा पुलिस ने सेना के साथ मिलकर इलाके में तलाशी अभियान के दौरान उसे गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से सुरक्षाबलों ने लगभग 5-6 किलोग्राम की एक आईईडी बरामद की है। पुलिस ने वर्कर को गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## महिला खिलाड़ियों को इंसाफ दे केंद्र सरकार : बजरंग गर्ग

### खिलाड़ियों के आंदोलन को देश के व्यापारी व हर वर्ग का समर्थन

**हिसार ( हिंस )।** व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा है कि केंद्र सरकार को तुरंत प्रभाव से बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करके उसे भारतीय कुश्ती संघ के पद से हटाया जाए। बृजभूषण ने अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों से यौन शोषण जैसा घिनौना कार्य करने से भारत देश का नाम विश्व स्तर पर बदनाम हुआ है। बृजभूषण अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए आंदोलन को भटकाने के लिए इसे एक जाति व हरियाणा प्रदेश का आंदोलन कहकर देश की बहन बेटियों का अपमान कर रहे हैं। वे रविवार को यहां व्यापारी प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में बृजभूषण शरण द्वारा महिला खिलाड़ियों के साथ यौन शोषण की कड़े शब्दों में निंदा की गई। गर्ग ने कहा कि खिलाड़ी कोई जाति व धर्म का नहीं होता, बल्कि खिलाड़ी तो देश के लिए खेलता है। अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को पूरे देश की हर बिरादरी व व्यापारियों का समर्थन है, लेकिन अफसोस की बात है कि जिन खिलाड़ियों ने भारत का नाम विश्व



में चमकाया, जिन बेटियों ने रात दिन मेहनत करके भारत को अनेक गोल्ड मेडल दिलाया, उन्हीं बहन-बेटियों को इंसाफ लेने के लिए धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व पूरी केंद्र सरकार महिला खिलाड़ियों को इंसाफ दिलाने की बजाए बृजभूषण को बचाने में लगी हुई है जो घोर निंदनीय है। एक तरफ मोदी सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देती है दूसरी तरफ भाजपा के सांसद बृजभूषण व हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह जैसे लोग महिला खिलाड़ियों का यौन शोषण करके भाजपा की गोद में बैठे हैं, सरकार उन्हें बचाने में लगी हुई है।

## जल संरक्षण के लिए 50 युवाओं का कैच द रेन अभियान

**झालावाड़ ( हिंस )।** केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के नेहरू युवा केंद्र झालावाड़ की ओर से जिले में जल संरक्षण के लिए 50 युवाओं की टीम 8 ब्लॉकों में कैच द रेन अभियान के तहत ग्रामीणों को जागरूक करेंगे। रविवार को इस अभियान की शुरुआत जिला युवा अधिकारी दीर्घा राजावत ने पोस्टर विमोचन के साथ की। इस संबंध में झालावाड़ जिला युवा अधिकारी दीर्घा राजावत ने बताया कि राष्ट्रीय जल मिशन कैच द रेन अभियान 3.0 के तहत जल संरक्षण के लिए जल संवाद व चौपाल का आयोजन नेहरु युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक व युवा मंडल की ओर से जिले के सभी ब्लॉक में किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण व जल की महत्ता दर्शाने के उद्देश्य से पेंटिंग, निबंध, प्रश्नोत्तरी सहित कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी। साथ ही आमजन को जल का महत्व बताकर जल संरक्षण की शपथ दिलाई जाएगी। इस मौके पर जिला कार्यालय में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई और जिले में कार्यक्रम करने के लिए सहायक सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर लेखा एवं कार्यक्रम सहायक हरिवल्लभ रेगर, विनोद, एनवाईवी भारत गौड़, रविन्द्र पारेता, भारत मीणा, सावरिया मीणा व मनीष कुमार सेन मौजूद रहे।

## पंजोखरा साहिब में कांग्रेस एवं अन्य दल छोड़ भाजपा में आए जनप्रतिनिधि

**अंबाला ( हिंस )।** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने रविवार को गांव पंजोखरा साहिब, खतौली, मंडौर एवं अन्य क्षेत्रों में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ दौरा किया और विकास कार्यों पर चर्चा की। इस दौरान गृह मंत्री विज की कार्यशैली से प्रभावित होकर गांव पंजोखरा साहिब में कांग्रेस एवं बसपा छोड़कर कई कार्यकर्ताओं के अलावा पंजोखरा साहिब गांव के सरपंच सहित कई लोगों ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। विज ने इस दौरान सभी को पार्टी के पटके पहनाकर उनका भाजपा में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सभी के पार्टी में शामिल होने से संगठन को और मजबूती मिलेगी। इस दौरान उन्होंने पंजोखरा साहिब गांव में क्षेत्रवासियों की मांग पर गांव में पानी का ट्यूबवेल लगाने और रविदास धर्मशाला के ऊपर दो कमरे



डालने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विकास कार्य करवाने के लिए वह कृत संकल्प है और ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक ढेरों विकास कार्य हुए हैं जिनका जनता को लाभ मिल रहा है। गृह मंत्री अनिल विज ने गांव पंजोखरा साहिब, खतौली, मंडौर गांव में अपने तूफानी दौरे के दौरान क्षेत्रवासियों से विकास कार्यों को लेकर चर्चा भी की। विभिन्न स्थानों पर गृह मंत्री अनिल विज का जोरदार स्वागत क्षेत्रवासियों एवं कार्यकर्ताओं की ओर किया गया। पंजोखरा साहिब में कांग्रेस प्रधान इंद्रजीत सिंह पाला एवं उनके साथियों के अलावा, बहुजन समाज पार्टी एवं रविदास मंदिर के प्रधान रिंकू और उनके साथी, पंजोखरा साहिब गांव के सरपंच सुखविंद्र सिंह बॉबी, पंच स्वर्ण सिंह, पंच गुरप्रीत सिंह, पंच सुनील कुमार, पंच रविंद्र, रामचंद्र, बलकार सिंह, बलदेव राज, जगीर सिंह, राजेश कुमार, चरणदास, संजीव कुमार, राम सिंह, राजेश कुमार, मामचंद, बीर सिंह, अशोक कुमार, प्रदीप कुमार, प्रवीण कुमार, मुकुल भाजपा में शामिल हुए।

## मंत्री कटारूचक्क के वायरल वीडियो की फोरेंसिक रिपोर्ट राज्यपाल ने सीएम को भेजी

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के खाद्य आपूर्ति मंत्री लाल चंद कटारूचक्क के वायरल वीडियो की फोरेंसिक रिपोर्ट आ चुकी है। राज्यपाल ने शनिवार की रात मुख्यमंत्री भगवंत मान को रिपोर्ट भेज दी है। अब मुख्यमंत्री पर निर्भर है कि वह इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं। पंजाब कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैहरा ने पिछले दिनों राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित से मुलाकात करके एक सीडी सौंपी थी। इस सीडी में एक व्यक्ति एक नाबालिग लड़के के साथ अनैतिक कार्य में लिप्त था। राज्यपाल ने यह सीडी पंजाब के डीजीपी के बजाए चंडीगढ़ के डीजीपी को सौंपते हुए एफएसएल जांच करवाने के निर्देश दिए। बताया जाता है कि वायरल वीडियो के व्यक्ति की शक्ल पंजाब के कैबिनेट मंत्री से मिलती है। चंडीगढ़ के डीजीपी ने यह रिपोर्ट बीती शाम चंडीगढ़ के प्रशासक राज्यपाल को सौंप दी। एफएसएल विशेषज्ञों ने रिपोर्ट में दावा किया है कि सीडी के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं हुई है। राज्यपाल ने यह रिपोर्ट पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को भेज दी है। अब भगवंत मान इस मामले में फैसला लेंगे। उधर, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने भी पंजाब के मुख्य सचिव को नोटिस भेज कर इस मामले में तीन दिन के भीतर एक्शन टेकन रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा है। यह समयावधि सोमवार को पूरी हो रही है।

## कांग्रेस ने फतेहाबाद में किया प्रदर्शन, पीएम का पुतला फूंका

**फतेहाबाद ( हिंस )।** महिला पहलवानों का यौन शोषण करने वाले कुश्ती संघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण को तुरंत गिरफ्तार करने और महिला पहलवानों को न्याय दिलवाने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को शहर में रोष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व युवा कांग्रेस नेता मुकेश प्रजापति ने किया वहीं महिला कांग्रेस की फतेहाबाद प्रभारी एवं प्रदेश महिला उपाध्यक्ष शिल्पा वर्मा, कांग्रेस नेता प्रवीन प्रजापति व शम्मी रत्ति विशेष तौर पर प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता लाल बत्ती चौक पर पहुंचे और पीएम का पुतला फूंका। महिला कांग्रेस की जिला प्रभारी शिल्पा



वर्मा ने कहा कि जंतर-मंतर पर आज वही ओलम्पिक खिलाड़ी धरना दे रहे हैं, जिन्हें पीएम कभी अपने परिवार का सदस्य बताते थे। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां भाजपा बेटी बचाने जैसे नारे लगा रही है वहीं दूसरी ओर उसके सांसद पर इन्हीं बेटियों द्वारा यौन शोषण करने जैसे गंभीर आरोप लगाए जाते हैं तो वही भाजपा अपने सांसद को बचाने के लिए जी-जान लगा देती है। उन्होंने कहा कि पिछले दो सप्ताह से जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण तरीके से धरना दे रहे खिलाड़ियों की सुध लेने की बजाए मोदी सरकार दिल्ली पुलिस के सहारे उनकी आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। युवा कांग्रेस नेता मुकेश प्रजापति ने कहा कि जिन खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से देशभर में तिरंगे का नाम ऊंचा किया, आज वही खिलाड़ी ग्राऊंड से बाहर अपने हकों के लिए सड़कों पर बैठने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी बेटियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने मोदी सरकार से मांग की कि वह यौन शोषण के आरोपी सांसद को तुरंत गिरफ्तार कर इन महिला खिलाड़ियों को न्याय देने का काम करे। इस अवसर बलविन्द्र नूरकी, दिनेश पूनियां मताना, पुष्कर शर्मा फतेहाबाद, प्रमोद मताना, सेवानिवृत पुलिस कर्मचारी संघ से रणधीर सिंह डबास सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## यमुना के बहाव से छेड़छाड़ करने वालों पर होगी कार्रवाई



**सोनीपत ( हिंस )।** उपायुक्त ललित सिवाच ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ यमुना नदी के अंदर बाढ़ नियंत्रण के लिए रविवार को 41.74 किमी यमुना के सीमा क्षेत्र का दौरा किया। यमुना किनारे गांव बेगा, मिमारपुर, मेहंदीपुर, बड़ौली घाट व दहिसरा घाट सहित सिंचाई विभाग द्वारा बनाए गए 13 कोम्पलेक्स का निरीक्षण किया। उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा है कि यमुना के बहाव से छेड़छाड़ करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। बाढ़ नियंत्रण को लेकर यमुना नदी के अंदर लगने वाली नई ठोकरों, पुरानी ठोकरों के मरम्मत कार्यो के बाद भी यह ध्यान रहे कि बरसात के समय में सिंचाई विभाग के अधिकारी मजबूती के साथ साथ गुणवत्ता का भी ध्यान रखें। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गांव बेगा के युनूस नंबरदार व ग्रामीणों से बातचीत की, जो लोग बाढ़ प्रभावी क्षेत्रों में खेतीबाड़ी का काम करते हैं वो किसी घाट पर कहीं मिट्टी का कटाव दिखाई देता है बताएं और वहां अधिकारी तुरंत स्टड का निर्माण करवाएं। गन्नौर खंड के बेगा घाट से गांव दहिसरा की सीमा तक का यमुना नदी का क्षेत्र सोनीपत जिले में आता है, जिसकी लंबाई करीब 41.74 किलोमीटर है। उन्होंने यमुना के बहाव और कटाव को मौके पर ही समझने के लिए अधिकारियों और ग्रामीणों के साथ चर्चा की। गांव मिमारपुर घाट के पास ग्रामीणों ने एक पुलिस चौकी लगवाने की मांग रखी है इस पर उपायुक्त ने मौके पर उपस्थित पुलिस अधिकारी को निर्देश दिए कि पुलिस चौकी खोलने के लिए औपचारिकताएं पूरा कर यहां पुलिस चौकी खुलवाएं। एडीसी अंकिता चौधरी, एसडीएम सोनीपत राकेश संधू, एसडीएम गन्नौर अनुपमा मलिक, डीआरओ हरिओम अत्री, एसीपी रमेश कुमार, सिंचाई विभाग के एक्सईएन गुलशन कुमार, तहसीदार जिवेन्द्र मलिक, तहसीदार रविन्द्र, बीडीपीओ राई जितेन्द्र आदि शामिल रहे।

## अमृतसर में हैरीटेज स्ट्रीट पर विस्फोट, कई लोग घायल



Punjab Police India Retweeted

Commissioner of Police Amritsar @cpamritsar · 50m

A news related to blasts in #Amritsar is going viral on social media, the situation is under control

Investigation is on to establish the facts of the incident and there is no need to panic

Urge citizens to maintain peace & harmony, advise all to fact check before sharing

**अमृतसर ( हिंस )।** पंजाब के अमृतसर में हैरीटेज स्ट्रीट पर शनिवार रात करीब 12 बजे हुए विस्फोट में कई लोग घायल हो गए। सारागढ़ी पार्किंग में खिड़कियों के शीशे चकनाचूर हो गए। कुछ कांच के टुकड़े श्रद्धालुओं को लगे। इससे 5-6 लोगों को मामूली चोट आई है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद कहा यह एक हादसा है। इससे घबराने की जरूरत नहीं है। इसकी रविवार को फॉरेंसिक जांच होगी। बताया गया है घटना के समय हैरीटेज स्ट्रीट पर लोग टहल रहे थे। विस्फोट से एक ऑटो का शीशा टूट गया। इस ऑटो से दूसरे राज्य की करीब छह पर्यटक लड़कियां आई थीं। पास ही बेंच पर सो रहे युवक के पैर में कांच का टुकड़ा लगा। एसीपी सेंट्रल सुरिंदर सिंह का कहना है कि यह हादसा है। आतंकी घटना नहीं है। फॉरेंसिक टीमें रविवार को जांच करेंगी।

## जटौली में डॉ. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा खंडित

**पलवल ( हिंस )।** पलवल के गांव जटौली में रविवार को सामुदायिक केंद्र पर लगाई गई बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को शनिवार की देर रात शरारती तत्वों ने खंडित कर दिया। गांव वालों को जैसे ही इस बात का पता चला तो वह मौके पर पहुंच गए। सूचना पुलिस को भी दी गई। गुस्साए लोगों को गांव के सरपंच और पुलिस ने दूसरी मूर्ति लगवाने का आश्वासन देकर शांत कराया। गदपुरी थाना पुलिस ने सरपंच की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। जटोला गांव कई बार सुर्खियों में रहा है। गांव में हाल ही में बनाए गए सामुदायिक भवन में गत 14 अप्रैल 2023 को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाई गई थी। बीती देर रात किन्ही शरारती तत्वों ने बाबा साहब की प्रतिमा का सिर्फ तोड़कर प्रतिमा को खंडित कर दिया। सरपंच गिर्राज सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि पंचायत की ओर से गांव में सामुदायिक केंद्र बनवाया हुआ है। जिस पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगाई हुई है। जिसको 6 मई की रात किसी अज्ञात शरारती तत्वों ने खंडित कर दिया। सरपंच ने मांग की है कि जिन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा को खंडित किया है पुलिस उनका सुराग लगाकर उनके खिलाफ



उचित कानूनी कार्रवाई करे और दोषियों को सलाखों के पीछे भेजे। उन्होंने जिले के अधिकारियों के वार्ता करने के बाद समाज के लोगों को आश्वासन दिया है कि खंडित प्रतिमा को हटाकर उसके स्थान पर दूसरी प्रतिमा स्थापित करा दी जाएगी। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के तोड़े जाने की सूचना के बाद पलवल गदपुरी थाना प्रभारी राजवीर सिंह मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे। उन्होंने वहां लोगों से बातचीत कर मूर्ति को खंडित करने वालों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया।



# नोएडा में जल्द शुरू होगी देश की पहली पॉड टैक्सी-सर्विस: यमुना अथॉरिटी ने प्रोजेक्ट को मंजूरी दी, 37 हजार लोग हर दिन कर सकेंगे यात्रा

**नई दिल्ली।**
उत्तरप्रदेश के नोएडा में जल्द ही देश की पहली पॉड टैक्सी सर्विस शुरू होने वाली है। यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल अथॉरिटी ने भारत की पहली पॉड टैक्सी के रिवाइज्ड प्रोजेक्ट और बिड को मंजूरी दे दी है। केंद्र सरकार की एजेंसी इंडियन पोर्ट रेल एंड रोपवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ परामर्श के बाद रिवाइज्ड प्रोजेक्ट को मंजूरी दिया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अब यमुना अथॉरिटी अपनी रिपोर्ट उत्तरप्रदेश सरकार के पास भेजेगी। मंजूरी मिलने के बाद पॉड टैक्सी प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया जाएगा। उम्मीद जताई जा रही है कि ये प्रोजेक्ट साल 2024 के लास्ट तक पूरा हो जाएगा।

**पॉड टैक्सी में हर दिन 37,000 लोग कर सकेंगे यात्रा** - इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 810 करोड़ रुपए है। पॉड टैक्सी नोएडा के जेवर एयरपोर्ट को फिल्म सिटी से कनेक्ट करेगी। शुरुआती अनुमान के अनुसार, हर दिन लगभग 37,000 लोग पॉड टैक्सियों के माध्यम से यात्रा कर सकेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एक पॉड में 8 लोग बैठकर और 13 यात्री खड़े होकर सफर कर सकेंगे।

**14.6 किलोमीटर के रूट में बनेंगे 12 स्टेशन** - वर्तमान प्रोजेक्ट के अनुसार, पॉड टैक्सी-सर्विस के लिए 14.6 किलोमीटर के रूट में 12 स्टेशन बनेंगे। ये स्टेशन बनने की लिस्ट में फिल्म सिटी, हैंडीक्राफ्ट पार्क, सेक्टर 29, सेक्टर 32-33, एमएसएमई पार्क, अपैरल पार्क, टॉय पार्क सहित अन्य जगहें शामिल हैं।

**प्रोजेक्ट की मंजूरी से पहले कराई गई स्टडी** - इस प्रोजेक्ट को मंजूरी देने से पहले कमेटी ने कहा था कि जिन देशों में पॉड टैक्सी चल रही है, वहां स्टडी की जाए। इसके फायदे और नुकसान के बारे में पता किया जाएगा, उसके बाद ही आगे बढ़ा जाए। इसके बाद उन देशों की स्टडी कराई गई।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर के 18 देशों में पॉड टैक्सी शुरू की गई थी, लेकिन वर्तमान में 5 देशों में चल रही है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने साल 2011-12 की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया है कि लंदन की पॉड टैक्सी सर्विस मुनाफे में चल रही है, जबकि अबू धाबी का ये प्रोजेक्ट घाटे में चल रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### ओपेक देशों से कच्चा तेल का आयात अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा, भारत की रूस से खरीद उच्चतम स्तर पर




**नई दिल्ली।** भारत की ओर से आयात किए जाने वाले कच्चे तेल में ओपेक की हिस्सेदारी अप्रैल में घटकर अपने सर्वकालिक निचले स्तर 46 प्रतिशत पर पहुंच गई है। ये डाटा ऐसे समय पर सामने आया है, जब कच्चे तेल की खरीद पर डिस्काउंट दिए जाने के कारण भारत अपनी जरूरत का एक तिहाई हिस्सा आयात रूस से कर रहा है। बता दें, ओपेक दुनिया में कच्चे तेल उत्पादकों देशों का समूह है। ओपेक में मिडिल ईस्ट और अफ्रीकी तेल उत्पादक देशों को शामिल किया जाता है। अप्रैल 2022 में भारत ने अपनी जरूरत का 72 प्रतिशत कच्चा तेल ओपेक देशों से आयात किया था। एक समय ओपेक देशों से भारत अपनी जरूरतों का 90 प्रतिशत तक कच्चा तेल आयात करता था। यूक्रेन से युद्ध के बाद कच्चे तेल पर डिस्काउंट के कारण भारत की रूस पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। पिछले सात महीनों से भारत द्वारा आयात किया जाने वाले कच्चे तेल का एक तिहाई हिस्सा रूस से आ रहा है। यूक्रेन-रूस युद्ध शुरू होने (फरवरी 2022) से पहले भारत अपनी जरूरत का एक प्रतिशत से भी कम कच्चा तेल रूस से आयात करता था, लेकिन इस साल अप्रैल में ये बढ़कर 36 प्रतिशत पर पहुंच गया है। वहीं, ओपेक से भारत ने अपनी जरूरत का 46 प्रतिशत कच्चा तेल आयात किया है।

### हेल्थ इंश्योरेंस पोर्ट करने का आवेदन बार-बार हो रहा खारिज




**नई दिल्ली।** आज के समय हेल्थ इंश्योरेंस पोर्ट करना काफी आसान हो गया है। आप चाहें तो हर साल अपनी हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी को पोर्ट करा सकते हैं, लेकिन कुछ ऐसे भी कारण हैं, जिस वजह से इंश्योरेंस कंपनी आपकी पॉलिसी को पोर्ट करने से मना कर सकती है। हर पोर्ट को इंश्योरेंस कंपनी एक नई पॉलिसी के रूप में लेती है। अगर आपको पहले ही कोई गंभीर बीमारी है तो फिर हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी आपकी पॉलिसी को पोर्ट करने से मना कर सकती है। अगर स्वास्थ्य खराब रहता है और पिछले कुछ सालों में कई बार आप क्लेम ले चुके हैं तो आपके पॉलिसी पोर्ट कराने के प्रस्ताव को हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी खारिज कर सकती है। हेल्थ इंश्योरेंस कराने वाले लोगों को लगता है कि उन्हें समय के साथ अपनी मेडिकल हिस्ट्री को अपडेट करने जरूरत नहीं है। ऐसा सोचना पूरी तरह से गलत है। आपको साल दर साल मेडिकल हिस्ट्री की जानकारी कंपनी को देनी चाहिए। नहीं तो पॉलिसी पोर्ट कराने के दौरान होने वाले मेडिकल चेक-अप में कई बीमारियां सामने आ सकती हैं, जिस कारण हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी आपके आवेदन को रिजेक्ट कर सकती है। कई बार लोग लापवाही की वजह से पॉलिसी के रिन्यूअल आदि में देरी कर देते हैं। इस कारण से उनकी पॉलिसी में गैप और कई बार लैप्स हो जाती है, जिस वजह से कंपनी आपके पोर्ट आवेदन को खारिज कर सकती है।

### वित्त वर्ष 23 में अडानी पावर का मुनाफा बढ़कर 10,726.6 करोड़ रहा




**नई दिल्ली ।** वित्त वर्ष 2022-23 में अडाणी पावर लिमिटेड का मुनाफा 118.4 फीसदी बढ़कर 10,726.6 करोड़ रुपए हो गया, जो कि पिछले वित्त वर्ष में 4,911.58 करोड़ रुपए था। कंपनी की एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार इस अवधि के दौरान पावर कंपनी का रेवेन्यू बढ़कर 38,773.30 करोड़ रुपए हो गया, जो कि 40 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। पिछले साल की समान अवधि में यह 27,711.20 करोड़ रुपए था। कंपनी के रेवेन्यू में वृद्धि मुख्य रूप से बेहतर टैरिफ वसूली और कोयले के लिए उच्च आयात कीमतों के कारण हासिल हुई है। वहीं अदाणी पावर का एबिडिटा 9,814.16 करोड़ रुपए की तुलना में 2.3 फीसदी की वृद्धि के साथ 10,044.7 करोड़ रुपए हो गया। वित्त वर्ष 2023 में कंपनी की कुल रेवेन्यू 35.8 प्रतिशत बढ़कर 43,041 करोड़ रुपए रहा, जो कि 2021-22 में यह 31,686 करोड़ रुपए था। मार्च तिमाही में कंपनी का मुनाफा 12.9 प्रतिशत बढ़कर 5,242.48 करोड़ रुपए हो गया। 2022 की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 4,645 करोड़ रुपए था।

## मार्केट में अगले हफ्ते तेजी का अनुमान

# सीपीआई इन्फ्लेशन से लेकर 300 से ज्यादा कंपनियों के रिजल्ट्स तय करेंगे बाजार की चाल

**मुंबई।**
भारतीय शेयर बाजार में अगले हफ्ते तेजी देखने को मिल सकती है। एनालिस्टों के मुताबिक, अपकमिंग वीक में 300 से ज्यादा कंपनियों में अर्निंग के रिजल्ट्स, सीपीआई इन्फ्लेशन, सीपीआई इन्फ्लेशन और फेड रेट हाइक पर बाजार की नजर रहेगी।

### ओवरऑल मार्केट स्ट्रक्चर पॉजिटिव बना रहेगा

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के रिटेल रिसर्च के हेड सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ओवरऑल मार्केट स्ट्रक्चर पॉजिटिव बना रहेगा। उम्मीद है कि ग्लोबल संकेतों और इंडेक्स हैवीवेट्स में मुनाफावसूली के कारण आने वाले समय में भी निफ्टी मजबूत बना रहेगा। अगले हफ्ते बाजार की चाल अर्निंग सीजन, इन्फ्लेशन डेटा और स्टेट इलेक्शन के नतीजों से तय होगी।

### पिछले हफ्ते बाजार में रही थी गिरावट

पिछले हफ्ते बीएसई के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स में 58.15 अंक या 0.09प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली थी। वहीं कमजोर ग्लोबल संकेतों के बीच बाजार में गिरावट आई थी। सेंसेक्स 694 अंक गिरकर 61,054 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी भी 186 अंक गिरकर 18,069 के स्तर पर बंद हुआ था।

### अगले हफ्ते इन फैक्टर्स से तय होगी बाजार की चाल -

कॉर्पोरेट अर्निंग



अर्निंग सीजन के पांचवें हफ्ते में 300 से ज्यादा कंपनियां 14 मई तक अपने में अर्निंग के रिजल्ट्स जारी करेंगी। जिसमें टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, पिडिलाइट, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, डॉ रेड्डी, सिप्ला, एवेन्यू मार्ट्स, ल्यूपिन, गुजरात गैस, रेमंड्स, डॉ लाल पैथलैब्स और नजारा टेक्नोलॉजीज जैसी लार्ज-कैप कंपनियां के नाम भी शामिल हैं। इन सभी कंपनियों के रिजल्ट्स पर बाजार की नजर रहेगी।

### सीपीआई इन्फ्लेशन

मिनिस्ट्री ऑफ स्टेटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन 12 मई को अप्रैल महीने के लिए ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के नंबर्स जारी करेगा। एनालिस्टों के अनुसार, नवंबर 2021 के बाद यह पहली बार 5प्रतिशत से कम और 16 महीनों में सबसे कम होगा। बार्कलेज के एशिया (एक्स-चाइना) इकोनॉमिक्स के एमडी और हेड राहुल बाजोरिया ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि सीपीआई इन्फ्लेशन अप्रैल में मध्यम बनी रहेगी। इन्फ्लेशन के घटकर साल-दर-साल 4.8प्रतिशत होने का अनुमान है। मार्च में यह 5.7प्रतिशत रहा था। वहीं को उम्मीद है कि कोर इन्फ्लेशन अप्रैल में घटकर साल-दर-साल 5.3प्रतिशत रहेगा।

### यूएस सीपीआई इन्फ्लेशन -

यूएस में ब्यूरो ऑफ लेबर स्टैटिस्टिक्स 10 मई को अप्रैल महीने के लिए कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के नंबर्स जारी करेगा। मार्च में 5प्रतिशत से सालाना आधार पर यह 4.9प्रतिशत तक कम होने की उम्मीद है, जो मई 2021 के बाद सबसे कम होगा। सीपीआई के डेटा से फेडरल रिजर्व रेट पर भी प्रभाव पड़ सकता है। 3 मई को फेड ने संकेत दिए थे कि वो फाइनल 25 बेसिस प्वाइंट्स की रेट हाइक करेगा। फिर कुछ समय के लिए रेट हाइक पर विराम लगा देगा। बताया गया है कि अगर इन्फ्लेशन बढ़ता है तो ही रेट हाइक किए जाएंगे।

### प्राइमरी मार्केट एक्शन

भारत की चौथी सबसे बड़ी फार्मास्युटिकल कंपनी मैनकाइंड फार्मा की 9 मई को शेयर बाजार में लिस्टिंग होने वाली है। कंपनी ने एंकर निवेशकों से 1,298 करोड़ रुपए जुटाए हैं, जिसके बाद इश्यू साइज 4 करोड़ से कम होकर 2.8 करोड़ शेयर हो गया। इस आईपीओ को निवेशकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली और यह 15.32 गुना सब्सक्राइब हो गया है। ग्रे मार्केट की बात करें तो कंपनी के शेयरों में उछाल देखने को मिला है। यह 113 रुपए के प्रीमियम पर अवेलेबल है। इस हिसाब से निवेशकों को लिस्टिंग पर 10.46प्रतिशत का मुनाफा होने की उम्मीद है। इस हफ्ते नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट का आईपीओ ओपन होने वाला है। जिसका प्राइस बैंड 95-100 रुपए प्रति शेयर रखा गया है। यह रिटेल प्रॉपर्टी वाली देश की पहली रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट है। 3200 करोड़ रुपए का यह आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 9 मई को खुलेगा और 11 मई को बंद होगा।

### एफआईआई फ्लो

बीते हसे फॉरेन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स ने खरीदारी का सिलसिला जारी रखा था। उन्होंने मार्च में 1,997.70 रुपए और अप्रैल में 5,711.80 रुपए के शेयर खरीदने के बाद 2-5 मई के बीच 5,527 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। एनालिस्टों ने कहा कि अप्रैल में मैन्युफैक्चरिंग और कलेक्शन जैसे फेबरेबल डोमेस्टिक मैक्रो इकोनॉमिक डेटा से एफआईआई सेंटीमेंट को मदद मिली।

# स्पाइसजेट की दिवालिया अर्जी पर सुनवाई 8 मई को, स्पाइसजेट ने कहा, सुनवाई का असर उनकी उड़ानों पर नहीं पड़ेगा



**नई दिल्ली।**
**गोफर्स्ट एयरलाइंस के बाद अब एक और बड़ी एयरलाइन की मुश्किल बढ़ रही है। देश की एक और एयरलाइन के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया की सुनवाई होने वाली है। विमानन सेवा स्पाइसजेट के दिवालिया अर्जी पर सोमवार, 8 मई को सुनवाई होने वाली है।**

स्पाइसजेट के एक कर्जदाता की तरफ से दायर की गई दिवाला अर्जी पर सोमवार को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) सुनवाई करने वाला है। हालांकि स्पाइसजेट एयरलाइंस ने कहा कि इस सुनवाई का असर उनकी उड़ानों पर नहीं पड़ने वाला है। गोफर्स्ट के बाद एक और एयरलाइन मुश्किलों में घिर गई है। स्पाइसजेट के खिलाफ भी दिवाला प्रक्रिया की सुनवाई सोमवार को होने वाली है। स्पाइसजेट के एक कर्जदाता कंपनी ने स्पाइसजेट के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया शुरू करने की अर्जी लगाई है। इस पर सोमवार को एनसीएलटी सुनवाई करेगा। लो कॉस्ट एयरलाइन को कर्ज देने वाली कंपनी एयरक्राफ्ट लेसर एयरकॉसल (आयरलैंड) लिमिटेड ने एयरलाइंस के खिलाफ दिवाला मामले के लिए एनसीएलटी के सामने अर्जी लगाई है। 28 अप्रैल को ही कंपनी ने ये आवेदन दिया था, 8 मई को इस मामले की सुनवाई होगी। इससे पहले गोफर्स्ट की स्वामित्व वाली कंपनी वाडिया समूह ने खुद को दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने की अर्जी लगाई है। वहीं खबर ये भी आ रही है कि स्पाइसजेट के खिलाफ दो और कंपनियों ने दिवाला प्रक्रिया शुरू करने की याचिका दी है, जिसमें विलिस लीज फाइनेंस कॉरपोरेशन और एकर्स बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड है। विलिस लीज ने जहां 12 अप्रैल को अर्जी लगाई थी तो वहीं एकर्स बिल्डवेल ने 14 फरवरी को। इस बारे में स्पाइसजेट की ओर से कोई बयान नहीं दिया गया है। इस दिवाला प्रक्रिया को लेकर स्पाइसजेट ने कहा है कि उनकी उड़ानों पर इसका असर नहीं पड़ेगा।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के चौथी तिमाही के नतीजेः नेट प्रॉफिट 93प्रतिशत बढ़कर 2,782 करोड़ रहा, 3 प्रति शेयर का डिविडेंड देगा बैंक

**मुंबई।**
पब्लिक सेक्टर लेंडर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने यानी चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के रिजल्ट्स अनाउंस कर दिए हैं। इस तिमाही में बैंक का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट साल-दर-साल 93.27प्रतिशत बढ़कर 2,782 करोड़ रुपए रहा। पिछले साल की समान तिमाही में बैंक ने 1,440 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट दर्ज किया था।

### नेट इंटरेस्ट इनकम 21.88प्रतिशत बढ़ी

मार्च तिमाही में बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम साल-दर-साल 21.88प्रतिशत बढ़कर 8,251 करोड़ रुपए रही। बैंक के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने शेयरहोल्डर्स के लिए 3 रुपए प्रति शेयर के डिविडेंड का ऐलान भी किया है।

### 11.17 लाख करोड़ रु रहा

चौथी तिमाही में बैंक का करेंट एंड सेविंग अकाउंट डिपॉजिट्स साल-दर-साल 4.47प्रतिशत बढ़कर 11.17 लाख करोड़ रुपए रहा। बैंक के एसेट क्वालिटी में भी सुधार हुआ है। मार्च तिमाही के आखिरी में बैंक का ग्रॉस नॉन-




परफॉर्मिंग एसेट्स साल-दर-साल आधार पर 358 घटकर 7.53प्रतिशत हो गया। वहीं बैंक का नेट एनपीए मार्च तिमाही में साल दर साल आधार पर 198 घटकर 1.70प्रतिशत रह गया। बैंक का टोटल बिजनेस साल-दर-साल आधार पर 10.23प्रतिशत बढ़ता। ग्रॉस एडवांसेस में साल-दर-साल 13.05प्रतिशत और टोटल डिपॉजिट्स में 8.26प्रतिशत की ग्रोथ हुई है। वहीं 31 मार्च 2023 तक बैंक का टोटल बिजनेस 19.27 लाख करोड़ रुपए रहा। बैंक ने मार्च 2024 के लिए एडवांसेस में 10-12प्रतिशत की ग्रोथ का अनुमान लगाया है, जो फाइनेंशियल ईयर-23 के समान है।

# ओपनएआई का घाटा बढ़कर हुआ 540 मिलियन डॉलर, भविष्य में और बढ़ने की संभावना

**सैन फ्रांसिस्को।**
अत्यधिक सफल एआई चैटबोट चैटजीपीटी के पीछे माइक्रोसॉफ्ट समर्थित ओपनएआई का नुकसान कथित तौर पर पिछले साल लगभग 540 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया और इसके बढ़ने की संभावना है।

सूचना के अनुसार, ओपनएआई का घाटा दोगुना हो गया, इसकी वजह चैटजीपीटी डेवलपमेंट और गूगल से प्रमुख कर्मचारियों को काम पर रखना बताया जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है, पहले से असूचित आंकड़ा चैटबॉट तक एक्सेस सेलिंग से पहले की अवधि के दौरान अपने मशीन-लर्निंग मॉडल को ट्रेनिंग करने की भारी लागत को दर्शाता है। ओपनएआई ने इस साल फरवरी में नया सब्सक्रिप्शन प्लान, चैटजीपीटी प्लस लॉन्च किया, जो 20 डॉलर प्रति माह पर उपलब्ध है। हालांकि, रिपोर्ट




में उल्लेख किया गया है कि भले ही रेवेन्यू बढ़ रहा हो, ओपनएआई के घाटे में वृद्धि जारी रहने की संभावना है, क्योंकि ज्यादा कस्टमर इसकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हैं और कंपनी सॉफ्टवेयर के भविष्य के वर्जन को ट्रेंड करती है। ओपनएआई के सीईओ सैम अल्टमैन ने निजी तौर पर सुझाव दिया है कि ओपनएआई आने वाले सालों में आर्टिफिशियल जर्नल इंटेलिजेंस (एजीआई) डेवलप करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 100 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का प्रयास कर सकता है जो कि क्षमताओं में सुधार करने के लिए एडवांस तरीका है। ट्विटर के सीईओ और ओपनएआई के शुरूआती निवेशक एलन मस्क ने कई बार ओपनएआई की आलोचना की है। मस्क ने पिछले महीने एक्स.एआई नाम से एक नई कंपनी बनाई, जो चैटजीपीटी युग में एआई को बढ़ावा देगी। मस्क ने शुरू में ओपनएआई में 100 मिलियन डॉलर का निवेश किया था, लेकिन बाद में कंपनी से बाहर हो गए। हाल के महीनों में, चैटजीपीटी और जीपीटी-4 दुनिया भर में लोकप्रिय हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, ओपनएआई ने हाल ही में 27-29 बिलियन डॉलर के बीच मूल्यांकन पर 300 मिलियन डॉलर से अधिक की शेयर बिक्री बंद की है।

## भारत की टॉप 5 सेलिंग स्कूटर्स

# होंडा-हीरो और टीवीएस के स्कूटर इस लिस्ट में शामिल, शुरुआती कीमत 68,625 रुपए

**नई दिल्ली।**
भारत में स्कूटर्स बहुत पॉपुलर हैं, जिसमें सबसे ज्यादा 100 के स्कूटर्स। 100 से 110 के गियरलेस स्कूटर्स ओवरऑल टू-व्हीलर मार्केट में सबसे ज्यादा 60प्रतिशत का योगदान देते हैं। इस सेगमेंट के स्कूटर्स किफायती होने के साथ माइलेज भी अच्छा देते हैं। आइए इसी सेगमेंट के टॉप 5 सेलिंग स्कूटर्स के बारे में जानते हैं।

**होंडा एक्टिवा 6जी** - होंडा एक्टिवा भारतीय बाजार में सबसे ज्यादा बिकने वाला स्कूटर है। होंडा एक्टिवा 6जी में कंपनी ने 109.51 का सिंगल-सिलेंडर, 4 स्ट्रोक, एयर-कूल्ड इंजन दिया है, जिसे साथ ट्यून किया गया है। यह इंजन 7.73 का पॉवर और 8.90 का पीक टार्क जनरेट करता है। होंडा एक्टिवा 6जी के फ्यूल टैंक की कैपेसिटी 5.3 लीटर है, जो 50 का माइलेज देती है। वर्तमान में इसकी दिल्ली एक्स-शोरूम कीमत 75,347 रुपए से लेकर 81,348 रुपए है।



**हीरो प्लेजर प्लस** - फीमेल राइडर्स के बीच के बीच हीरो प्लेजर प्लस काफी पॉपुलर है। हीरो प्लेजर प्लस में 110.9 सिंगल-सिलेंडर, 4 स्ट्रोक, एयर-कूल्ड, इंजन दिया गया है, जिसे साथ ट्यून किया गया है। यह इंजन 7.9 का पॉवर और 8.70 का पीक टार्क जनरेट करता है। हीरो प्लेजर प्लस 4.8 लीटर फ्यूल कैपेसिटी के साथ आती है, जो 50 का माइलेज देती है। वर्तमान में इसकी दिल्ली एक्स-शोरूम कीमत 69,638 रुपए से लेकर 78,538 रुपए तक है।

**टीवीएस जुपिटर** - टीवीएस जुपिटर इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। इसमें 109.7 का सिंगल-सिलेंडर, 4 स्ट्रोक, फ्यूल-इंजेक्टेड इंजन दिया गया है, जिसे के साथ ट्यून किया गया है। यह इंजन 7.88 का पॉवर और 7.5 का पीक टार्क जनरेट करता है। टीवीएस जुपिटर 6 लीटर फ्यूल कैपेसिटी के साथ आती है, जो 50 का माइलेज देती है। वर्तमान में इसकी दिल्ली एक्स-शोरूम कीमत 72,190 रुपए से लेकर 88,498 रुपए है। हीरो जूम इस लिस्ट में शामिल होने वाला लेटेस्ट स्कूटर है। इसमें 110.9 का सिंगल-सिलेंडर, 4 स्ट्रोक, फ्यूल-इंजेक्टेड इंजन दिया गया है, जिसे साथ ट्यून किया गया है। यह इंजन 8.05 की पॉवर 8.7 का पीक टार्क जनरेट करता है। हीरो जूम 5.2 लीटर फ्यूल कैपेसिटी के साथ आती है, जो 45 का माइलेज देती है। वर्तमान में इसकी दिल्ली एक्स-शोरूम कीमत 69,099 रुपए से लेकर 77,199 रुपए तक है। इस लिस्ट में आखिरी में होंडा डियो है। होंडा डियो मेल और फीमेल दोनों राइडर्स पसंद करते हैं। इसमें 109.51 का सिंगल-सिलेंडर, 4 स्ट्रोक, फ्यूल-इंजेक्टेड इंजन दिया गया है, जिसे के साथ ट्यून किया गया है। यह इंजन 7.76 का पॉवर और 9 का पीक टार्क जनरेट करता है। होंडा डियो 5.3 लीटर फ्यूल कैपेसिटी के साथ आती है, जो 55 का माइलेज देती है।

### विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजार में 10,850 करोड़ रुपए डाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) मई में अब तक भारतीय शेयर बाजारों में लिवाल बने हुए हैं। देश के स्थिर वृहद आर्थिक माहौल, जीएसटी संग्रह के मजबूत आंकड़ों तथा कंपनियों के उम्मीद से बेहतर तिमाही नतीजों के बीच एफपीआई ने पिछले चार कारोबारी सत्रों में शेयर बाजारों में 10,850 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इससे पहले अप्रैल में एफपीआई ने शेयरों में 11,630 करोड़ रुपए और मार्च में 7,936 करोड़ रुपए डाले थे। मार्च में एफपीआई का निवेश मुख्य रूप से अमेरिका के जीक्यूजी पार्टनर्स द्वारा अडानी समूह की कंपनियों में किया गया था। यदि अडानी समूह की कंपनियों को मिले निवेश को हटा दिया जाए, तो मार्च में एफपीआई का प्रवाह नकारात्मक रहेगा। बाजार के जानकारों ने कहा कि आगे चलकर रुपए में मजबूती और चौथी तिमाही के अच्छे नतीजे भारत में पूंजी प्रवाह बढ़ाने में मदद करेंगे। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक एफपीआई ने दो से पांच मई के दौरान चार कारोबारी सत्रों में भारतीय शेयरों में 10,850 करोड़ रुपए का निवेश किया है। एफपीआई देश के स्थिर वृहद आर्थिक माहौल, जीएसटी संग्रह के मजबूत आंकड़ों और कंपनियों के उम्मीद से बेहतर तिमाही नतीजों की वजह से भारतीय बाजार में निवेश कर रहे हैं। समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने ऋण या बॉन्ड बाजार से 2,460 करोड़ रुपए निकाले हैं।

# द केरल स्टोरी की सपोर्ट में उतारी कंगना




**मुंबई (ईएमएस)।** द केरल स्टोरी फिल्म ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही काफी सुर्खियों में है। फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह से केरल में लड़कियों का ब्रेन वॉश करके उन्हें अपने घर परिवार से दूर करके आतंकी बना दिया जाता है। फिल्म मेकर्स का दावा है कि फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है, इसपर सारा विवाद चल रहा है। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी फिल्म के बारे में बात की है। अपने बेबाक बयानों से लाइमलाइट में रहने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत का भी फिल्म को लेकर रिएक्शन सामने आ गया है। फिल्म के बारे में बात करते हुए कंगना ने कहा कि मैंने अभी तक फिल्म देखी नहीं है, लेकिन मूवी को बैन करने की काफी कोशिश की गई। आज ही मैंने पढ़ा, कि हाईकोर्ट की तरफ से ऐसा बयान आया है कि फिल्म को बैन नहीं किया जा सकता है। मेरे हिसाब से यह फिल्म आइएस-आइ के अलावा और किसी के बारे में गलत जानकारी नहीं दे रही है ना? आइएसआइ एक आंतकी संगठन है। इसका ये मतलब नहीं है कि मैं उन्हें आतंकवादी कह रही हूं, हमारा देश, गृह मंत्रालय और भी कई देशों का भी यही मानना है। कंगना ने कहा कि अगर आपको लगता है कि वहां आतंकी नहीं है, जाहिर तौर पर फिर आप भी आतंकवादी ही है। अगर आपको लगता है कि एक आतंकी आउटफिट, एक टेररिस्ट नहीं है और उन्हें आतंकी घोषित किया गया है, चाहे वहां लीगली, मोरली हर तरीके से हो। अगर आप सोचते हैं कि वहां आतंकी नहीं है, तब इस फिल्म से ज्यादा आप एक बड़ी समस्या है। सबसे पहले आपको यह सोचना होगा कि आप अपने जीवन में कहां खड़े हैं। कंगना ने तंज कसते हुए कहा कि ये सभी बातें मैं उन लोगों के बारे में कर रही हूं जो यह सोचते हैं कि ये फिल्म आइएसआइ को छोड़कर, उन लोगों पर हमला कर रही है।

# सलमान तैयार हुए शेरखान के लिए, ड्रीम प्रोजेक्ट में जुटे सोहेल खान




**मुंबई (ईएमएस)।** सलमान खान अपने भाई सोहेल खान के ड्रीम प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए तैयार हो गए हैं। खबर तो यह भी है कि इसके लिए पूरी टीम तैयारी में जुट गई है। गौरतलब है कि सलमान खान सभी सीजन के सुपरस्टार हैं और पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने वह मुकाम हासिल किया है जहाँ उनकी फ्लॉप फिल्मों ने भी बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ से ज्यादा का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की है। इनमें उनकी ट्यूबलाइट, जय हो, दबंग-3 के साथ हाल ही में प्रदर्शित हुई किसी का भाई किसी की जान शामिल है। हाल ही में सलमान खान ने एक शो में बताया था कि करण जौहर ने अपने निर्देशक विष्णुवर्धन के साथ एक फिल्म के लिए उनसे बातचीत की थी। आदित्य चोपड़ा के साथ भी एक फिल्म की बातचीत चल रही है। यह सब कुछ पिछले दस सालों से हुआ है, पहले कभी इन बड़े बैनरों ने उनके साथ काम नहीं किया है। और अब सलमान खान की एक और फिल्म शेरखान के बारे में चचाएँ चल रही हैं। सलमान के एक करीबी सूत्र ने बताया कि उनके छोटे भाई सोहेल खान ने सलमान खान के साथ शेरखान के लिए बातचीत फिर से शुरू कर दी है। शेरखान एक ड्रीम प्रोजेक्ट है और टीम ने स्क्रिप्ट को फाइनल करने के लिए पूरा समय लिया है। सोहेल सलमान के साथ अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बनाने के लिए उत्साहित हैं और भाई भी जंगल एडवेंचर की तलाश में हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा तो शेर खान सोहेल और सलमान खान की बनने वाली सबसे बड़ी फिल्म होगी। सोहेल खान इस फिल्म को सलमान खान के साथ वर्ष 2012 में बनाना चाहते थे, लेकिन तब सलमान खान को इस फिल्म की पटकथा सही नहीं लगी थी और उन्होंने सोहेल को पटकथा पर पुनः काम करने को कहा था। उन दिनों भारत में वीएफएक्स की तकनीक इतनी मजबूत नहीं थी। अब भारत में वीएफएक्स पर हो रहे काम को वैश्विक स्तर पर सराहा जा रहा है। सलमान और सोहेल यह अनुमान लगा रहे हैं कि क्या वे अब शेरखान को फिर से देख सकते हैं क्योंकि यह समय हमारे अपने इंडियाना जोन्स बनाने का सही है। सलमान खान की अगली फिल्म टाइगर-3 है जो दीवाली के मौके पर प्रदर्शित होने जा रही है। इस फिल्म में उनके साथ शाहरुख खान पठान के रूप में कैमियो करते दिखाई देंगे।

# अनिल व आदित्य द नाइट मैनेजर के पार्ट-2 को 30 जून को करेंगे रिलीज




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** आदित्य रॉय कपूर और अनिल कपूर स्टारर पॉपुलर वेब सीरीज द नाइट मैनेजर का दूसरा पार्ट 30 जून को डिज्नी हॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। इस लैविश ड्रामा नाटक को भव्य लोकेशन पर शूट किया गया है और इसमें हाई-ऑक्टेन थ्रिल देखने को मिले वाला है। द नाइट मैनेजर, जॉन ले कैरे के इसी नाम के उपन्यास का हिंदी रूपांतरण है। इस सीरीज में बॉलीवुड स्टार अनिल कपूर हैं, जो एक हथियार डीलर की भूमिका निभाते हैं। साथ ही आदित्य रॉय कपूर एक अंतरराष्ट्रीय आर्म सिंडिकेट के बारे में जानकारी खोजने के लिए के लिए सरकार द्वारा लगाए गए एक एजेंट की भूमिका निभा रहे हैं। हिंदी वर्जन क्लिफहेंजर के साथ खत्म हुआ और इसके पार्ट-2 को लोग दिल थामकर इंतजार कर रहे हैं। अनिल कपूर ने मीडिया से कहा कि मैं द नाइट मैनेजर के लिए हमारे प्रशंसकों के दिखाए गए प्यार और समर्थन से अभिभूत हूं। उनके उत्साह ने हमें और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया है। मैं हर बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं कि इस दूसरे पार्ट के ट्विस्ट एंड टर्न देखकर लोगों का रिएक्शन कैसा होता है। इस बार भी आपको शैली अपने उसी अंदाज में नजर आएगा। वेब सीरीज द नाइट मैनेजरः पार्ट 2 का निर्माण और निर्देशन संदीप मोदी और प्रियंका घोष ने किया है। पहले पार्ट को लोगों ने काफी पसंद किया। अब लोगों देखना है कि सेकेंड पार्ट में शैली क्या करता है। उसकी जर्नी में और क्या ट्विस्ट आने वाले हैं। आदित्य रॉय कपूर ने कहा कि ट्विस्ट, रोमांच और तनाव सभी टकराएंगे। द नाइट मैनेजर में शोभिता धूलिपाला, तिलोत्तमा शोम, रवि बहल और सास्वता चटर्जी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इससे पहले नाइट मैनेजर का पार्ट-1 ओटीटी पर स्ट्रीम किया गया था।

# तेजस्वी प्रकाश ने तस्वीरें शेयर कर मचा दी सनसनी



बिग बॉस 15 फेम तेजस्वी प्रकाश ने अपनी कुछ ग्लैमरस तस्वीरें शेयर कर इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है। फैंस उनकी इन तस्वीरों को देख खूब दीवाने हो रहे हैं और कमेंट कर उनकी तारीफ भी कर रहे हैं। तेजस्वी प्रकाश ने ये तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं, जिन्हें फैंस जमकर लाइक कर रहे हैं। लुक की बात करें तो इन तस्वीरों में एक्ट्रेस रेड कलर की ड्रेस में बेहद सेक्सी लग रही हैं। थाई हाई स्लिट ट्रांसेपेरेंट ड्रेस में तेजस्वी अपना हॉट अंदाज दिखा रही हैं। इस लुक को उन्होंने हाई हील के साथ टीम अप किया है। न्यूड मेकअप और रेड इयररिंग्स उनके लुक को चार-चांद लगा रहे हैं। अपने लुक से फैंस को इम्प्रेस करते हुए तेजस्वी कैमरे के सामने किलर अदाएं दिखा रही हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस की ब्यूटी देखते ही बन रही है। बता दें कि तेजस्वी प्रकाश अक्सर किसी न किसी वजह को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा में बनी रहती हैं।

# मां हेमा से बिकिनी पहनने के लिए परमिशन मांगते समय डर गई : ईशा देओल



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल ने खुलासा किया कि बचपन में उन्हें अपनी मां हेमा मालिनी से बहुत डर लगता था। इतना ही नहीं, ईशा ने एक किस्सा भी बताया। उन्होंने कहा कि साल 2004 में उन्हें उनकी सुपरहिट फिल्म धूम की शूटिंग के दौरान उन्हें बिकिनी पहनने के लिए कहा गया। पहले वह घबरा गईं। फिर उन्होंने डायरेक्टर आदित्य चोपड़ा से एक दिन का समय मांगा। जिसके बाद उन्होंने मां हेमा को सीन के बारे में बताया और बिकिनी पहनने की इजाजत मांगी। परमिशन मांगते वक्त उन्हें इतना डर लग रहा था कि उनके पसीने छूट गए। ईशा ने कहा, यूं तब मां ने मुझे हॉलीडे और स्वीमिंग के दौरान बिकिनी में देखा था। लेकिन, फिर भी मुझे उनसे काफी डर लग रहा था। जब मैंने उनसे परमिशन मांगी तब उन्होंने कहा, हां, क्यों नहीं। तुम जब अपने दोस्तों के साथ बाहर या हॉलीडे पर जाती हो तब बिकिनी पहनती ही हो। फिर फिल्म में क्यों नहीं।

लेकिन, एक बात का ध्यान रखना, तुम्हारा बिकिनी वाला शूट बहुत अच्छी तरह होना चाहिए। मां से परमिशन मिलने के बाद ईशा डायरेक्टर आदित्य चोपड़ा के पास गईं। तब आदित्य ने कहा, मैं आपको छह महीने का समय देता हूं। इन छह महीनों में आप खुद को पूरी तरह तैयार कर लो। इसके बाद ईशा ने फिल्म के गाने की शूटिंग की। फिल्म रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर छा गई। न केवल लोगों को फिल्म पसंद आई बल्कि फिल्म में अपने अभिनय का जादू बिखेरने वालीं ईशा देओल भी पसंद आईं।

# अभिनय को बांधकर नहीं रखा जा सकताः रिद्धि डोगरा



एक्ट्रेस रिद्धि डोगरा ने कलाकारों के विभिन्न माध्यमों के आधार पर वगीर्कृत किए जाने पर बात की। एक्ट्रेस ने कहा- एक अभिनेता के रूप में, मुझे लगता है कि हमारे पास केवल वही सीमाएं हैं जो हम खुद पर सेट करते हैं। लोग सिर्फ एक-दूसरे को लेबल और अपनी अवधारणाओं में रखना चाहते हैं क्योंकि इससे उन्हें चीजों को आसान बनाने में मदद मिलती है लेकिन सच्चाई यह है कि अभिनय और रचनात्मकता को बांधकर नहीं रखा जा सकता। एक अभिनेता के रूप में, मैं किसी विशेष माध्यम से संबंधित नहीं हूं। मेरे लिए, असली जीत यह होगी कि मैं किसी भी माध्यम में उस क्षमता में योगदान करने में सक्षम हूं जिसकी प्रोजेक्ट को आवश्यकता हो। टीवी एक्टर या ओटीटी एक्टर कहलाने में कुछ भी गलत नहीं है, मुझे लगता है कि यह हमारी क्षमता के लिए बहुत ही सीमित है। प्रतिभा उन्हें परिभाषित करती है न कि उनके माध्यम को।

# पठान बांग्लादेश में होगी रिलीज

फिल्म पठान 1971 के बाद बांग्लादेश में रिलीज होने वाली पहली हिंदी फिल्म बन जाएगी। फिल्म बांग्लादेश में आगामी 12 मई को रिलीज होगी। अंतर्राष्ट्रीय वितरण के उपाध्यक्ष नेल्सन डिसूजा ने कहा, सिनेमा हमेशा राष्ट्रों और संस्कृतियों के बीच एक एकीकृत शक्ति रहा है। यह सीमाओं को पार करता है, लोगों को प्रेरित करता है और लोगों को एक साथ लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हम अविश्वसनीय रूप से रोमांचित हैं कि पठान, जिसने दुनिया भर में ऐतिहासिक कमाई की है, को अब बांग्लादेश में दर्शकों का मनोरंजन करने का मौका मिलेगा! उन्होंने कहा, पठान 1971 के बाद बांग्लादेश में रिलीज होने वाली पहली हिंदी फिल्म बन गई है और हम अधिकारियों को उनके फैसले के लिए धन्यवाद देते हैं। हमने पिछले कुछ सालों में देखा है कि शाहरुख खान के बांग्लादेश में जबरदस्त फैन फॉलोइंग है और हमें लगता है कि भारतीय संस्कृति और सिनेमा का पूरी तरह से प्रतिनिधित्व करती है।

# अलग-अलग किरदारों में जीना अनुभव रहा हैः आशीष चतुर्वेदी

**-अभिनेता आशीष चतुर्वेदी ने लखनऊ से मुंबई की यात्रा के अनुभव किए साझा**



**लखनऊ, (हि.स.)।** लखनऊ से बॉलीवुड पहुंचने वाले आशीष चतुर्वेदी ने बड़े भैया की दुल्हनिया, तेनालीराम, चंद्रगुप्त मौर्य, लव कुश सहित मलाला यूसुफजई की बायोपिक गुल मकई में काम किया है। इन दिनों वह एक चैनल पर प्रसारित हो रहे एकता कपूर के शो मोलकी-दो रिश्तों की अग्निपरीक्षा में विकास का निगेटिव किरदार निभाकर चर्चा में हैं। शनिवार को वह लखनऊ अपने गृहनगर में आए थे और मुंबई की यात्रा को साझा किया। हजरतगंज पार्क रोड स्थित रामाकृष्ण गेस्ट हाउस में हुई प्रेसवार्ता में वह मीडिया से मुखातिब हुए। अभिनेता आशीष चतुर्वेदी ने कहा कि मेरे पास कोई फिल्मी बैकग्राउंड नहीं था और न ही मुझे कोई गाइड करने वाला था। लखनऊ अब बड़ा शहर हो गया है, लेकिन जब हम निकले थे, तब इतनी सुविधाएं नहीं थीं। अब तो यहां में चर्चित फिल्मों की शूटिंग हो रही है। एक प्रश्न के उत्तर में बताया क मुंबई में मेरे लिए चुनौतियां बहुत थीं। कैसे एप्रोच करूं, किसे करुं, कहां रहूं। मैं लकी रहा कि एक्टिंग में डिप्लोमा करने के बाद पहला जो शो मिल गया था, उसमें एनएसडी से निकली कई शख्सियतें थीं। उसके बाद भी चुनौतियां थीं। ध्येय था फिल्में करना है। एकता कपूर के शो मोलकी के बाद अब सुहागन कर रहा हूं। यूपी बेस्ट बिंदिया सीरियल में काम कर रहा हूं। अग्निपरीक्षा सीरियल में काम किया। बताया कि सुहागन सीरियल बिंदिया और पायल दो बच्चियों की कहानी है। इसमें इनके पिता का रोल कर रहा हूं। उनके मामा की नजर उनके खेत और संपत्ति पर होती है। बच्चियों के बाबा उनका मार्गदर्शन करते हैं। कैसे वो मुसीबतों से निकलती हैं। ऐसे ही घटनाक्रम पर आधारित है सुहागन। फिल्म नगरी के संघर्ष के बारे में आशीष कहते हैं कि बहुत से लड़के आते हैं, जिन्हें मदद करता हूं। गाइड करता हूं। अपने खलनायक के किरदारों के जरिए चर्चा में आने पर आशीष चतुर्वेदी ने कहा कि जनता समझदार है, जानती है कि यह किरदार है। लेकिन फिर भी मुझे लोगों को किरदार और वास्तविकता के बारे में बताना पड़ता हूं। अंत में उन्होंने कहा कि मैं बचपन से क्लीयर रहा कि मुझे क्या करना है। एक एक्टर ही ऐसा है जो विभिन्न किरदार जीता है। मेरी सबसे अच्छी जिंदगी कैमरा के सामने होती है। मुझे सबसे ज्यादा ऊर्जा मिलती है, जब कैमरे के सामने होता हूं। एक्शन और कट के बीच रहना सबसे अच्छी फीलिंग होती है। पिछले 4-5 वर्षों में मैंने जो भी रोल किए। वो अलग-अलग कैरेक्टर्स थे। अलग-अलग कैरेक्टर्स को जीना चुनौती होती है।

# इंतजार खत्म, शाहरुख खान की फिल्म "जवान" का टीजर हुआ रिलीज

साल 2023 शाहरुख खान के फैंस के लिए बेहद खास रहने वाला है। क्योंकि इस साल वह तीन फिल्मों के जरिए दर्शकों के सामने आ रहे हैं। इनमें कुछ महीने पहले उनकी फिल्म "पठान" रिलीज हुई थी। इसके अलावा शाहरुख इस साल दो फिल्मों "जवान" और "डंकी" में दिखाई देंगे। उनके फैंस उनकी फिल्म "जवान" का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब फाइनली इस फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया गया है। शाहरुख ने जैसे ही "जवान" का ऐलान किया सबका ध्यान फिल्म की तरफ हो गया। दर्शकों ने इसमें उनके फर्स्ट लुक को भी सराहा था। शाहरुख खान पिछले कई दिनों से अपनी अपकमिंग फिल्म "जवान" की शूटिंग में बिजी थे। सबकी निगाह इस बात पर थी कि इस फिल्म का ट-ीजर कब रिलीज होगा। पिछले कुछ दिनों से इस फिल्म की रिलीज डेट में बदलाव किया जा रहा है। अब आ-खरकार इस फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया गया है और इस फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। फिल्म का टीजर शाहरुख खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इस टीचर में शाहरुख खान हवा में उछलते और हाथ में भाला लिए पूरे शरीर पर पट्टी बांधे नीचे उतरते नजर आ रहे हैं। इस टीजर में लिखा है कि इटली फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं, जबकि गौरी खान "रेड चिली एंटरटेनमेंट" के जरिए फिल्म को प्रोड्यूस कर रही हैं। इसलिए इस फिल्म के टीजर के अंत में इस फिल्म की बदली हुई रिलीज डेट की घोषणा की गई है। इसके मुताबिक फिल्म 7 सितंबर को रिलीज होगी। शाहरुख खान ने जैसे ही इस टीजर को शेयर किया, यह वायरल होने लगा। नेटिजन्स को यह टीजर पसंद आया है और हर कोई इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहा है और नेटिजन्स फिल्म के बारे में अपनी उत्सुकता व्यक्त कर रहे हैं। इस फिल्म में शाहरुख खान के साथ साउथ की एक्ट्रेस नयनतारा मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में साउथ एक्टर विजय सेतुपति नेगेटिव रोल प्ले कर रहे हैं।

# फिल्म छत्रपति का ट्रेलर जारी किया




एसएस राजामौली की तेलुगु ब्लॉकबस्टर छत्रपति की ऑफिशियल हिंदी रीमेक फिल्म छत्रपति का ट्रेलर जारी किया गया है। यह फिल्म बेल्लमकोंडा की पहली हिंदी फिल्म है। फिल्म का निर्देशित वीवी विनायक ने किया है और स्क्रिप्ट एसएस राजामौली के पिता और अनुभवी लेखक वी विजयेंद्र प्रसाद ने लिखी है। बेल्लमकोंडा ने फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा कि फिल्म छत्रपति मेरे लिए कई मायनों में खास है। वीवी विनायक ने मुझे मेरे तेलुगु डेब्यू में निर्देशित किया और वह मेरे बॉलीवुड डेब्यू के निर्देशक भी हैं, जो इस सहयोग को और भी महत्वपूर्ण बनाता है। फिल्म के ट्रेलर में बेहतरीन विजुअल्स से लेकर जोरदार स्टंट, बेल्लमकोंडा और नुसरत भरूचा के बीच की केमिस्ट्री, कोरियोग्राफी, धमाकेदार म्यूजिक, दिलचस्प स्टोरी तक, सब कुछ बेहतरीन लग रहा है। वहीं नुसरत भरूचा ने कहा कि श्रीनिवास बेल्लमकोंडा के साथ काम करना एक अविश्वसनीय अनुभव था जो स्क्रीन पर सिर्फ एक स्वाभाविक है।

## सूडोकु नवताल- 6424

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6423 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7171

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | ज | मी | दा | र | तू | ग | झ | क | कि |
| सू | ल | दा | ह | रिं | लै | ता | दि | शा | को | रा |
| बे | पु | वे | मु | दा | ल | सिं | बे | ला | ल | ये |
| दा | दा | दा | धा | हा | क | प | हा | दा | र | दा |
| र | श | र | ष | उ | व | री | ग | स | र | र |
| रं | रि | प | व | दा | त | रे | ती | प | न | ती |
| गा | ल | ख | अं | र | म | प | दा | ला | व | क |
| बा | जी | वा | री | क | छ | सौ | न | र | जू | क |
| स | थो | तें | व | द | ज | दा | ने | दा | र | द |
| र | ल | प | ति | रं | दा | ऐ | बें | न | रु | थो |
| कां | टे | दा | र | ग | कु | र | जा | एं | प | क |

शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे दार शब्द लगा हो.नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

जमीदार, सूबेदार, दावेदार, दानेदार, उदार, खरीददार, किरायेदार, कांटेदार, मुहावरेदार, ताबेदार

### शब्दजाल - 7170 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| या | ज | गा | र | ग | ब | ज | क | प | ल | क |
| दें | वा | ज | क | या | ज | का | मौ | स | जि | ड़ |
| क | ह | या | य | र्म | छ | स | या | ता | य | क |
| क | र | ल | र | दे | वी | स | न | ल | श | क |
| ज | इ | ल | म | स | व | ज | श | र | ला | ल |
| क | ज | दा | ई | र | ब | ज | फ | लो | श | ज |
| क | ज | चे | दा | ई | क | स | री | ग | प | न |
| द | र | मी | प | व | ज | ना | र्द | न | ज | स |
| क | ज | ल | ज | न | व | री | ऐ | ना | प | हो |
| क | मी | ल | प | द | या | स | मा | ज | स | य |
| का | न | चे | न्न | ई | क | ज | री | ग | प | ग |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6124

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 4 | 5 | 2 | | |
| 3 | 38 | | 33 | | 27 | 1 |
| | 4 | 7 | | 1 | 6 | 3 |
| 2 | 32 | | 35 | | 33 | |
| | 1 | 6 | | | 5 | 2 |
| 1 | 24 | | 35 | | 30 | |
| | 3 | | 7 | 4 | | 5 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6123 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 6 | 34 | 6 | 40 | 7 | 33 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 6 | 4 | 2 | 7 |
| 2 | 22 | 1 | 34 | 5 | 34 | 4 |
| 5 | 1 | 4 | 6 | 3 | 7 | 2 |
| 4 | 30 | 3 | 30 | 6 | 33 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 1 | 6 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore




# एशियाई चैंपियनशिप : बिंदियारानी ने एशियाई चैंपियनशिप में जीता रजत, भारत का खुला खाता

**नई दिल्ली ।**
राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक बिंदियारानी देवी ने कोरिया के जिंजू में एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक के साथ भारत का खाता खोल दिया। मणिपुर की बिंदियारानी ने कुल 194 किग्रा (83 + 111 किग्रा) उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया। उनका 55 किग्रा भारवर्ग हालांकि ओलंपिक में शामिल नहीं है। बिंदियारानी ने स्नैच में पहले दो प्रयासों में 80 किग्रा और 83 किग्रा भार उठाया। इसके बाद उन्होंने 85 किग्रा भार उठाने का प्रयास किया लेकिन उसमें वह असफल रहीं। उनका व्यक्तिगत श्रेष्ठ प्रदर्शन वैसे 86 किग्रा का रहा है। भारतीय खिलाड़ी ने क्लीन एवं जर्क में इसकी भरपाई की तथा दूसरा सर्वाधिक भार उठाकर रजत पदक हासिल किया। चीन ताइपे की चेन गुआन लिंग ने 204 किग्रा (90 +114) के साथ स्वर्ण जबकि वियतनाम की वो थी क्रान्ह नहू (88 + 104 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता।

स्नैच के बाद बिंदियारानी चौथे स्थान पर चल रही थी लेकिन फिर उन्होंने क्लीन एंड जर्क में दूसरा श्रेष्ठ भार उठाया। उसके बाद उन्होंने अपने कुल स्कोर में सुधार के लिए 115 किग्रा भार उठाने का प्रयास किया लेकिन इसमें विफल रहीं। पिछले साल बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में उन्होंने 116 भार उठाया था। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने चयन ट्रायल से पहले चोटिल हो जाने के कारण वापस 55 किग्रा भारवर्ग में भाग लेने का फैसला किया। उन्होंने इससे पहले 59 किग्रा में भाग लेना शुरू कर दिया था जोकि पेरिस ओलंपिक का हिस्सा है। बिंदियारानी ने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में 59 किग्रा भार वर्ग में हिस्सा लिया था जिसमें वह 25वें स्थान पर रही थी। टूर्नामेंट से पहले मुख्य प्रशिक्षक विजय शर्मा ने इस चैंपियनशिप में सिर्फ बिंदियारानी की भागीदारी पर जोर दिया था क्योंकि यह स्पर्धा पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफायर्स और इस साल होने वाले एशियाई खेलों से पहले महत्वपूर्ण है। पेरिस 2024 ओलंपिक क्वालिफिकेशन के नियमों के अनुसार किसी भारोत्तोलक के लिए 2023 विश्व चैंपियनशिप और 2024 विश्वकप में भाग लेना अनिवार्य है। इसके अलावा पांच अन्य प्रतियोगिताओं 2022 विश्व चैंपियनशिप, 2023 महाद्वीपीय चैंपियनशिप और 2023 ग्रां प्रि-1, ग्रां प्रि-2 और 2024 महाद्वीपीय चैंपियनशिप में से किसी तीन में भाग लेना अनिवार्य है।

## न्यूज ब्रीफ

### कोहली से विवाद के बाद नवीन उल-हक का नया पोस्ट: लिखा- वैसा ही व्यवहार करें, जैसा अपने लिए चाहते हैं, गंभीर का कमेंट




**नई दिल्ली ।** लखनऊ सुपर जाएंट्स के तेज गेंदबाज नवीन उल-हक ने टीम के मेंटर गौतम गंभीर के साथ सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है। उसके कैप्शन में लिखा, लोगों के साथ वैसा ही व्यवहार करें जैसा आप चाहते हैं कि वह भी आपके साथ उसी तरह व्यवहार करे। लोगों से उसी तरह से बात करें जैसे आप चाहते हैं कि वह आपके साथ करे। इस पोस्ट को सोशल मीडिया यूजर्स विराट कोहली पर तंज मान रहे हैं। पोस्ट में नवीन ने गंभीर को सर्वकालिक महान भी बताया। इस पर गंभीर ने कमेंट करते हुए लिखा- जैसे हो वैसे ही रहो !! कभी मत बदलो। नवीन के कैप्शन से ऐसा लगा रहा है कि वह कोहली पर निशाना साध रहे हैं। वह यह बताना चाह रहें हैं कि कोहली ने जिस तरह बात की नवीन ने भी वैसा ही जवाब दिया। बता दें, लखनऊ के इकाना में 1 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लखनऊ सुपर जायंट्स को हरा दिया था। इस मैच के दौरान विराट कोहली, नवीन उल-हक और गौतम गंभीर भिड़ गए थे। उस नोकझोंक के बाद कोहली और नवीन दोनों के बीच सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए हमला जारी है। इससे पहले लखनऊ के खिलाफ मैच के एक दिन बाद कोहली ने भी एक पोस्ट किया था, जिसमें लिखा, हम जो भी सुनते हैं, वह तथ्य नहीं एक राय होती है। हम जो भी देखते हैं, वह सच नहीं एक नजरिया होता है। वहीं इसके बाद नवीन भी इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी लगाई और लिखा, आपको वही मिलता है जिसके आप हकदार हैं, ऐसा ही होना चाहिए और ऐसा ही होता है।

### भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी



**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों की तैयारी के लिए इसी माह ऑस्ट्रेलिया जाएगी। इस दौरे में पांच मैचों की एक सीरीज होगी। भारतीय टीम का ये दौरा 18 मई से 27 मई तक चलेगा। इससे भारतीय टीम को चीन में इसी साल होने होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों का अच्छा अवसर मिलेगा। इस दौरे में भारतीय टीम पहले तीन मैचों में ऑस्ट्रेलिया की राष्टीय टीम और उसके बाद अंतिम दो मैचों में ऑस्ट्रेलियाई ए टीम से खेलेगी। ये सभी मैच एडिलेड में खेले जाएंगे। भारत अपना पहला मैच 18 मई को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा जबकि इसके बाद अगले दो मैच 20 और 21 मई को होंगे। भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया ए से 25 और 27 मई को मैच खेलने हैं। अभी विश्व रैंकिंग में भारतीय टीम आठवें स्थान पर जबकि ऑस्ट्रेलियाई महिला हॉकी टीम तीसरे नंबर पर है। वहीं चीन में एशियाई खेल इसी साल सितंबर अक्टूबर में होंगे।

### पाथिराना शानदार गेंदबाज पर उन्हें केवल आईसीसी टूर्नामेंटों में ही रखे श्रीलंका : धोनी

**चेन्नई ।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने मुम्बई इंडियंस टीम के खिलाफ मिली



जीत के बाद श्रीलंकाई टीम के युवा तेज गेंदबाज मथीश पथिराना की जमकर प्रशंसा की है। पथिराना ने मुम्बई के खिलाफ मैच में सीएसके की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। धोनी ने कहा कि पथिराना एक शानदार प्रतिभा है पर उन्हें सभी प्रारुपों विशेषकर टेस्ट क्रिकेट में शामिल नहीं किया जाना चाहिये। पथिराना पूर्व श्रीलंकाई तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा की तरह एक्शन वाले गेंदबाज हैं। इस युवा गेंदबाज ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ चार ओवर में ही 15 रन देकर तीन विकेट लिए थे। धोनी ने कहा कि 'स्लिंग एक्शन वाले गेंदबाजों को चोटिल होने का खतरा अधिक रहता है। इसलिए पाथिराना को सभी प्रारुपों में उतारने से बचा जाना चाहिये। धोनी ने कहा, जिन गेंदबाजों का एक्शन मुश्किल होता है बल्लेबाजों के लिए उनकी गेंदों को खेलना कठिन होता है। पथिराना की निरंतरता और तेजी उसे विशेष बनाती है। मुझे लगता है कि उसे टेस्ट क्रिकेट में शामिल नहीं करना चाहिये। उसे केवल आईसीसी टूर्नामेंट में ही शामिल करना चाहिये।

# महापंचायत में पहलवानों का शक्ति प्रदर्शन, आंदोलन की रूप रेखा और रणनीति पर होगा फैसला

**नई दिल्ली ।**
**यौन उत्पीड़न के आरोपों से घिरे भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जंतर मंतर पर 14 दिनों से धरने पर बैठे पहलवानों को उम्मीद है कि होने वाली खाप महापंचायत में उन्हें अपनी लड़ाई को लेकर बड़ा बल मिलेगा। धरने पर बैठीं विनेश फोगाट ने कहा कि समर्थकों से हमारा मनोबल बढ़ा है। हम यहां मौजूद लोगों के अलावा सारे देश का आभार प्रकट करते हैं, जो हमारा समर्थन कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि सफलता मिलेगी जिससे सच की जीत होगी।**



जंतर-मंतर पर सर्वखाप महापंचायत बुलाई गई है, जिसमें पहलवानों की इस लड़ाई में आगे की रणनीति पर फैसला होगा। इसके अलावा आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने के लिए 31 और नौ सदस्यीय दो समितियों का गठन किया गया है। इस महापंचायत में अहम फैसला हो सकता है। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर पहलवानों से धरना समाप्त करने की मांग कर चुके हैं। बजरंग कह चुके हैं कि अगर महापंचायत उन्हें धरना समाप्त करने को कहेगी, तो वे धरनास्थल से उठ जाएंगे।

चौबीसी सर्वखाप पंचायत के आह्वान पर हरियाणा के महम में हरियाणा की विभिन्न खाप पंचायतों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता महम चौबीसी के प्रधान मेहर सिंह नंबरदार ने की। प्रधान के कार्यालय में आयोजित बैठक में लगभग 65 खाप प्रतिनिधि सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। पंचायत में दिल्ली में धरनारत खिलाड़ियों का समर्थन करने का निर्णय लेते हुए जंतर-मंतर पर पहुंचने का फैसला लिया गया।

### विनेश ने की शांति बनाए रखने की अपील

एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश ने कहा कि यहां काफी संख्या में समर्थक एकत्रित होंगे। खाप पंचायतें, किसान और मजदूर संगठन भी हमारे समर्थन के लिए आएंगे। ऐसे में हम सभी से अपील करते हैं कि शांति बनाए रखे। हमारी सफलता शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर निर्भर है। हमारी समर्थकों से यह भी गुजारिश है कि वे प्रशासन और पुलिस के साथ सहयोग करें। साथ ही पुलिस से भी आग्रह है कि हमारे समर्थकों को धरना स्थल पर आने से न रोकें।

### पहलवान निकालेंगे कैंडल मार्च

ओलंपिक पदक विजेता बजरंग ने देशवासियों से कैंडलमार्च निकालने की अपील की, ताकि आंदोलनरत पहलवानों के प्रति एकजुटता दिखाई जा सके। उन्होंने कहा कि हम सात मई को सात बजे कैंडलमार्च निकालेंगे। सभी लोगों से इसमें शामिल होने की अपील है। अन्य ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने कहा कि हमने अभी आगे की रणनीति तय नहीं की है। हमारे वकील इस पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस की जांच के बाद हम निचली अदालत में जाने पर कोई निर्णय लेंगे।

# तटस्थता के तहत रूसी, बेलारूसी एथलीटों की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में वापसी के लिए काम कर रहा है आईओसी



**बीजिंग ।**
अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक ने कहा है कि आईओसी रूसी या बेलारूसी पासपोर्ट वाले एथलीटों को अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में लौटने में मदद करने के लिए काम कर रहा है। मार्च में आयोजित आईओसी कार्यकारी बोर्ड की बैठक में, बाक ने कहा कि अगले साल के पेरिस ओलंपिक में रूसी और बेलारूसी एथलीट प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं या नहीं, पर निर्णय उचित समय पर लिया जाएगा। बताया कि उन्हें अभी भी यह देखने के लिए समय चाहिए कि इन सिफारिशों को कैसे स्वीकार किया जाता है और उनका सम्मान कैसे किया जाता है। बाक द्वारा उल्लिखित सिफारिशों में से एक का अर्थ है कि इन दोनों देशों के एथलीट तटस्थ स्थिति के साथ पेरिस ओलंपिक में भाग ले सकते हैं। बाक ने कहा, अब हम मिशन को पूरा करने के लिए सभी प्रयास कर रहे हैं, रूसी या बेलारूसी पासपोर्ट वाले एथलीटों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में वापस लाया जाए। हम अंतर्राष्ट्रीय महासंघों के साथ बहुत करीबी सहयोग और आदान-प्रदान में हैं, जो इस समय अपनी प्रतियोगिताओं को चलाने के लिए जिम्मेदार हैं, और हम बहुत आशा करते हैं कि यह मिशन तब उन शर्तों के तहत पूरा किया जा सकता है जो स्थापित की गई हैं कि इन दोनों देशों के एथलीट को तटस्थ स्थिति में भाग लेना चाहिए, ताकि हम वास्तव में पेरिस में ओलंपिक खेलों के लिए कुछ लोगों के साथ पूरी दुनिया को एकजुट कर सकें। बाख ने स्वीकार किया कि निर्णय के राजनीतिकरण का जोखिम है लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी तरह का बहिष्कार केवल उनके ही एथलीटों को दंडित करेगा। उन्होंने टिप्पणी की, आप उन सरकारों के बयानों को जानते हैं जो यह तय करना चाहती हैं कि कौन लोग ओलंपिक, अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं और कौन नहीं । हमें बहुत दृढ़ रहना होगा कि ये निर्णय जिम्मेदार खेल संगठनों को लेने हैं। बाक ने कहा, मैं देखता हूं कि सरकारों को अपनी स्थिति व्यक्त करने का अधिकार है। लेकिन वह यह भी महसूस करते हैं कि किसी भी तरह का बहिष्कार केवल उनके अपने एथलीटों को दंडित करेगा और उनके लोगों को उनके ओलंपिक प्रदर्शन पर गर्व करने से वंचित करेगा।

# आईपीएल नहीं घरेलू क्रिकेट के कारण टीम इंडिया में जगह मिली : बुमराह

**नई दिल्ली ।**
फिट नहीं होने के कारण आईपीएल के 16 सत्र में नहीं खेल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा है कि टीम इंडिया में जगह उन्हें मुम्बई इंडियंस के से खेलने के कारण नहीं मिली है। बुमराह का एक वीडियों सोशल मीडिया पर आया है, इसमें उन्होंने बताया है कि वह किस प्रकार से भारतीय टीम में आये। उनका यह वीडियो युवराज सिंह के साथ इंस्टाग्राम पर बातचीत का है।



बुमराह ने इस वीडियो में कहा, लोगों को ऐसा लगता है कि मैं टीम इंडिया में आईपीएल से आया हूं पर यह आधारहीन बात है। मैं 2013 से ही आईपीएल खेल रहा हूं। इसमें भी तीन साल तक मुझे कभी दो, कभी चार और 10 मैच ही खेलने को मिले। उन्होंने कहा, मैं आईपीएल में जब लगातार खेल ही नहीं रहा था तो उसके आधार पर मैं भारतीय टीम में कैसे आ सकता हूं। मैंने विजय हजारे ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन किया था। इसके साथ ही मुझे रणजी ट्रॉफी में भी विकेट मिले। उसके बाद मुझे टीम इंडिया में स्थान मिला। साल 2016 में टीम इंडिया में जगह मिलने के बाद मुझे लगातार आईपीएल में खेलने का अवसर मिला है। फिर मैं कैसे मान लूं कि आईपीएल से टीम में जगह मिली जबकि आधार तो रणजी ट्रॉफी और घरेलू टूर्नामेंट ही होते है। अपनी धारदार यॉर्कर से बल्लेबाजों को हैरान करने वलो बुमराह ने मुंबई इंडियंस की ओर से अभी तक कुल 20 मैच खेलते हुए 145 विकेट लिए हैं। वहीं आईपीएल में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बात करें तो वह 10 रन देकर 5 विकेट का रहा है।

### सबालेंका ने मैड्रिड ओपन जीता

**मैड्रिड ।** बेलारुस की आर्यना सबालेंका ने पोलैंड की इगा स्वियाटेक को हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस खिताब जीत लिया है। विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी सबलेंका ने विश्व की नंबर एक खिलाड़ी स्वोटेक को 6-3, 3-6, 6-3 से हराया। यह मुकाबला करीब सवा दो घंटे तक चला। इसी के साथ ही सबलेंका ने अपने करियर का 13वां डब्ल्यूटीए टूर एकल खिताब जीता है। सबालेंका का यह मैड्रिड मे दूसरा खिताब है। इससे पहले सबलेंका ने यहां 2021 की विश्व नंबर एक खिलाड़ी एशले बार्टी को भी हराया था। सबालेंका ने पहले सेट में चौथे ब्रेक अंक को हासिल कर 5-3 ने बढ़त बनायी।

# 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने पाकिस्तान आए टीम इंडिया: पीसीबी ने कहा- बीसीसीआई ने लिखित में गारंटी नहीं दी तो वर्ल्ड कप खेलने भारत नहीं आएंगे

**कराची ।**
पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इस साल भारत में होने वाले वर्ल्ड कप को लेकर नई शर्त रखी है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम वर्ल्ड कप खेलने तब ही भारत आएगा जब बीसीसीआई 2025 में पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया को भेजने की लिखित गारंटी देगा। एक सोर्स के मुताबिक पीसीबी के चेयरमैन नजम सेठी बीसीसीआई सचिव जय शाह से लिखित गारंटी लेंगे।

### पाकिस्तान सरकार से मिले सेठी

पीसीबी के सोर्स के मुताबिक कुछ दिन पहले नजम सेठी पाकिस्तान सरकार के अधिकारियों से एशिया कप में हिस्सा लेने को लेकर मिले थे। सेठी ने अधिकारियों से पाकिस्तान के एशिया कप में हिस्सेदारी को लेकर चर्चा की। सेठी के मुताबिक अगर दुबई और लाहौर में एशिया कप के मैच नहीं खेले गए तो पाकिस्तान एशिया कप से अपना नाम वापस ले सकता है। सेठी ने सरकार से चर्चा करने के बाद ही एशिया क्रिकेट काउंसिल को अपना फाइनल डिसीजन बताएंगे। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है की अगर एशिया कप



हाइब्रिड मॉडल में नहीं हुआ तो वह किसी भी इवेंट में भाग नहीं लेंगे। हाइब्रिड मॉडल में एशिया कप पाकिस्तान में ही होगा, लेकिन भारत के मैच श्व में खेले जाएंगे।

वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से शुरू हो सकता है और इसके लिए 12 वेन्यू शॉर्ट लिस्ट किए गए हैं। इनमें चेन्नई और कोलकाता भी शामिल हैं।

### सेठी जल्द लेंगे अंतिम फैसला

सोर्स के मुताबिक, सेठी अब के आगे एशिया कप को लेकर अपना अंतिम फैसला लेंगे। सेठी अब देरी नहीं चाहते हैं। सेठी अब चाहते है की मैच पाकिस्तान में ही हो या फिर पाकिस्तान एशिया कप में हिस्सा नहीं ले।

### 8 मई को कर सकते हैं बैठक

बीसीसीआई सचिव और एशिया क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष जय शाह ने कहा था कि एशिया कप में टीम इंडिया के मैच पाकिस्तान के बजाय दूसरे देश में कराने को लेकर पीसीबी के प्रस्ताव पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। अन्य देशों से भी उनके फीडबैक लिए जा रहे हैं। उस फीडबैक के आधार पर ही अगला फैसला लिया जाएगा।

सोर्स के मुताबिक सेठी 8 मई को दुबई के लिए रवाना होने वाले हैं, जहां वे एसीसी और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

### पाकिस्तान 2016 में टी-20 वर्ल्ड कप खेलने आ चुका है

टीम इंडिया राजनीतिक कारणों से पाकिस्तान नहीं जाती है, लेकिन पिछले 10 सालों में पाकिस्तान की टीम 2016 का टी-20 वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आ चुकी है।

# दिल्ली अपने इरादे के कारण आरसीबी के खिलाफ जीती : आर पी सिंह

**नई दिल्ली।**
दिल्ली कैपिटल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में आईपीएल मुकाबले में सात विकेट से जीत दर्ज की और पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज आर पी सिंह का मानना है कि दिल्ली की इस जीत के पीछे उनका गंभीर इरादा था।

बेंगलुरु ने इस मुकाबले में टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बेंगलुरु ने विराट कोहली के 55 रन और महिपाल लोमरोर के तेज 54 रन से कुल 181 रन बनाए। दुर्भाग्य से, यह टोटल पर्याप्त नहीं था क्योंकि कैपिटल्स ने आसानी से इसका पीछा किया। फिलिप सॉल्ट की 87 रन की जबरदस्त पारी ने उन्हें न केवल लक्ष्य का पीछा करने में मदद की बल्कि उन्होंने 20 गेंद शेष रहते ऐसा किया।

9वें स्थान पर 8 अंकों के साथ बैठी दिल्ली ने इस जीत से प्लेऑफ में जगह बनाने के अपने सपने को जिंदा रखा है। उनके पास प्लेऑफ में जगह बनाने का एक मौका है, इसलिए जिओसिनेमा के आईपीएल विशेषज्ञ आरपी सिंह ने इस मस्ट-विन गेम के लिए उनके इरादे और




प्रयास की प्रशंसा की।

आर पी ने कहा, दिल्ली को खुद को दौड़ में बनाए रखने के लिए रात का मैच जीतना जरूरी था, अगर वे हार जाते, तो सभी अगर-मगर खत्म हो जाते। दिल्ली जीत गई क्योंकि उनका इरादा बहुत अच्छा था। उनका शीर्ष क्रम सही समय पर चल गया।

दूसरी ओर, भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए साल्ट के जबरदस्त योगदान की तारीफ की।

जब भी कोई उनका (साल्ट) नाम लेता है, तो यह उनके बारे में एक शानदार बल्लेबाज के रूप में बात करता है। सवाल यह था कि क्या उन्हें मौका मिलेगा, पृथ्वी शॉ का फॉर्म खराब था, दिल्ली के पास अन्य मुद्दे थे, और बल्लेबाजी में भी मुद्दे थे। उन्हें इसके बारे में कुछ करना था। बदलाव आ गया है। वे अपने सलामी बल्लेबाज के रूप में मिशेल मार्श के साथ जा सकते थे, लेकिन उन्होंने फिल साल्ट को चुना। उन्होंने अपना पहला मैच मध्य क्रम में खेला, लेकिन आज रात वह ऊपर आये।

मुझे लगता है कि वे निश्चित रूप से व्यवस्थित हैं, उन्हें कुछ करना होगा। जब एनरिच नोर्त्जे वापस आएंगे, तो हमें देखना होगा कि कौन सा खिलाड़ी बेंच पर बैठता है। हमें देखना होगा कि दिल्ली आगे क्या करती है। जिस तरह से हमने हाल के मैचों में देखा है, चीजें दिल्ली के लिए ट्रेंड कर रही हैं। प्रतिस्पर्धी लक्ष्य पोस्ट करने के बाद बैंगलोर ने एक और मैच गंवा दिया और ब्रेट ली ने सॉल्ट के कारनामों की प्रशंसा करते हुए बेंगलुरु के एक और जीतने योग्य मैच गंवाने पर प्रतिक्रिया दी। ली ने कहा, आरसीबी के साथ थोड़ी समस्या है। कुछ खराब हार, उन्हें फिर से जीतना चाहिए था। उनके पास बोर्ड पर काफी रन थे लेकिन गेंदबाजी के साथ वे उसका बचाव नहीं कर पाए। उनका (फिलिप सॉल्ट) नाम हमेशा एक ऐसे खिलाड़ी के रूप में सामने आता है जो आपको अपनी टीम में रखना होता है, और उन्होंने फिर से खुद को सही साबित किया। 45 गेंदों में 87 रन बनाए, उन्होंने तेज गेंदबाजों का भी अच्छे से सामना किया। मुझे पसंद आया कि उन्होंने मोहम्मद सिराज का कैसे सामना किया। फिल साल्ट के साथ सबसे अच्छी बात यह है कि वह आक्रामक है लेकिन खुद को ऐसी स्थिति में ले जाते हैं जहां वह खुद को आक्रामक होने दे सकें, जो बल्लेबाजी करने के लिए सबसे अच्छी जगह है।

### आकाश सांगवान और निशांत देव ने किया कमाल, प्री-क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**नई दिल्ली ।** भारतीय खिलाड़ी आकाश सांगवान (67 भारवर्ग) और निशांत देव (71 भारवर्ग) ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए ताशकंद में विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। आकाश ने चीन के मुक्केबाज फ्यू मिंगकी के खिलाफ तेजी से पंच लगाए और उनके रक्षण को तोड़ दिया। चीनी मुक्केबाज ने वापसी की कोशिश की, लेकिन आकाश को 5-0 से जीतने से नहीं रोक पाए। आकाश अगले मैच में कजाखस्तान के दुलात बेकबायूओव के खिलाफ खेलेंगे। निशांत का मुकाबला दक्षिण कोरिया के ली सैगमिन से हुआ। भारतीय मुक्केबाज ने पहला राउंड आसानी से जीत लिया और अगले दोनों राउंड में अच्छा प्रदर्शन कायम रखते हुए 5-0 से जीत हासिल की। वह प्री-क्वार्टर फाइनल में निडाल के साथ खेलेंगे।

## 20 मिनट की झपकी रखेगी सेहत को चुस्त-दुरुस्त

घर हो या ऑफिस, झपकी लेना बॉडी को चॉर्ज करने जैसा है। सिर्फ 15 से 20 मिनट की झपकी ही आपको फ्रेश कर देगी जिससे बॉडी को काम करने के लिए एनर्जी और दिमाग को नए-नए आइडियाज भी मिलते हैं। हेल्थ को मेंटेन करने के लिए 7-8 घंटे की नींद परफेक्ट होती है लेकिन इंस्टेंट एनर्जी के लिए झपकी लेना भी बेस्ट ऑप्शन है।

**स्ट्रेस कम करता है :** काम करने के दौरान महज 10-20 मिनट की झपकी लेकर आप स्ट्रेस फ्री हो सकते हैं। रिसर्च में पाया गया है कि उन लोगों में स्ट्रेस हॉर्मोन का लेवल बहुत ही कम होता है जो काम के दौरान बीच-बीच में झपकी से खुद को रिलैक्स करते रहते हैं। इतना ही नहीं झपकी(पावर नैप) लेने के बाद से माइंड दोगुनी स्पीड से काम करता है।

**एनर्जी बढ़ाता है :** रात को ठीक से नहीं सोने की वजह से अगर दिन में नींद आ रही है और उस वक्त सोना पॉसिबल नहीं तो पावर नैप इसका एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। नींद आने के बावजूद भी माइंड को एक्टिव रखने की कोशिश करना दिमाग पर पर बुरा असर डालता है। वहीं 20 मिनट की झपकी लेने से बॉडी को एनर्जी मिलती है और वो दोबारा काम करने के लिए एक्टिव हो जाती है।

**हार्ट को हेल्दी रखता है :** झपकी लेना सिर्फ माइंड ही नहीं पूरी बॉडी के लिए अच्छा होता है। इससे हार्ट से जुड़ी बीमारियों के होने की पॉसिबिलिटी काफी हद तक कम हो जाती है।

## आंखों के लिए अमृत है विटामिन ए

इस खूबसूरत दुनिया को देखने के लिए आंखों का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। उसकी रोशनी चली जाए तो चारों तरफ अंधेरा छा जाता है। इसलिए हमें अपनी आंखों की सेहत के लिए खासकर विटामिन ए पर विशेष ध्यान देना चाहिए। दरअसल विटामिन ए हमारी आंखों को तो स्वस्थ रखता ही है, हमारी त्वचा, बाल, नाखून, दांत, हड्डियों आदि के विकास में भी अहम भूमिका निभाता है।






# जब सहा न जाए दर्द

स्वस्थ और सेहतमंद रहने के लिए हम तमाम जतन करते हैं, लेकिन आज की जीवनशैली में कुछ बीमारियां, कुछ तकलीफें दबे पांव हमारे पास आ ही जाती हैं। ऐसी ही तकलीफों में शामिल है दर्द। कुछ दर्द तो ऐसे होते हैं, जो हमें छोड़ते ही नहीं। इन्हें डॉक्टरी भाषा में क्रॉनिक पेन कहा जाता है।

**तमाम** जतन के बाद भी कुछ दर्द ठहर जाते हैं। महीनों चले इलाज में हमें यह भ्रम जरूर होता है कि अब यह दर्द लौट कर नहीं आएगा, लेकिन तब तक दर्द अपनी नींव और मजबूत कर चुका होता है। दुनियाभर की दवाएं, इंजेक्शन, शारीरिक थैरेपी आदि कराने का कोई फायदा नहीं होता। डॉक्टरी भाषा में ऐसे दर्द को 'क्रॉनिक पेन' यानी स्थाई दर्द कहते हैं, जो समय के साथ जाता नहीं, रुक जाता है। एक सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक चार भारतीय महिलाओं में से एक और हर दस में एक पुरुष को कमर दर्द की समस्या है। हमारे देश में यह समस्या बहुत बड़ी है। लेकिन साथ निभाने वाली इस बीमारी का कोई तो इलाज होगा, कोई तो उपाय ऐसे होंगे, जिनकी सहायता से जोड़ों और मांसपेशियों के दर्द को हमेशा के लिए अलविदा कहना आसान होगा। आज उन्हीं रास्तों के बारे में बात करते हैं।

### दिमाग और दर्द

कई महीनों तक एक ही स्थान पर हो रहे दर्द के हम धीरे-धीरे आदी हो जाते हैं। इलाज होने के बाद भी हम उस जगह के दर्द को लेकर सचेत रहते हैं और हमें दर्द महसूस होने लगता है। मनोचिकित्सकों की मानें तो कभी-कभी वास्तव में दर्द न होते हुए भी हम किसी खास जगह पर दर्द महसूस करने लगते हैं। जिस तरह थकान न होने पर भी यदि हम ऐसा महसूस करें तो थकान महसूस होने लगती है।

### जब सताए जोड़ों का दर्द

हम में से हर चौथा व्यक्ति जोड़ों के दर्द से परेशान है। तेज भागती जिन्दगी की रफ्तार के बीच दबे पांव यह कब आ जाता है, पता नहीं चलता। हड्डियों के विशेषज्ञ के मुताबिक जोड़ों के दर्द की शुरुआत में ही हमें सचेत हो जाना चाहिए। डॉक्टर के अनुसार शुरुआती दौर में ही यदि हम नियमित व्यायाम करें और उपचार कराएं तो दर्द से राहत मिल जाती है। लेकिन दर्द पुराना हो जाए तो उसे उपचार और व्यायाम से ठीक नहीं किया जा सकता। उसके लिए महंगी सजरी करानी पड़ सकती है। हालांकि सजरी सबसे आखिरी स्थिति है, लेकिन कई बार बोन रिप्लेसमेंट की जरूरत पड़ती है।



### ऐसे रखें जोड़ों का खयाल

**काम करने का तरीका बदलें:** हम में से अधिकांश लोग कंप्यूटर के सामने घंटों काम करते हैं, लेकिन अपने बैठने के तरीकों पर ध्यान नहीं देते। कुर्सी पर बैठते हुए हमारी पीठ हमेशा सीधी होनी चाहिए। ध्यान रहे कि आपकी कुर्सी बहुत नीचे ना हो। इसके अलावा अगर आप काफी देर तक टाइप करते हैं तो अपनी अंगुलियों को थोड़ा आराम दें, क्योंकि काफी देर तक टाइपिंग की वजह से आपकी अंगुलियों में दर्द का ठहराव हो सकता है। अगर संभव हो तो अपने घुटनों को कमर से ऊपर रखें। इसके लिए आप पैरों के नीचे कुछ रख सकते हैं।

**थोड़ा आराम भी है जरूरी:** जोड़ों में दर्द खासकर कमर का दर्द लगातार काम करने की वजह से बढ़ जाता है, इसलिए शरीर को आराम देना भी उतना ही जरूरी है। हमारी हड्डियों की क्षमता की एक सीमा है। उससे ज्यादा समय तक काम करने पर हमारी हड्डियां कमजोर हो जाती हैं, इसलिए इनका आराम करना भी उतना ही जरूरी है।

**गुनगुने पानी में डुबो कर रखें:** मांसपेशियों और हड्डियों को राहत देने में गुनगुना पानी कारगर साबित होता है। दिनभर के काम के बाद कुछ देर शरीर को गुनगुने पानी में डुबो कर रखें। इससे मांसपेशियों और हड्डियों में नई ऊर्जा का संचार होगा और दर्द से आराम मिलेगा।

### योग और व्यायाम करें

हड्डियों को सपोर्ट देने वाली मांसपेशियों का मजबूत होना बहुत जरूरी है। इसके लिए योग और व्यायाम की सहायता ली जा सकती है। योग और व्यायाम काफी हद तक हमें कई बीमारियों से दूर रखते हैं। इसके अलावा शरीर की प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाते हैं।

### डॉक्टरी सलाह

- घुटनों में या दूसरे जोड़ों में बहुत दर्द हो तो उन पर ज्यादा जोर ना डालें, इससे स्थिति और खराब हो सकती है।
- किसी भी चमत्कारी दवा का इस्तेमाल ना करें। कई बार चमत्कारी दवा के नाम पर लोग धोखा करते हैं।
- खाने-पीने का खास ध्यान रखें और खाने में दूध और अंडे को शामिल करें।
- सिर्फ उसी व्यायाम या योग को आजमाएं, जिसमें जोड़ों पर बहुत ज्यादा जोर ना पड़ता हो।

### हेल्दी खाएं

हड्डियों के लिए विटामिन डी और कैल्शियम सबसे उपयोगी माना जाता है। ठंडी जगहों में रहने वालों को तो सप्लिमेंट के तौर पर विटामिन डी जरूर लेना चाहिए। विशेषज्ञों के मुताबिक हमारी हड्डियों के आसपास एक खास किस्म का तरल पदार्थ होता है, जिसकी वजह से वे घूमती और मुड़ती हैं। जैसे-जैसे यह तरल पदार्थ कम होता है, हड्डियों के बीच घर्षण बढ़ता है। इस तरह से हमारी हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और धीरे-धीरे घिसने लगती हैं। इसलिए इनका संतुलन बने रहना बहुत जरूरी है। इसके लिए डॉक्टर ओमेगा-3 फैटी एसिड लेने की सलाह देते हैं। मछली में यह भरपूर मात्र में पाया जाता है। विटामिन डी के लिए धूप और कैल्शियम के लिए दूध सबसे अच्छा स्रोत है।

### ऐसे चलता है दर्द का चक्र

- दर्द शुरू होता है।
- आपकी सक्रियता कम हो जाती है।
- डॉक्टर के पास जाते हैं।
- टैस्ट कराते हैं और कई सारी दवाएं लेते हैं।
- दर्द में राहत मिलता है।
- आप ज्यादा काम करने की कोशिश करते हैं।
- पहले से ज्यादा दर्द महसूस करते हैं।
- सक्रियता और कम हो जाती है।
- बड़े ट्रीटमेंट की जरूरत पड़ती है।
- ताकत में कमी पाते हैं।
- पहले की तरह सक्रिय न रहने की वजह से निराशा होती है।
- आखिरकार आपकी मुश्किलें काफी बढ़ जाती हैं।

# सहयोग ही है सबसे बड़ा इलाज

**शुरुआती** दौर में डिमेंशिया की स्थिति में परिवार रोगी की मनोदशा व स्थिति को उम्र का असर मान अनदेखा करता है। यह उपेक्षा सहन न करने के कारण रोगी विरोध का सा माहौल बना लेता है और इमोशनल ट्रॉमा की अवस्था बन जाती है। हालांकि ऐसे में न्यूरोलॉजिस्ट काउंसलिंग कराने की सलाह देते हैं। सबसे बड़ा और कारगर इलाज है घर वालों का सहयोग। जो रोगी है, वह अपनी मदद स्वयं नहीं कर सकता, लेकिन घर वाले जानें कि यह बीमारी है और उन्हें इसमें पूरा सहयोग कर न केवल रोगी की स्थिति सुधारने में मदद करें, बल्कि यहां-वहां घूम कर व्यर्थ पैसा व श्रम बेकार न करें। जितनी जल्दी यह रोग पहचाना जाए, उतना ही अच्छा है। समय पर इलाज कराने से रोगी की स्थिति नियंत्रण में रहेगी। इलाज के दौरान लगने वाला समय अत्यंत लंबा हो सकता है, इसलिए परेशान न हों। इस संबंध में सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी परिवारजनों की है, क्योंकि वे ही सबसे पहले स्वभाव में आए परिवर्तनों को देख पाते हैं। रोगी की सही देखरेख और आत्मीयता उसके लिए मददगार हो सकती है।

### दिमागी कसरत है फायदेमंद

अल्जाइमर जैसे रोग को नियंत्रित करने के लिए व्यक्ति के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य का योगदान महत्वपूर्ण है। डॉक्टर इस बीमारी का इलाज भले ही न ढूंढ पाए हों, लेकिन वैज्ञानिकों का मानना है कि दिमागी कसरत इस बीमारी को दूर रख सकती है। नई भाषा सीखें, गेम, डांस, संगीत और खेलों में समय लगाएं।

### डाइट जो अल्जाइमर पर रखे नियंत्रण

ब्रेकफास्ट महत्वपूर्ण है शोध बताते हैं कि सुबह का नाश्ता दिन भर की एनर्जी के लिए जरूरी है। हेल्दी नाश्ते से दिमाग को ईंधन मिलता है। इससे याददाश्त इंप्रूव होती है व एकाग्रता बढ़ती है। लेकिन ज्यादा कैलोरी वाला खाना आपको आलसी बनाता है और एकाग्रता में कमी लाता है।

### चीनी कम

चीनी दिमाग को ईंधन देने का काम करती है, लेकिन टेबल शुगर नहीं, बल्कि खाने से मिला ग्लूकोज। तभी अत्यंत लो फील होने पर एक गिलास मीठा पेय आपको फुर्तीला बना देता है। एनर्जी बूस्टर का काम करता है कार्बोहाइड्रेट और शुगर। मधुमेह के शिकार हैं तो डाइटीशियन की सलाह लें।

### मछली

प्रोटीन का बेहतरीन स्रोत है मछली। ओमेगा थ्री जैसा फायदेमंद ब्रेन टॉनिक और किसी में नहीं



मिलता। यह ब्रेन फंक्शन के साथ स्ट्रोक के खतरे को भी कम करती है। याददाश्त बढ़ाती है। हेल्दी ब्रेन व हार्ट के लिए सप्ताह में दो बार मछली खाएं।

### नट्स

एंटीऑक्सीडेंट गुणों के साथ विटमिन ई भी इनमें मौजूद है। नट्स हमार शरीर में बी टाइप की कोशिकाओं का सृजन करते हैं, जो एंटीबॉडीज बना कर हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद करती हैं। नट्स तनाव को झेलने की शक्ति भी देते हैं।

### ब्ल्यू बेरीज है सुपर ब्रेन फूड

रिसर्च बताती हैं कि बेरीज में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स मस्तिष्क के लिए फायदेमंद हैं। यह फल फ्रीरेडिकल्स से होने वाले नुकसान से दिमाग को बचाता है, अल्जाइमर के खतरे को कम करता है। सीखने की क्षमता को बढ़ाता है, मसल फंक्शन को ठीक करता है। न्यूरोट्रांसमीटर की सक्रियता बढ़ाता है।

## सोशल सेक्टर में हासिल करें सफलता की ऊंचाईयां

# मॉनीटरिंग और इवैल्यूएशन में बनाएं कॅरियर

मॉनीटरिंग की प्रक्रिया वर्तमान में चल रहे प्रोजेक्ट्स तथा प्रोग्राम्स से डाटा का सिस्टमैटिक कलेक्शन है ताकि भविष्य में प्रेक्टिस को सुधारा जाए, बाहरी जवाबदेही को सुनिश्चित बनाया जाए और जाने-पहचाने फैसले लिए जाएं। मॉनीटरिंग की गतिविधि एक ऐसा काम है जो किसी प्रोजेक्ट की प्लानिंग स्टेज से शुरू होता है। मॉनीटरिंग उन प्रक्रियाओं तथा अनुभवों का दस्तावेजीकरण है जिनका इस्तेमाल आगे चलकर प्रोजेक्ट डिसीकान मेकिंग में किया जाता है। मॉनीटरिंग से योजनाओं की प्रगति की जांच में भी सहायता मिलती है।



### जॉब एंड सैलरी

भारत में 3.3 मिलियन के लगभग एनजीओ यानि गैर-सरकारी संगठन कार्यरत हैं, जिनमें से 40 हजार विश्व स्तर पर काम कर रहे हैं। सोशल सेक्टर में काम करने के इच्छुक लोग सोशल सर्विस प्रोफेशनल, सोशल सर्विस असिस्टेंट या सोशल सर्विस एग्जीक्यूटिव के तौर पर जॉब कर सकते हैं। मास्टर ऑफ सोशल वर्क की डिग्री के साथ प्रथम श्रेणी वाला ग्रैजुएट सोशल वर्क क्षेत्र में शुरुआती तौर पर 20 से 25 हजार रुपए प्रति माह की सैलरी पा सकता है। अनुभव बढ़ने के साथ-साथ सैलरी भी बढ़ती जाती है। सोशल सेक्टर में बने रहने के लिए आपके मन में समाज परिवर्तन की इच्छा होने के साथ ही समाज कल्याण संबंधी प्रोजेक्ट्स की समझ होनी चाहिए। साथ ही प्रोजेक्ट की मॉनीटरिंग और इवैल्यूएशन अच्छी तरह आना चाहिए।

### डाटा की पहचान में मिलती है मदद

इवैल्यूएशन से डाटा की पहचान में सहायता मिलती है जो रणनीतिक निर्णय लेने में सहायक हो सकता है। इस तरह से यह प्रोजैक्ट्स के विभिन्न पहलुओं जैसे इसकी प्रासंगिकता, प्रभावी होना, निपुणता, प्रभाव तथा सस्टेनेबिल्टी संबंधी समाधान खोजने में सहायता करती है।

### सामाजिक प्रोग्राम या प्रोजेक्स से जुड़ा प्रमुख तत्व

मॉनीटरिंग एंड इवैल्यूएशन किसी भी सामाजिक प्रोग्राम या प्रोजेक्ट से जुड़ा हुआ प्रमुख तत्व है। सोशल सेक्टर में विकासात्मक प्रोजेक्ट्स के लिए एम एंड ई स्टेक होल्डर्स के लिए सस्टेनेबिल्टी तथा सूटेबिल्टी संबंधी एक दृष्टि उपलब्ध करवाती है। सोशल सेक्टर के विकास के साथ ही कई सरकारी सेक्टर तथा गैर-सरकारी सेक्टर्स द्वारा असंख्य स्कीमें शुरू की गई हैं, जिनके लिए मॉनीटरिंग तथा इवैल्यूएशन की प्रक्रिया की विशिष्ट जानकारी की जरूरत होती है।

### योग्यता...

इवैल्यूएशन व मॉनीटरिंग में विशिष्ट ट्रेनिंग उम्मीदवार को सोशल सेक्टर में जॉब प्राप्त करने में सहायक होती है। सोशल सेक्टर ज्वाइन करने के लिए मुख्य योग्यता है किसी भी विषय में ग्रेजुएशन, साथ ही किसी भी विषय में मास्टर्स या मास्टर ऑफ सोशल वर्क। इसके लिए ग्रेजुएशन व सर्टीफिकेट कोर्स सोशल सेक्टर में काम करने के लिए सहायक होता है।

# आलोचना के प्रति रखें सकारात्मक नजरिया

*सृजनात्मक आलोचना, रचनात्मकता, नवाचार और समस्या सुलझाने के लिए अनिवार्य है। चूंकि नेतृत्व में इन तीनों खूबियों की ही जरूरत होती है इसलिए लीडर्स को सिर्फ यही सुनिश्चित नहीं करना चाहिए कि वे आलोचना के प्रति सकारात्मक नजरिया रखें, बल्कि उन्हें सक्रिय रूप से इसकी तलाश भी करनी चाहिए। केवल सामान्य फीडबैक ही न मांगें, बल्कि लोगों-अधीनस्थों, समकक्षों, ग्राहकों से कहें कि वे आपके विचारों तथा नीतियों की कमियां बताएं। दरअसल, आलोचना विचारों को परखने और लोगों व टीमों को जवाबदेह रखने की उपयोगी नीति हो सकती है।*



### घटनाओं पर चिंतन...

गैर शाब्दिक संकेतों पर गौर करें जिनसे पता चल सके कि वक्ता क्या नहीं कह रहा है। अनकही बात भी अक्सर कही गई बात जितनी ही महत्वपूर्ण होती है।

स्वयं के साथ नियमित मीटिंग्स करें ऐसी स्थिति में जब मुश्किल आर्थिक हालात में फंसे हुए हैं तो आप अपने काम को पटरी पर बनाए रखने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए क्या कर सकते हैं? सबसे बेहतर है कि आप खुद के साथ साप्ताहिक मीटिंग करें। आप चाहे जितने व्यस्त हों, यह कोई विलासिता नहीं है। यह तो अनिवार्य है। हर सप्ताह एक घंटे तक एकांत में हाल ही में घटी महत्वपूर्ण घटनाओं पर चिंतन-मनन करें-संघर्ष, असफलताएं, भुनाए गए अवसर, दूसरों के व्यवहार संबंधी अवलोकन, दूसरों से मिला फीडबैक। इस बारे में विचार करें कि आपकी प्रतिक्रिया कैसी थी, क्या अच्छी तरह हुआ, क्या अच्छी तरह नहीं हुआ और भविष्य में क्या ज्यादा कारगर हो सकता है। इस मीटिंग को कभी रद्द न करें-यह बेहद महत्वपूर्ण है।

### बेहतर श्रोता बनने करें प्रयास...

नेतृत्व विशेषज्ञ बरसों से प्रबंधकों को प्रोत्साहित करते आ रहे हैं कि वे अपनी सुनने की क्षमता को बेहतर बनाएं। अच्छी तरह सुनने का मतलब सिर्फ यही नहीं है कि वक्ता यह महसूस करे कि आप उसकी बात सुन रहे हैं और उसका सम्मान कर रहे हैं। इसका अर्थ तो यह सुनिश्चित करना भी है कि आप कही गई बात को पूरी तरह समझ गए हैं। बेहतर श्रोता बनने के तीन सुझाव दिए जा रहे हैं।

### समीक्षा करना भी जरूरी

किसी की बात सुनते समय आगे की सोचें और कल्पना करें कि वक्ता अब क्या कहने जा रहा है। सिर्फ शब्द ही न सुनें, बल्कि निष्कर्षों का अनुमान लगाने की कोशिश भी करें। कुछ देर ठहरें और मन ही मन बिंदुओं की समीक्षा करें।

## रेसिपी



### आम का अचार

#### सामग्री

- 2 कप छिले हुए कच्चे आम , स्ट्रिप्स् में कटे हुए
- 1/2 टी-स्पून हींग
- 1 टी-स्पून हल्दी पाउडर
- 2 टेबल-स्पून भुनी हुई सौंफ
- 2 टेबल-स्पून भुना हुआ जीरा
- 2 टेबल-स्पून लाल मिर्च पाउडर
- 1 टेबल-स्पून नमक
- 3 टेबल-स्पून सरसों का तेल

#### विधि

आम के स्ट्रिप्स और नमक को अच्छी तरह मिला लें। 1 घंटे के लिए रख दें। सारा आम का पानी नीचोड़ कर निकाल लें। आम के स्ट्रिप्स, हींग, हल्दी पाउडर, सौंफ, जीरा, लाल मिर्च पाउडर और सरसों को तेल को अच्छी तरह मिला लें। तुरंत परोसें या फ्रिज में 4 दिनों तक संगह्र करें।



### पनीर स्प्रिंग अनियन पराठा

#### सामग्री

- 1/2 कप कसा हुआ पनीर
- 1/2 कप बारीक कटी हुई हरी प्याज (सफेद भाग और पत्ते)
- 3/4 कप गेहूं का आटा
- 1 टी-स्पून बारीक कटी हुई हरी मिर्च
- नमक और ताजी पीसी हुई कालीमिर्च, स्वादअनुसार
- गेहूं का आटा, बेलने के लिए
- 2 टी-स्पून तेल, पकाने के लिए

#### विधि

सभी सामग्री को एक गहरे बाउल में मिलाकर, जरुरत मात्रा में पानी का प्रयोग कर नरम आटा गूंथ लें। आटे को 8 भाग में बाँट लें। थोड़े सूखे आटे का प्रयोग कर, आटे के प्रत्येक भाग को 125 मिमी के व्यास के गोल आकार में बेल लें। एक नॉन-स्टिक तवा गरम करें और 1/4 टी-स्पून तेल का प्रयोग कर, पराठे के दोनो तरफ सुनहरे दाग पड़ने तक पका लें। और पराठे बना लें। तुरंत परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**